राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, सोमवार 31 अगस्त 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 106 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिला उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान

## सीएम हेमंत सोरेन ने चादरपोशी कर मांगी राज्य की खुशहाली की दुआ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा की मजार पहुंचे। यहां आयोजित 219वें उर्स में शामिल होकर उन्होंने मजार पर चादरपोशी की और राज्य की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा की शिक्षाएं प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारा मजबूत होना जरूरी है। हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने राज्य में सामाजिक सद्भाव और एकजुटता की भावना और मजबूत होने की दुआ भी मांगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उर्स में शामिल सभी अकीदतमंदों और राज्यवासियों को उर्स की शुभकामनाएं दीं।

### आदिवासी एकता महाजुटान रैली में नेताओं ने भरी हुंकार, कहा

# जल, जंगल एवं जमीन पर आदिवासियों का हक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में परिसीमन के बाद जनजातीय समुदाय के लिए लोकसभा एवं विधानसभा की सीटों में कमी की संभावना, जनगणना में अलग सरना धर्म कोड, एमएमडीआर संशोधन बिल, 2026 वापस लेने जैसे मांगों को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा बुलाये गए आदिवासी एकता महाजुटान रैली में संयोजक और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। रांची में हजारों की संख्या में अलग-अलग जिलों से आए जनजातीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने बताया कि ये आरएसएस-बीजेपी वाले झारखंड को नागपुर बनाना चाहते हैं लेकिन यह बिरसा मुंडा की धरती है, यहां अगर हमारा हक अधिकार छीना गया, तो हंम आंख-कान ठीक कर देंगे। बंधु तिर्की ने अपने विरोधियों को संबोधित करते



हुए कहा कि आंख खोल कर देख लो, यह 'ईसाई आदिवासियों' की रैली नहीं बल्कि सभी आदिवासी समाज की रैली है। बंधु तिर्की ने बताया कि केंद्र सरकार को अलग सरना धर्म कोड देना ही होगा और एमएमडीआर संशोधन बिल, 2026 वापस लेना ही होगा। उन्होंने रैली के माध्यम से केंद्र को चेताते हुए बताया कि यदि हमारी सीट घटी तो भाजपा की ईंट से ईंट बजा देंगे। वहीं प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि कांग्रेस शुरू से जनजातीय समुदाय के विचारों का ख्याल रखती रही है। पार्टी नेता कहते हैं कि आदिवासियों का जल, जंगल और जमीन पर हक है और उसी पर हमारे नेता काम कर रहे हैं। कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा कि 2007 में कांग्रेस ने झारखंड में परिसीमन नहीं किया और विधानसभा एवं लोकसभा में आदिवासियों का आरक्षण सुरक्षित रहा लेकिन अब आदिवासियों के हक और अधिकार को दूर करने की कोशिश हो रही है, इसका विरोध हम करेंगे। रैली में पहुंचे कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि इनकी रणनीति देश से आदिवासियों को पतन करने की रही है जबकि हमारे नेता कहते हैं कि यह देश आदिवासियों का है, ऐसे में हमें जागना होगा, परिसीमन से हमारी सीट बढ़ना चाहिए, न की घटना चाहिए। कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने कहा कि इस देश का पहला नागरिक कोई है तो वह आदिवासी है। संसद के अंदर और बाहर राहुल गांधी कह रहे हैं कि आदिवासी, इस देश का मूल निवासी है। झारखंड के जनजातीय समुदाय को जानना होगा कि परिसीमन है क्या और कैसे डिलिमिटेशन से हमारा नुकसान होगा। राजेश कच्छप ने बताया इस लड़ाई को जीतने के लिए हमें एकजुट रहना होगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आज की तारीख में आरएसएस और बीजेपी वाले आदिवासियों को हटाने और भगाने का काम कर रहे हैं। आदिवासी संगठनों द्वारा रैली में मध्य प्रदेश के झाबुआ विधानसभा से विधायक और आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने आदिवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि के रूप में शामिल झामुमो विधायक विकास सिंह मुंडा ने कहा कि आज का दिन आदिवासी समाज के लिए बड़ा दिन है। 2007 में भी इसी तरह आपसी एकता से परिसीमन रोका था लेकिन आज 28 विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति आरक्षित है और अब इसे बढ़ाने की लड़ाई है। झामुमो सांसद ने कहा कि असम में परिसीमन से आदिवासियों को नुकसान पहुंचा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया। हादसे में हाइवा की चपेट में आने से कालेश्वर कुमार (सिमरिया, चतरा) की मौके पर ही मौत हो गयी। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

### दुकान में आग लगने से लाखों का सामान राख

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** वासेपुर आरा मोड़ के पास शनिवार देर रात फल और ड्राईफ्रूट की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पास की दूसरी दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। अग्निकांड में दोनों दुकानों में रखा फल, ड्राईफ्रूट समेत करीब पांच लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है।

### दोस्त की हत्या कर फेंका शव

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय संदीप ठाकुर उर्फ पापुन के लापता होने के मामले में पुलिस ने हत्या का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने कोले गांव निवासी सन्नी गंझू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने आपसी रंजिश के कारण संदीप की गोली मारकर हत्या करने और शव को दामोदर नदी में फेंकने की बात स्वीकार की है।

### युवक का गला रेता, गंभीर

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बलियापुर थाना क्षेत्र स्थित हटिया में बाइक सवार अज्ञात लोगों ने बेड़ा गांव निवासी गुलजार खान पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में गुलजार के गले पर गंभीर चोट लगी जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल एसएनएमएमसीएच ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

### चार बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जमुआ टोला माधेकचहरी निवासी 40 वर्षीय प्रमोद रजवार ने शनिवार रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के चार बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और दो बेटियां हैं। रविवार सुबह परिजनों ने घर के अंदर उन्हें फंदे से लटका देखा। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

## शौचालय टैंक में डूबने से दो बच्चों की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भरनो थाना अंतर्गत लोंगा गांव में पानी से भरे शौचालय टैंक में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 9 वर्षीय अरमान अंसारी और 5 वर्षीय जैद अंसारी के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि परिजन घर के पास ही शौचालय टैंक बनवा रहे थे जिसे खुला छोड़ रखा था। लगातार बारिश के कारण टैंक में पानी भर गया। इसी बीच दोनों बच्चे अपने घर के पास खेल रहे थे। खेलते-खेलते दोनों बच्चे घर के पास बने शौचालय टैंक के पास पहुंच गए और दोनों डूब गए जिससे दोनों की मौत हो गई। काफी देर तक जब दोनों बच्चे घर के आसपास नजर नहीं आए तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान टैंक के पास दोनों बच्चों की चप्पल दिखाई दी। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने टैंक के अंदर तलाश की तो दोनों बच्चों के शव बरामद किए गए। दोनों मासूमों के शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में मातम छा गया। घटना को लेकर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि परिजनों के अनुसार पानी में डूबने से मौत बताया गया है लेकिन पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम होने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## आरक्षण सुधार आंदोलन ने उठाई व्यवस्था में बदलाव की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** आरक्षण व्यवस्था को लेकर झारखंड में आरक्षण सुधार आंदोलन ने पांच प्रमुख मांगें उठाई हैं। आंदोलनकारियों की ओर से कहा गया है कि इसका मकसद किसी जाति या समुदाय के अधिकार को खत्म करना नहीं बल्कि आरक्षण और सामाजिक न्याय की व्यवस्था को ज्यादा पारदर्शी और जरूरतमंद लोगों के लिए प्रभावी बनाना है। आंदोलनकारियों का कहना है कि विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति के आधार पर किसी भी विद्यार्थी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। शिकायत मिलने पर जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया भी निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। इसके अलावा एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के दुरुपयोग को रोकने के लिए जरूरी संशोधन की मांग की गई है। आंदोलनकारियों का कहना है कि वास्तविक पीड़ितों को कानून का पूरा संरक्षण मिलना चाहिए लेकिन झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायतों के मामलों में भी निष्पक्ष जांच और कानूनी





प्रक्रिया सुनिश्चित होनी चाहिए। आंदोलनकारियों ने उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में मेरिट की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया है। प्रक्रिया और सीट आवंटन के नियमों को पारदर्शी बनाने की मांग की गई। आंदोलनकारियों का कहना है कि आरक्षण के साथ मेहनत, योग्यता और शैक्षणिक गुणवत्ता को भी उचित महत्व मिलना चाहिए। आंदोलनकारियों का तर्क है कि आरक्षण का लाभ समाज के सबसे जरूरतमंद और वंचित लोगों तक भी प्रभावी तरीके से पहुंचना चाहिए। इसके साथ ही 'एक परिवार-एक आरक्षण-एक बार' की नीति पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा की मांग की गई। आंदोलनकारियों का कहना है कि आरक्षण का लाभ लगातार कुछ परिवारों तक सीमित न रहे और ऐसे परिवारों को भी मौका मिले जिन्हें अब तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है। आरक्षण सुधार आंदोलन के सुमित दुबे ने कहा कि हमारी मांग किसी का अधिकार छीनने की नहीं है। हम चाहते हैं कि आरक्षण व्यवस्था का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे।

## बटाने नदी से औरंगाबाद के युवक का शव बरामद

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र में बटाने नदी पर बने बेलघाटी नदी पर बने पुल के पास शनिवार शाम तीन युवक डूब गए थे। रविवार को पुलिस ने पुल के पास से एक युवक का शव बरामद किया जबकि शनिवार को ही एक युवक को नदी से बाहर निकल गया था, जो बेहोशी की हालत में था। दरअसल बिहार के औरंगाबाद के मिनी बिगहा गांव के रहने वाले राजेंद्र साव, रितिक और टेनी नामक युवक पिकनिक मनाने के लिए हरिहरगंज में बटाने नदी पहुंचे थे। पिकनिक मनाने के दौरान तीनों युवक नदी में नहाने के लिए उतरे थे और डूब गए। घटना के कुछ ही देर बाद स्थानीय लोग वहां पहुंचे और खोजबीन शुरू की जिसमें से बेहोशी की हालत में राजेंद्र साव नामक युवक को बाहर निकाला गया। इसके बाद राजेंद्र साव ने पुलिस को अपने दोनों साथियों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की और रविवार को घटनास्थल के पास ही एक पत्थर से लगे हुए रितिक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरिहरगंज थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि रितिक का शव बरामद किया गया है। तीसरे युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ को पत्र लिखा गया है और ग्रामीणों के सहयोग से सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

## वित्तीय गड़बड़ी को लेकर हाईकोर्ट में पीआईएल दायर करेंगे नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के छात्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी में कथित वित्तीय गड़बड़ी के मामले में छात्र हाईकोर्ट में पीआईएल दायर करेंगे। छात्र संगठन ऑल पलामू स्टूडेंट यूनियन और एनएसयूआई पिछले तीन दिनों से यूनिवर्सिटी में हुई कथित वित्तीय गड़बड़ी को लेकर मुखर हैं। छात्र संगठन ने सूचना के अधिकार कानून के तहत यूनिवर्सिटी की ऑडिट रिपोर्ट निकाली है। इस ऑडिट रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार अब तक यूनिवर्सिटी में एसी और मोबाइल की खरीद, गोपनीय छपाई से लेकर वित्तीय गड़बड़ी की जानकारी छात्र संगठनों से जुड़े सदस्यों ने प्रेस वार्ता कर मीडिया को उपलब्ध कराई है। अब छात्र यूनिवर्सिटी में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर हाईकोर्ट में पीआईएल दायर करने की तैयारी में हैं। इस संबंध में ऑल पलामू स्टूडेंट यूनियन (आपसू) के राहुल दुबे ने बताया कि छात्र यूनिवर्सिटी में हुई वित्तीय गड़बड़ी के मामले में पीआईएल दायर करेंगे। ऑडिट रिपोर्ट में कई गड़बड़ियों का जिक्र है। रिपोर्ट में साफ तौर पर लिखा गया कि सभी राशि वसूलने योग्य हैं। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर छात्र अब चुप नहीं बैठने वाले हैं। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। सभी बिंदुओं का ध्यान में रखकर पीआईएल दायर करने का निर्णय लिया गया है। नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी को लेकर छात्र पिछले तीन दिनों से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं और प्रतिदिन एक वित्तीय गड़बड़ी की जानकारी मीडिया के समक्ष रख रहे हैं। यह यूनिवर्सिटी झारखंड का एक महत्वपूर्ण यूनिवर्सिटी है जिसमें पलामू, गढ़वा और लातेहार के हजारों छात्र पढ़ाई करते हैं।

## तेज रफ्तार ट्रक ने दो लोगों को कुचला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बुंडू ओवरब्रिज के पास शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। जमशेदपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बुंडू टोल प्लाजा पर करीब ढाई घंटे तक सड़क जाम कर दी। बुंडू के डीएसपी ओमप्रकाश ने कहा कि गुस्साए लोगों को समझाने और बातचीत के बाद रात करीब साढ़े 11 बजे जाम हटाया गया। प्रशासन ने परिवार को सभी सरकारी सहायता उपलब्ध करने का भरोसा दिलाया है। बताया जा रहा है कि बुंडू के बाजार टांड़ निवासी अमित साहू अपने ड्राइवर दिलीप मुंडा के साथ ओवरब्रिज के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ी के पास बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान जमशेदपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चुतरू गांव के रहने वाले दिलीप मुंडा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अमित साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके पर रुकने के बजाय वाहन लेकर आगे निकल गया। स्थानीय लोगों ने ट्रक का पीछा किया और बुंडू टोल प्लाजा के पास उसे पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने चालक के नशे में होने का आरोप भी लगाया है। हालांकि पुलिस की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सूचना मिलने पर बुंडू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दिलीप मुंडा के शव को कब्जे में लेकर थाना भेज दिया। दूसरी तरफ गंभीर रूप से घायल अमित साहू को बुंडू अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए रांची रेफर कर दिया लेकिन रांची ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस तरह इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अमित साहू की मौत की जानकारी मिलते ही उनके परिजन और स्थानीय ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए। रात करीब नौ बजे बड़ी संख्या में लोग बुंडू टोल प्लाजा पहुंच गए और सड़क जाम कर दिया। जाम की वजह से टोल प्लाजा पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। ग्रामीण मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे समेत अपनी मांगों को लेकर सड़क पर बैठे रहे। मृतक के भाई समेत अन्य परिजन भी मौके पर मौजूद थे। जाम की सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत शुरू की। अधिकारियों ने लोगों को समझाने और उनकी मांगों पर बातचीत के जरिए सहमति बनाने की कोशिश की। करीब ढाई घंटे तक चली बातचीत के बाद रात साढ़े 11 बजे ग्रामीणों ने जाम हटा लिया।


## मूसलाधार बारिश से सड़क-पुल बहे

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तेज बारिश के कारण कई सड़कों को नुकसान पहुंचा है। पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हो गये हैं और नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से कई इलाकों में आवागमन प्रभावित हुआ है। छिपादोहर थाना क्षेत्र की चुंगरू पंचायत में शनिवार देर रात तेज बारिश के कारण मुख्य सड़क का एक बड़ा हिस्सा मिट्टी के कटाव के चलते बह गया। सड़क क्षतिग्रस्त होने से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन ठप हो गया है। इससे चुंगरू पंचायत के करीब आधा दर्जन गांवों की 10 हजार से अधिक आबादी प्रभावित हुई है। ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क लगभग कट गया है। लाभर से नावाडीह तक बनी यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2024 में तैयार की गयी थी।

## नक्सलियों की तर्ज पर कैदियों का पुनर्वास, जेल में रहेंगे फैमिली के साथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को लंबे समय से ओपन जेल में परिवार के साथ रहने का अवसर मिलता रहा है। अब यह व्यवस्था एक कदम आगे बढ़ने वाली है। जेल में अच्छा आचरण करने वाले अन्य बंदियों को भी परिवार के साथ रहने और सुबह 10 से शाम 6 बजे तक जेल से बाहर निकलकर नौकरी करने की अनुमति मिल सकेगी। जेल अब सिर्फ सजा काटने की जगह नहीं रह जाएगी। यह बंदियों को दोबारा सामान्य जिंदगी से जोड़ने का माध्यम भी बनेगी। झारखंड में अच्छे आचरण वाले और सुधार की दिशा में आगे बढ़ चुके बंदियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए ओपन और सेमी-ओपन जेल की व्यवस्था को विस्तार देने की तैयारी चल रही है। खासकर आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की तर्ज पर बेहतर आचरण वाले बंदियों को भी इसका लाभ मिलेगा। जेल आइजी सुदर्शन मंडल ने बताया कि ओपन करेक्शनल इंस्टीट्यूट का मूल उद्देश्य बंदियों को सजा के साथ-साथ सामान्य जीवन जीने का अवसर देना है। ऐसे बंदी, जिन्होंने जेल में रहते हुए अपने आचरण में सुधार किया है और निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं, उन्हें नियंत्रित परिस्थितियों में जेल से बाहर जाकर काम करने और अपनी आजीविका कमाने का मौका दिया जा सकता है। इतना ही नहीं ओपन करेक्शनल इंस्टीट्यूट में पात्र बंदी अपने परिवार के साथ भी रह सकते हैं। जेल आइजी के अनुसार ओपन जेल की अवधारणा देश में नई नहीं है। करीब पांच दशक से भी पहले राजस्थान के जयपुर के सांगानेर में देश का पहला ओपन जेल शुरू किया गया था। इसी तरह की अवधारणा पर झारखंड में भी पहले नक्सल प्रिजन की स्थापना की गई थी। बाद में वर्ष 2018 में इसे सरेंडर नक्सल जेल के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। अब इसी सुधारात्मक सोच को व्यापक स्तर पर लागू करने की तैयारी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ओपन करेक्शनल इंस्टीट्यूट विकसित करने पर जोर दिया गया है। जहां पूर्ण ओपन करेक्शनल इंस्टीट्यूट उपलब्ध नहीं है वहां ओपन या सेमी-ओपन बैरक विकसित करने की व्यवस्था की जा सकती है। जेल आइजी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आलोक में झारखंड सरकार ने राज्य की चार केंद्रीय जेलों में ओपन या सेमी-ओपन बैरक शुरू करने का प्रस्ताव भेजा है। इन जेलों में मौजूदा व्यवस्था में आवश्यक बदलाव कर ऐसे बंदियों के लिए अलग व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसका मकसद यह है कि जिन बंदियों में सुधार हो चुका है और जो जेल से बाहर जाकर जिम्मेदारी के साथ काम करने में सक्षम हैं उन्हें धीरे-धीरे सामान्य सामाजिक जीवन के लिए तैयार किया जा सके। ओपन करेक्शनल व्यवस्था में पात्र बंदियों को निर्धारित शर्तों के साथ दिन में जेल से बाहर जाकर काम करने की अनुमति मिलेगी। ऐसे बंदी सुबह करीब छह बजे जेल से निकलकर रोजगार या अन्य काम कर सकेंगे और शाम छह से सात बजे के आसपास वापस संस्थान में लौटेंगे। इस दौरान उन्हें अपनी आजीविका कमाने के साथ-साथ कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा।




C M Y K

# एनसीसी कैडेटों ने हजारीबाग में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** 22 झारखंड बटालियन एनसीसी, हजारीबाग के कैडेटों ने आज भारत के महान हॉकी दिग्गज मेजर ध्यानचंद की 121वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष के राष्ट्रीय नारे "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत " के तहत, बटालियन ने "एक घंटा खेल के मैदान में" नामक एक विशेष खेल पहल का आयोजन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, जिन्हें "हॉकी का जादूगर" के नाम से जाना जाता है, को श्रद्धांजलि अर्पित करना और युवाओं के बीच शारीरिक फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता और सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देना था। उत्सव के हिस्से के रूप में कैडेटों को शारीरिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शैक्षणिक संस्थानों में निरंतर खेल भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कैडेटों के बीच बटालियन द्वारा फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन रैकेट, हॉकी स्टिक, हैंडबॉल, स्किपिंग रोप, फ्लाइंग डिस्क, कैरम बोर्ड सेट और शतरंज बोर्ड सेट जैसे आवश्यक खेल सामग्रियों का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में सूबेदार मेजर यदुविंदर सिंह, ए.एन.ओ. (अठड) फर्स्ट ऑफिसर सुनील कुमार जैन, सेकेंड ऑफिसर अरिंदम पट्टनायक, सेकेंड ऑफिसर शक्ति कुमार, सेकेंड ऑफिसर अमित राम, पी.आई. स्टाफ, जी.सी.आई. कुसुम कुमारी और लगभग 550 कैडेट शामिल हुए। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रवींद्र कुमार रवि ने इस बात पर जोर दिया कि खेल चरित्र, अनुशासन और एकता का निर्माण करते हैं जो कि एनसीसी के मूल मंत्र हैं। कार्यक्रम का समापन कैडेटों द्वारा भारत को अधिक स्वस्थ और तंदुरुस्त बनाने के लिए अपनी दिनचर्या में दैनिक शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, हजारीबाग की जूनियर विंग कैडेट प्रगति ने इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया।




## जमीन विवाद से सड़क निर्माण अटका, ग्रामीणों ने चंदा कर बनाया रास्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी के कालेश्वरी बागी (बड़काआम) जाने वाले मार्ग के करीब 500 मीटर हिस्से में जमीन विवाद के कारण पक्की सड़क का निर्माण वर्षों से अटका है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने उप प्रमुख अमेरिका महतो और पूर्व मुखिया तापेश्वर साव की मौजूदगी में आपस में चंदा जुटाकर सड़क पर मोरम, बजरी और बोल्डर डालकर रास्ते की मरम्मत कराई। ग्रामीणों ने प्रशासन से जमीन विवाद का समाधान कर उक्त हिस्से में जल्द पक्की सड़क बनवाने की मांग की है। इस कार्य में महावीर राम, बलराज भुइयां, सुगदेव यादव, फूलदेव भुइयां, संतोष भुइयां, रंजीत भुइयां, मनीष कुमार, नारायण भुइयां, प्रदीप भुइयां, नकुल भुइयां, संजय भुइयां समेत कई ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## मतदाता सूची से जोड़ने के कार्य में तेजी लाएं : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को नए एवं युवा पात्र भारतीय नागरिकों को फॉर्म-6 एवं निर्धारित घोषणा-पत्र के माध्यम से मतदाता सूची में शामिल करने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 5 अगस्त 2026 को मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन के उपरांत नए पात्र मतदाताओं से फॉर्म-6 एवं निर्धारित घोषणा-पत्र के माध्यम से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए इस तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अथवा पूर्ण करने वाले सभी पात्र भारतीय नागरिकों का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाना है। एसआईआर में नए मतदाताओं को फॉर्म-6 के माध्यम से जोड़ने के लिए 15 सितम्बर 2026 तक ही आवेदन प्राप्त किए जा सकते हैं। विधानसभा आम चुनाव 2024 से अब तक लगभग दो वर्ष की अवधि और राज्य में प्रतिवर्ष करीब 4 प्रतिशत मतदाताओं के वृद्धि दर को देखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र पर औसतन लगभग 60 फॉर्म-6 प्राप्त होने का अनुमान है। ऐसे में नए पात्र मतदाताओं को जोड़ने के कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता गंभीर विषय है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रवार फॉर्म-6 की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि उपलब्ध जिलेवार विवरण में कुल 6,722 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां एक भी फॉर्म-6 प्राप्त नहीं हुआ है। इनमें रांची में सर्वाधिक 1,209, पलामू में 592, हजारीबाग में 572, गिरिडीह में 416 तथा धनबाद में 392 मतदान केंद्र हैं। वहीं मात्र 1 से 5 फॉर्म-6 प्राप्त होने वाले मतदान केंद्रों की संख्या धनबाद में 1,243, गिरिडीह में 1,072, रांची में 981, पलामू में 936 तथा हजारीबाग में 814 है। श्री के. रवि कुमार ने इन जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को स्थिति का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित मतदान केंद्रों की विशेष समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बीएलओ हाउस-टू-होल्ड सत्यापन के दौरान घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई नया अथवा युवा पात्र भारतीय नागरिक पंजीकरण से छूटा न हो। पात्र नागरिकों से फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र प्राप्त कर उसका समयबद्ध डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। स्कूलों-कॉलेजों में भी विशेष अभियान चलाकर पात्र युवाओं को एक्सएल्ड के माध्यम से आवेदन के लिए प्रेरित किया जाए। श्री के. रवि कुमार ने निर्देश दिया कि प्राप्त सभी फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र का समयबद्ध डिजिटाइजेशन एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी इसकी लगातार विशेष समीक्षा करें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ने के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत तैयार मतदाता सूची में पंजीकरण भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इससे संबंधित अभिलेखों का परमानेंट डॉक्यूमेंट के रूप में संधारण किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर गिरिडीह में तीन दिवसीय खेल आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के अवसर पर गिरिडीह में 28 से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल आयोजन किया गया। रविवार को इ्याएक घंटा खेल के नामह्न कार्यक्रम के तहत गिरिडीह स्टेडियम में अंडर-14 व अंडर-17 फुटबॉल तथा इंडोर स्टेडियम में अंडर-13 व अंडर-15 डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई। फुटबॉल के अंडर-14 वर्ग में अंबेडकर क्लब जोरबाद विजेता और खेलो इंडिया ट्रेनिंग सेंटर जमुआ उपविजेता रहा। अंडर-17 में स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर फुटबॉल बॉयज गिरिडीह ने खिताब जीता, जबकि डीएमएस डोमासिंगा उपविजेता बना। बैडमिंटन अंडर-13 बालक डबल्स में आर्यन यादव-अक्षत गुप्ता और बालिका डबल्स में आकांक्षा कुमारी-श्रेया कुमारी की जोड़ी विजेता रही। अंडर-15 बालक डबल्स में वैभव कृष्ण-सक्षम लहेरी तथा बालिका डबल्स में साक्षी पांडेय-शिवांशी कुमारी ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के अंतिम दिन 30 अगस्त को वॉकाथॉन का आयोजन भी किया गया।



### एक तरफ वन महोत्सव, दूसरी तरफ हाथियों का आतंक; किसानों की फसलें हो रहीं बर्बाद

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एक ओर वन विभाग 77वां वन महोत्सव मनाकर पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण का संदेश दे रहा है, वहीं दूसरी ओर बगोदर क्षेत्र में करीब 25 हाथियों के झुंड ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। पिछले करीब 15 दिनों से हाथियों का झुंड क्षेत्र में लगातार विचरण कर रहा है और खेतों में लगी फसलों को रौंदकर बर्बाद कर रहा है। हाथियों के आतंक से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। बताया जाता है कि बगोदर प्रखंड के तीनों जोन में हाथियों का झुंड घूम रहा है। अटका से लेकर बेको तक हाथियों ने कई किसानों की फसलों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया है। शनिवार की रात भी हाथियों के झुंड ने विभिन्न इलाकों में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान दर्जनों किसानों की खेतों में लगी फसलें बर्बाद हो गईं।हाथियों ने भोला महतो के मिट्टी के मकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में रखे चावल, मडुआ समेत अन्य अनाज को हाथियों ने खा लिया। वहीं पड़रिया क्षेत्र में भी हाथियों का झुंड धान के खेतों में घुस गया और काफी फसल को नुकसान पहुंचाया। लगातार हो रहे नुकसान से किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के लगातार क्षेत्र में बने रहने के बावजूद वन विभाग की ओर से उन्हें सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने के लिए अब तक ठोस पहल नहीं की गई है।



### भाकपा माले के साथी संजय यादव के निधन पर शोक, कार्यकर्ताओं में शोक की लहर

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले गिरिडीह के साथी संजय यादव का सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन अत्यंत दुःखद एवं मर्माहत करने वाली घटना है। उनके निधन से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में शोक की लहर है। पार्टी के साथियों ने दिवंगत संजय यादव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति दें।



### शिक्षा दान करनेवाला प्रत्येक व्यक्ति गुरु है : न्यायमूर्ति

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** परिभाषाएँ भले बदल गयी हों, किंतु शिक्षा का महान दान करने वाला प्रत्येक गुणी व्यक्ति 'गुरु' ही है। गुरुजन ही समाज के निमार्ता होते हैं। उनका सम्मान ईश्वर का सम्मान है। यह बातें वैशाली अंतर्राष्ट्रीय विद्यापीठ द्वारा सिमेज, पटना के प्रांगण में आयोजित गुरु-सम्मान-समारोह-२०२६ का उद्घाटन करते हुए, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मांधाता सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि हमारी ज्ञान परंपरा में किसी के भी अधिकार का हनन'पीड़ा देना' है , जिसे पाप कहा गया है। पुराणों का सार यह है कि 'परोपकाराय पुण्याय, पापाय परपीडनम्'' यही ज्ञान और मानवाधिकार की रक्षा का सूत्र है। समारोह के मुख्यअतिथि और सुप्रसिद्ध गणितज्ञ प्रो के सी सिंहा ने कहा कि भारत इसलिए विश्व गुरु था कि हम शिक्षा-दान करने में सक्षम थे। यहाँ नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालय थे। दुनिया भर से विद्यार्थी यहाँ ज्ञानार्जन के लिए आते थे। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक समाज का निर्माण भी कर सकता है और विनाश भी। इसलिए शिक्षकों का महत्त्व सदैव रहा है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि जब समाज में पतन दिखायी दे, तो समझना चाहिए कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में दोष आया है। हम उपदेशक तो हो गए हैं, पर हमारे आचरण शुद्ध नहीं है। शिक्षकों के प्रति आज के विद्यार्थियों में अश्रद्धा आकारण नहीं है। हमें सचेत और सतर्क हो जाना चाहिए। यदि हम भारत को पुनः विश्व-गुरु के रूप में देखना चाहते हैं, तो हमें अपने ऋषि-आचार्यों की तरह साधना और आचरण को जीवन में उतारना होगा।



## 10 किलो 100 ग्राम अफीम के साथ अफीम तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** हथिया बाबा मंदिर के समीप अफीम तस्करों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ के मामले में चौपारण पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चतरा और बिहार के गया जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान करीब 10 किलो 100 ग्राम अफीम और अफीम कट के अलावा हथियार, कारतूस, वाहन और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश हर्ष राज उर्फ ऋतिक कुमार, पिता राजकुमार दांगी, निवासी चतरा तथा सोनू कुमार, पिता संजय कुमार पाली, ग्राम काहूदाग, थाना बाराचट्टी, जिला गया के रूप में हुई है। वहीं मुठभेड़ में घायल अजय कुमार सिंह, पिता मुनेश सिंह साव, निवासी ग्राम चापी, थाना बाराचट्टी, जिला गया को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। पुलिस ने मौके से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया है। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त एक फ्रॉन्क्स कार, बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल तथा तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में की गई। मुठभेड़ के बाद दो तस्करों की गिरफ्तारी और भारी मात्रा में अफीम की बरामदगी को चौपारण पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर अफीम तस्करी के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। जांच के दौरान यह भी पता लगाया जा रहा है कि बरामद अफीम कहां से लाई गई थी, इसके सप्लायर कौन हैं और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका क्या है।



## भाड़ा तय किए बिना कोल ट्रांसपोर्टिंग शुरू कराने के प्रयास पर भड़के ग्रामीण, परिवहन ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** एनटीपीसी कोल खनन परियोजना के पांडू क्षेत्र से कोयला परिवहन कर रही जय नंदिनी कंपनी के खिलाफ विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। ग्रामीणों ने कंपनी की मनमानी का आरोप लगाते हुए कोल ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप करा दी। ग्रामीणों और स्थानीय वाहन मालिकों का आरोप है कि ट्रांसपोर्टर द्वारा बिना किसी वार्ता और भाड़ा तय किए ही कोल परिवहन का कार्य शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय वाहन मालिकों और रैयतों के हितों को दरकिनार कर ताकत के बल पर काम शुरू कराने की कोशिश स्वीकार नहीं की जाएगी। घटना के बाद प्रभावित ग्रामीणों एवं वाहन मालिकों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक संबंधित पक्ष के साथ वार्ता कर परिवहन भाड़ा एवं स्थानीय लोगों की मांगों पर सहमति नहीं बनती, तब तक कोल परिवहन शुरू नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर वार्ता के माध्यम से विवाद का समाधान कराने की मांग की है।

## रफी साहब की 46वीं पुण्यतिथि पर सजी संगीतमय शाम, सदाबहार गीतों से गूंजा गिरिडीह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** एकता कल्चरल फाउंडेशन की ओर से महान पार्श्वगायक मोहम्मद रफी की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 46वां संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों ने रफी साहब के सदाबहार गीतों का आनंद लेते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। फाउंडेशन के सदस्य उदय सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य संगीत और कला को बढ़ावा देना है। संगीत मनोरंजन के साथ-साथ समाज में प्रेम, भाईचारा और सौहार्द बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं मंच संचालक बब्लू सानु ने रफी साहब के कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। वहीं महासचिव पंकज शर्मा की शानदार गायकी को भी दर्शकों ने खूब सराहा।मौके पर पावन शर्मा, गोलडू खान, इकबाल अहमद, मासूम अली खान, टिंकू खान, सुरेंद्र दास, नदीम, टारजन और नारायण दास सहित कई संगीत प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने रफी साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अमर गीतों और संगीत विरासत को जीवंत रखने का संकल्प लिया




## एसआइआर को लेकर कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** स्थानीय परिसदन में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केड़िया की अध्यक्षता में एसआईआर को लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त मास्टर ट्रेनर मदशर खान ने जिला एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों और प्रभारियों को एसआईआर की प्रक्रिया की जानकारी दी। शिविर में निर्देश दिया गया कि जिन मतदाताओं को नोटिस प्राप्त हुआ है, उनकी मदद की जाए। वहीं, जिन मतदाताओं के नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाए हैं या जिन्हें नोटिस नहीं मिल सका है, उन्हें भी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। बीएलए-2 को अपने-अपने बूथों पर ऐसे मतदाताओं की जानकारी जुटाने को कहा गया, जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पा रहे हैं। नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6 भरवाने के साथ जन्मतिथि, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में भी सहयोग करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सभी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों ने मास्टर ट्रेनर मदशर खान का स्वागत किया। कार्यक्रम में अनूप लाल यादव, राजेश तुरी, अभिनंदन प्रताप सिंह, मोहम्मद अली खान, अशोक विश्वकर्मा, नागेश्वर मंडल, मनोज कुमार राय, धनंजय गोस्वामी, इतवारी वर्मा, अमीन अकेला, बिलाल अहमद हुसैनी, मोतीलाल पांडे, गुलाम सरवर, रणधीर कुमार चौधरी, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद सरफराज अंसारी, मोहम्मद निजामुद्दीन, मोहम्मद सोहेल समेत कई प्रखंडों के प्रभारी मौजूद रहे।




## दारू प्रखंड के रामदेव खरिका में सांसद खेल महोत्सव का आगाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** सांसद खेल महोत्सव के तहत दारू प्रखंड अंतर्गत रामदेव खरिका फुटबॉल मैदान में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ रविवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने किया। टूर्नामेंट में कुल 19 टीमों ने भाग लिया, जिससे खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल को अनुशासन, टीम भावना और प्रतिभा निखारने का बेहतर माध्यम बताया। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में दारू मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, टाटीझरिया मंडल अध्यक्ष कैलाश पति सिंह, दारू मंडल महा मंत्री इंद्रदेव कुशवाहा, दारू मंडल उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, मंत्री विवेक कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, किसान मोर्चा अध्यक्ष किशुन प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास यादव, रंजनीकांत चौधरी, परमेश्वर यादव, महेंद्र राम प्रसाद, आलोक राज, सुधीर कुमार, गोपाल प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा खेल प्रभारी लोकसभा बंटी तिवारी, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग विधानसभा किशोरी राणा, सांसद प्रतिनिधि सदर पूर्वी कृष्णा मेहता, सांसद प्रतिनिधि नगर पश्चिमी लब्बू गुप्ता, विशेषांक वर्मा, सांसद प्रतिनिधि टाटीझरिया संतोष मंडल तथा जिला परिषद सदस्या दारू गीता देवी की भी उपस्थिति रही। टूर्नामेंट के शुभारंभ के साथ रामदेव खरिका मैदान में खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ खेल भावना का परिचय दिया।



## लूंदरू में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का कार्यक्रम संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ईचाक (हजारीबाग)।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में क्षेत्र के लूंदरू में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती और आपसी एकजुटता पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी पांडेय, प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय पाण्डेय और प्रदेश संरक्षक मुन्नीलाल पांडेय, बलवंत पांडेय तथा आचार्य सत्येंद्र पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। मंच का कुशल संचालन सत्येंद्र शास्त्री शांडिल्य ने किया। इस अवसर पर इचाक प्रखंड अध्यक्ष गोपाल पांडेय, सचिव गणेश पांडेय, कोषाध्यक्ष सुभम पांडेय,संरक्षक राजेंद्र पांडेय, गिरजा पांडेय, कृष्णा पांडेय,सहित समाज के कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भर से आए अतिथियों और स्थानीय पदाधिकारियों ने समाज के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजन में उपेंद्र पांडेय, रोहित पांडेय, प्रदीप पांडेय,अंगद पांडेय, रणधीर पांडेय, सुनील पांडेय, अनंत पांडेय के अलावा प्रदेश संरक्षक सह टाटीझरिया प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर मिश्रा,प्रदेश मिडिया प्रभारी संदीप पांडेय,विजय पांडेय, कामेश्वर पांडेय, गिरजा पांडेय, राजेंद्र पांडेय, प्रकाश पांडेय,पंकज, भोला, कैलाश, गणेश, नरसिंग, कृष्णा, मुरली, उपेंद्र, सूरज, अनिल, बंशी, राजेन्द्र, नितेश पांडेय,प्रकाश पांडेय, प्रदीप पांडेय, छोटन पांडेय, अशोक पांडेय सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



## लव-कुश जयंती पर गिरिडीह में निकली शोभायात्रा, नारी सम्मान का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** लव-कुश जयंती के अवसर पर कुशवाहा संघ की ओर से रविवार को गिरिडीह में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। झंडा मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए रीतलाल प्रसाद वर्मा चौक पहुंची। यहां समाज के लोगों ने रीतलाल प्रसाद वर्मा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोभायात्रा के दौरान ह्यनारी को सम्मान दोह्न और ह्यनारी शक्तिह्न जैसे नारों से शहर गूंजता रहा। समाज के लोगों ने सामाजिक एकता, महिला सम्मान और समाज के उत्थान का संदेश दिया। इसके बाद शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए कुशवाहा छात्रावास, सिहोडीह के लिए रवाना हुई। समारोह की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष इंद्र नारायण प्रसाद ने की, जबकि मंच संचालन कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी और विशिष्ट अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य नरेश वर्मा मौजूद रहे। मौके पर दिगंबर प्रसाद, दिवाकर, इंजीनियर विनय सिंह, कालेश्वर वर्मा, मनोज वर्मा, मनीष वर्मा समेत कुशवाहा समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




# चार युवकों की मौत से कोहराम

## नशीला पदार्थ सेवन की आशंका ☐ तरह-तरह के लग रहे कयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना गांव में चार युवकों के नशीले पदार्थ के सेवन से गंभीर रूप से बीमार होने के बाद पटना में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चारों युवक गांव के पास एक साथ बैठे थे। इसी दौरान उन्होंने किसी नशीले पदार्थ का सेवन किया, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई।

ग्रामीणों ने चारों को गंभीर हालत में बाढ़ के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उन्हें अनुमंडल अस्पताल, बाढ़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया



गया था। चारों युवकों के मुंह से झाग निकल रहा था। लेकिन कुछ ही देर बाद चारों की मौत की खबर आ गई। सूत्रों के अनुसार, चारों युवक एक साथ बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। चारों युवकों की पहचान बेढ़ना गांव निवासी शशि कुमार (32), पिता रामाकांत कुमार, विकास राम (40), पिता बिरजू राम, पंकज सिंह (45), पिता नंदे सिंह और निशु कुमार (30), पिता राजू सिंह के रूप में हुई है।

सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्रेया शेखर ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार चारों युवक कहीं बैठकर एक साथ शराब या किसी नशीले पदार्थ का सेवन कर रहे थे। उसमें क्या मिलावट थी, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि पहले तीन युवकों को अस्पताल लाया गया था, जिनके मुंह से झाग निकल रहा था। इसके बाद चौथे युवक को अस्पताल लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद चारों को पटना रेफर कर दिया गया था। लेकिन इन युवकों की जान नहीं बच सकी।

## दो बहनों को सर्प ने डंसा, एक की मौत

आरा। थाना क्षेत्र के रमदतही गांव में रक्षाबंधन की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब घर में सो रही दो सगी बहनों को जहरीले सांप ने डस लिया। हादसे में छोटी बहन खुशबू कुमारी (20) की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, बड़ी बहन कांति देवी (26) की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज प्रतापसागर स्थित अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि स्वर्गीय शंभू ठाकुर की पुत्रियां खुशबू कुमारी और कांति देवी रात करीब एक बजे घर के अंदर सो रही थीं। इसी दौरान जहरीले सांप ने दोनों को डस लिया। सांप के डंसने की जानकारी मिलते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में दोनों बहनों को प्रतापसागर स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां खुशबू ने दम तोड़ दिया। कांति देवी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

कांति देवी विवाहित हैं और रक्षाबंधन का त्योहार मनाने हाल ही में अपने मायके रमदतही आई थीं। परिवार के लिए त्योहार की खुशियां कुछ ही घंटों में चीख-पुकार और मातम में बदल गईं।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले अभ्यर्थियों के चेहरे

## 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने लिया भाग

### 10 हजार से अधिक पहुंचे थे महिला और युवा अभ्यर्थी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पूर्णिया के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में रविवार को सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की पहल पर रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। रोजगार की उम्मीद लेकर पूर्णिया, सहरसा, कटिहार, अररिया, मधेपुरा और सुपौल समेत सीमांचल एवं कोसी क्षेत्र से 10 हजार से अधिक युवा और महिला अभ्यर्थी मेले में पहुंचे। मेले में एशियन पेंट्स, मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की 30 से अधिक कंपनियों, ब्लू डार्ट और राइडर सिक्योरिटी सहित 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। इस दौरान पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत 6 हजार से अधिक युवाओं



का चयन किया गया, जिन्हें सांसद पप्पू यादव के हाथों नियुक्ति पत्र सौंपे गए। चयनित अभ्यर्थियों में 40 प्रतिशत महिलाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम के सफल संचालन में पूर्णिया एसडीएम, डीएसपी और जिला प्रशासन का भी सराहनीय सहयोग रहा।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद पप्पू यादव ने कहा कि यह रोजगार मेला खासकर महिला अभ्यर्थियों और आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी बेरोजगार युवाओं को अवसर देने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्णिया के युवाओं में प्रतिभा और काम करने का जज्बा है, जरूरत सिर्फ सही अवसर देने की है। मेरा संकल्प है कि हर छह महीने में पूर्णिया में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आने वाले समय में एक लाख युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि ह्यूमणाम पूर्णिया, सलाम पूर्णिया और जोहार पूर्णियाह्र अभियान के तहत अब तक 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है।

# हिमालया बेबीकेयर ने नया डीवीसी किया लॉन्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। हिमालया बेबीकेयर ने अपने नए हिमालया बेबीकेयर प्यार बिगिनिंग्स घी गिफ्ट पैक के लिए एआई से तैयार किया गया नया डीवीसी लॉन्च किया है।



तकनीक आधारित कहानी कहने, सांस्कृतिक जुड़ाव और प्रीमियम प्रोडक्ट पोजिशनिंग के माध्यम से हिमालया बेबीकेयर नवजात शिशुओं के लिए तेजी से विकसित हो रही गिफ्टिंग श्रेणी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए एनवी चक्रवर्ती, डायरेक्टर, बेबीकेयर, हिमालया वेलनेस कंपनी ने कहा कि हिमालया बेबीकेयर में हमारा मानना है कि शिशु का पहला उपहार सोच-समझकर चुना गया, शुद्ध और वास्तव में खास होना चाहिए, क्योंकि यह नवजात शिशु के आगमन पर मिलने वाले प्यार और देखभाल को दर्शाता है। प्यार बिगिनिंग्स घी गिफ्ट पैक के माध्यम से हमारा उद्देश्य एक ऐसा अलग और विशिष्ट विकल्प तैयार करना था, जिसमें प्रीमियम प्रस्तुति, सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक अवयव और भरोसेमंद बेबीकेयर उत्पाद एक ही सोच-समझकर तैयार किए गए फॉर्मेट में शामिल हों। इस कैंपेन में एआई आधारित स्टोरीटेलिंग का इस्तेमाल आज के डिजिटल रूप से जुड़े माता-पिता के साथ बेहतर जुड़ाव रखने वाले नए क्रिएटिव तरीकों को तलाशने के हमारे प्रयास को भी दर्शाता है, जबकि इसकी भावनात्मक प्रामाणिकता को बरकरार रखा गया है।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत, सदर अस्पताल में हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रोहतास। जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल के मातृ-शिशु विभाग में बीती रात प्रसव के दौरान एक महिला की मौत के बाद हंगामा हो गया। मृतका की पहचान करगहर थाना क्षेत्र के कुसही गांव निवासी नितेश कुमार की पत्नी आशा देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों पर इलाज में गंभीर लापरवाही और अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया और दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

परिजनों के अनुसार, आशा देवी को बीती रात करीब 11 बजे प्रसव पीड़ा होने पर सदर अस्पताल लाया गया था। उनका आरोप है कि उस समय ड्यूटी पर डॉक्टर मौजूद नहीं



थे। डॉक्टर ने कथित तौर पर फोन पर ही नर्सों को इलाज के संबंध में निर्देश दिए। परिजनों का कहना है कि महिला की हालत बिगड़ने के बावजूद न तो समय रहते डॉक्टर को बुलाया गया और न ही उसे किसी दूसरे अस्पताल के लिए रेफर किया गया। इसी दौरान महिला की स्थिति लगातार गंभीर होती चली गई।

मृतका के परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर प्रसव कराने के दौरान कथित तौर पर जबरन पेट पर दबाव बनाने और महिला के साथ अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब उन्होंने इस तरह की प्रक्रिया का विरोध किया तो उन्हें प्रसव कक्ष से बाहर कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक, महिला को कई इंजेक्शन भी लगाए गए। इसके बाद उसकी तबीयत और बिगड़ गई और आखिरकार उसने दम तोड़ दिया।

## आज घंटों गुल रहेगी बिजली

दरभंगा। शहर में 11 केवी लाइन शिफ्टिंग कार्य के चलते सोमवार सुबह चार बजे से नौ बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान दोनार चौक और हनुमान मंदिर के पास 11 केवी लाइन का जंफर खोलने का कार्य किया जाएगा। इसके चलते 33/11 केवी अर्बन उपकेंद्र के दोनार फीडर से जुड़े दोनार चौक, अल्लपट्टी और आसपास के इलाकों में बिजली नहीं रहेगी।

वहीं 33/11 केवी जेल उपकेंद्र के सैदनगर और एकमी फीडर से जुड़े कई मोहल्लों में भी बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इससे एचपी गैस एजेंसी, राजेंद्र नगर, एकमी बांध, डेंटल कॉलेज, मिथिला नगर और जनकपुरी के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। विद्युत विभाग ने इन क्षेत्रों के लोगों को समय रहते आवश्यक तैयारी करने की सूचना दी है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे सुबह चार बजे से पहले पानी का भंडारण और अन्य जरूरी घरेलू कार्य पूरे कर लें। इससे कटौती की अवधि के दौरान किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# क्रॉम्पटन ने पेश किया क्रॉम्पटन रायन





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। भारत की अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल कंपनियों में शामिल क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपनी नई मास्टर ब्रांड आइडेंटिटी का अनावरण किया। यह क्रॉम्पटन 2.0 के तहत कंपनी के अगले चरण की शुरुआत को दर्शाता है, जिसमें कंपनी खुद को एक इनोवेशन-लेड और कंज्यूमर-सेंट्रिक बिजनेस के रूप में आगे बढ़ा रही है। पिछले एक दशक में क्रॉम्पटन ने टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट इनोवेशन में लगातार निवेश करते हुए अपनी पारंपरिक प्रमुख श्रेणियों से आगे विस्तार किया है। इस अवसर पर क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, प्रोमीत घोष ने कहा कि क्रॉम्पटन रायन का लॉन्च हमारी प्रीमियमाइजेशन जर्नी में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और सुपर-प्रीमियम सेगमेंट में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की हमारी महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। हमारे डेडिकेटेड सुपर-प्रीमियम ब्रांड के रूप में क्रॉम्पटन रायन सोच-समझकर किए गए डिजाइन, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और उपभोक्ताओं की बदलती आकांक्षाओं के अनुरूप सॉल्यूशंस के जरिए बेहतर अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।


# पांच दिवसीय सम्पन्न झूलनोत्सव दे गया सामाजिक समरसता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रसूलपुर। बाबा दुर्गेश्वरनाथ शिवमन्दिर में आयोजित पांच दिवसीय श्री कृष्ण झूलनोत्सव शुक्रवार की रात्रि सम्पन्न हुआ। अंतिम दिन झूले में विराजमान राधा कृष्ण की मूर्ति को झूलाने के लिए श्रद्धालुओं में काफी उत्सुकता दिखा।हर ग्रामीण श्रद्धालु भक्ति भाव से राधे कृष्ण को झुलाया।आजमगढ़ से आई झांकी टीम के कलाकारों श्रद्धालुओं का सांस्कृतिक मनोरंजन किया। पुआ का बना प्रसाद वितरण किया गया।

झूलन के आयोजन में सभी ग्रामवासी आर्थिक और सामाजिक सहयोग उत्सव की सफलता में भागीदारी निभाई। मंदिर के पुजारी खीरू बाबा के नेतृत्व में पांचों दिन पूजा अर्चना की गई।हर ग्रामीण श्रद्धालु झूले में विराजमान राधा कृष्ण की मूर्ती को भक्ति भाव से झुलाया। ग्रामीण और मशहूर चिकित्सक डा डी के ओझा ने

## पुआ का बना प्रसाद किया गया वितरण



बताया कि रसूलपुर में करीब सौ सालों से यहां झूलन उत्सव मनाने की परम्परा रही है।

इस उत्सव से गांव की सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। समापन के अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद,उपमुखिया मनोज सोनी 'नन्हे', अनूप कुमार दुबे, विशु श्रीवास्तव,अशोक दुबे, बल्टू दुबे आर्मी, पिन्टू श्रीवास्तव, मंजीत मिश्रा, शुभम दुबे, अमन दुबे, प्रिंस सोनी, अंशु चौरसिया,लालू सोनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

# होटल की आड़ में अवैध हॉस्पिटल का भंडाफोड़

## बाहर होटल का बोर्ड, अंदर चल रहा था अस्पताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में उत्तर बिहार के सबसे बड़े अस्पताल एसकेएमसीएच के गेट नंबर-1 के सामने होटल की आड़ में संचालित किए जा रहे कथित अवैध निजी अस्पताल का प्रशासन ने भंडाफोड़ किया है। मरीजों के परिजनों से मिली सूचना के बाद एसडीओ पूर्वी आनंद उत्सव के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने मौके पर छापेमारी की। जांच के दौरान अस्पताल में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जिस भवन के बाहर होटल का बोर्ड लगा था, उसके अंदर मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान अस्पताल में न तो कोई चिकित्सक मिला और न ही मेडिकल स्टाफ मौजूद था।

प्रशासनिक टीम जब मौके पर पहुंची तो भवन की पहली मंजिल पर होटल का बोर्ड लगा हुआ था। हालांकि, अंदर का पूरा सेटअप अस्पताल की तरह था और मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। जांच के दौरान मौके पर कोई चिकित्सक या मेडिकल स्टाफ नहीं मिला। इसी भवन के ग्राउंड फ्लोर पर एक कमरे में बाहर से ताला लगा हुआ था। प्रशासनिक टीम ने जब कमरे का ताला तोड़ा तो अंदर करीब 15 मरीज भर्ती मिले। इसके बाद मौके पर मौजूद मरीजों के परिजनों से भी जानकारी ली गई। छापेमारी के दौरान मरीजों के स्वजन ने टीम के सामने अस्पताल कर्मियों पर लगातार रुपये मांगने का आरोप लगाया।

परिजनों का कहना था कि भुगतान नहीं करने पर मरीजों को अस्पताल से बाहर निकालने की धमकी दी जाती थी।जांच में अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के साथ ही अस्पताल के निर्धारित नियमों के अनुरूप व्यवस्था और साफ-सफाई नहीं होने की बात भी सामने आई। एसकेएमसीएच के मुख्य गेट के ठीक सामने होटल के नाम से बोर्ड लगाकर कथित तौर पर अस्पताल चलाए जाने को लेकर अब प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# ट्रक चालक की पीट-पीटकर हत्या

## सैकड़ों ट्रक चालकों ने मचाया हंगामा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना सिटी के दीदारगंज थाना क्षेत्र के महुली रोड स्थित एक गोदाम के पास ट्रक चालक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगा है। मृतक की पहचान रमेश राय के रूप में बताई जा रही है।

घटना के बाद आक्रोशित सैकड़ों ट्रक चालक मौके पर पहुंच गए और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। बताया जा रहा है कि रमेश राय छत्तीसगढ़ के रायपुर से बोरा लेकर महुली रोड स्थित गोदाम पहुंचा था। आरोप है कि शनिवार को बोरा भींग जाने की बात कहकर गोदाम मालिक ने ट्रक चालक से करीब छह लाख रुपये जुर्माने की मांग की। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया।

मोरवा विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक रणविजय साहू भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने गोदाम मालिक और उसके लोगों पर रमेश राय के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। विधायक के मुताबिक, जुर्माने की रकम देने से इनकार करने के बाद गोदाम मालिक और उसके लोगों ने चालक के साथ मारपीट की, जिसमें उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ट्रक चालक महुली रोड स्थित गोदाम के पास पहुंच गए। चालकों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की। मौके पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

राजद विधायक रणविजय साहू ने प्रशासन पर मामले में कार्रवाई करने में देरी का आरोप लगाया। उन्होंने आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। दीदारगंज थानेदार सुनील कुमार ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की जाएगी। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद है और शव को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही घटना की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के वास्तविक कारण का भी पता चलेगा। पुलिस यह भी जांच करेगी कि मारपीट की घटना में कौन-कौन लोग शामिल थे और उनकी क्या भूमिका थी।

# गंडक में जलस्तर बढ़ने से बढ़ी लोगों की धड़कनें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बगहा (पश्चिम चंपारण)। गंडक नदी के जलस्तर में रविवार को तेजी से वृद्धि दर्ज की गई। वाल्मीकिनगर गंडक बराज से सुबह आठ बजे जहां 1.24 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा था, वहीं शाम छह बजे तक डिस्चार्ज बढ़कर 1,77,800 लाख क्यूसेक पहुंच गया। यानी दस घंटे में डिस्चार्ज में 53,800 क्यूसेक की वृद्धि हुई।

सुबह आठ बजे बराज के अपस्ट्रीम का जलस्तर 354.40 फीट दर्ज किया गया था, जो शाम छह बजे बढ़कर 356.30 फीट हो गया। इस तरह जलस्तर में 1.90 फीट की वृद्धि हुई।

वहीं डाउनस्ट्रीम का जलस्तर भी सुबह के 351.60 फीट से बढ़कर शाम को 353.60 फीट पहुंच गया। इसमें 2 फीट की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बराज से डाउनस्ट्रीम में सुबह और शाम दोनों समय समान मात्रा में पानी छोड़ा गया। शाम छह बजे बराज से 1,77,800 क्यूसेक पानी डाउनस्ट्रीम में प्रवाहित किया गया।

हालांकि, इस दौरान ईएमसी और एमडब्ल्यूसी निल रहा। जलस्तर और डिस्चार्ज में अचानक हुई वृद्धि को देखते हुए नदी किनारे के क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। वृद्धि की सूचना के बाद एसडीएम चांदनी कुमारी वाल्मीकिनगर गंडक बराज पहुंचीं और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।



जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सुबह आठ बजे बराज के अपस्ट्रीम में जलस्तर 354.40 फीट और डाउनस्ट्रीम में 351.60 फीट था। सुबह 10 बजे डिस्चार्ज बढ़कर 1,31,500 क्यूसेक हो गया। इस दौरान अपस्ट्रीम जलस्तर 354.70 फीट और डाउनस्ट्रीम 351.90 फीट दर्ज किया गया।

सुबह 11 बजे बराज से 1,36,700 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज हुआ। दोपहर 12 बजे यह बढ़कर 1,44,800 क्यूसेक पहुंच गया। दोपहर एक बजे 1,47,500 क्यूसेक और दो बजे 1,50,200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दोपहर तीन बजे तक डिस्चार्ज बढ़कर 1,52,900 क्यूसेक हो गया।

इसी अवधि में बराज के अपस्ट्रीम जलस्तर में भी बढ़ोतरी हुई। सुबह आठ बजे 354.40 फीट रहा जलस्तर दोपहर तीन बजे 355.40 फीट पहुंच गया। डाउनस्ट्रीम जलस्तर भी 351.60 फीट से बढ़कर 352.70 फीट हो गया।

बराज के इमरजेंसी मेंटेनेंस चैनल (ईएमसी) और मेन वियर चैनल (एमडब्ल्यूसी) में पूरे दिन डिस्चार्ज शून्य दर्ज किया गया। पानी के बढ़ते डिस्चार्ज को देखते हुए गंडक नदी के आसपास के क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। विभागीय स्तर पर बराज और नदी के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है।

# कटाव रोकने की तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। राघोपुर में गंगा के प्रचंड वेग से बढ़ते कटाव और टूटे बांध की मरम्मत में आ रही लगातार बाधा के बीच सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। राघोपुर में गंगा की मुख्य धारा का रुख मोड़ने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) की ड्रेजिंग मशीन लगाने की तैयारी है।

गंगा की तेज धारा सीधे कटाव स्थल पर अटैक कर रही है। इससे बांध के क्षतिग्रस्त हिस्से तक पहुंचकर बाढ़ निरोधी कार्य करना मुश्किल हो गया है।

जिला आपदा प्रबंधन के एडीएम कुंदन कुमार ने बताया कि राघोपुर की गंभीर स्थिति को देखते हुए गंगा की धारा को मोड़ने के लिए आईडब्ल्यूएआई की ड्रेजिंग मशीन के उपयोग पर विचार किया गया है। इसका उद्देश्य तेज बहाव को कटाव स्थल से हटाकर बांध की मरम्मत के लिए अनुकूल परिस्थिति तैयार करना है। साथ ही बाढ़ निरोधी कार्य में लगने वाली सामग्री को मौके तक पहुंचाने के लिए मालवाहक जहाज के उपयोग पर भी विचार किया जा रहा है।

राघोपुर में गंगा की जलधारा इस समय बेहद तीव्र है। नदी का बहाव टूटे हुए बांध के हिस्से की ओर मुड़ गया है। लगातार पानी के दबाव और कटाव के कारण बांध का क्षतिग्रस्त हिस्सा और संवेदनशील होता जा रहा है। स्थिति यह है कि नदी की धार के सामने मरम्मत कार्य के लिए मशीन और सामग्री पहुंचाना चुनौती बन गया है।

बांध की मरम्मत में देरी से आसपास के गांवों के लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि नदी का इसी तरह सीधा प्रहार जारी रहा तो कटाव और बढ़ सकता है। इससे तटवर्ती आबादी के साथ-साथ गांवों की जमीन और आवागमन के रास्तों पर भी संकट गहरा सकता है।

राघोपुर में फिलहाल चुनौती सिर्फ टूटे बांध को भरने की नहीं है, बल्कि बांध तक पहुंच रही गंगा की धार को नियंत्रित करने की भी है। यही वजह है कि जलधारा का रुख बदलने के विकल्प पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। ड्रेजिंग मशीन के जरिए नदी की धारा को आवश्यक दिशा में मोड़ने के बाद कटावरोधी कार्य को गति देने की योजना है।

वहीं भारी मात्रा में बाढ़ निरोधी सामग्री को पहुंचाने में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए मालवाहक जहाज के इस्तेमाल का विकल्प भी सामने आया है। इससे जीओ बैग, बोल्डर और अन्य सुरक्षा सामग्री को जलमार्ग से कटाव स्थल के समीप पहुंचाने में मदद मिल सकती है।

## पंचायत चुनाव को ले हथियारों का सत्यापन शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा (सारण)। आगामी पंचायत चुनाव को लेकर जिला दंडाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण रौशन कुमार के संयुक्त आदेश के आलोक में एकमा थाना परिसर में लाइसेंसी हथियारों एवं अनुज्ञप्तियों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि पंचायत चुनाव को देखते हुए सभी लाइसेंसधारियों को अपने-अपने आर्म्स एवं लाइसेंस का सत्यापन 31 अगस्त तक हर हाल में करा लेना है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन चुनावी प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सत्यापन के पहले दिन पुलिस अधिकारी द्वारा 35 लाइसेंसी हथियारों एवं संबंधित अनुज्ञप्तियों का सत्यापन किया गया। उन्होंने सभी अनुज्ञप्तिधारियों से अपील की कि निर्धारित अवधि के भीतर एकमा थाना पहुंचकर अपने हथियार एवं लाइसेंस का सत्यापन करा लें, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।पुलिस प्रशासन की ओर से सत्यापन कार्य को लेकर थाना परिसर में आवश्यक तैयारियां पूरी कर कार्य शुरू कर दिया गया है।

## एक नजर

### वज्रपात की चपेट में आने से किसान की मौत, युवती झुलसी, खेत में दोनों कर रहे थे काम

**औरंगाबाद/नबिटा सं।** वज्रपात की चपेट में आने से 47 वर्षीय एक किसान की मौत हो गई, जबकि पास के खेत में काम कर रही 18 वर्षीय युवती भी झुलस गई। घटना माली थाना क्षेत्र के महुली गांव की है। मृतक की पहचान रामविलास सिंह के पुत्र सुजय यादव (47) के रूप में हुई है। वहीं, जख्मी युवती की पहचान रामाशीष सिंह की पुत्री आशा कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शनिवार की शाम करीब छह बजे सुजय यादव अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम में बदलाव हुआ और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। कुछ देर बाद आसमान में बिजली कड़कने लगी। इसी बीच अचानक वज्रपात हो गया, जिसकी चपेट में आने से सुजय यादव गंभीर रूप से झुलस गए। वज्रपात की चपेट में आने से पास के खेत में काम कर रही आशा कुमारी भी झुलस गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सुजय यादव को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, जिला परिषद सदस्य अनिल यादव समेत अन्य लोग सदर अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सुजय यादव की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हुई है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### अजीत कुमार गुप्ता बने जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा सं।** प्रखंड में जनता दल (यूनाइटेड) के युवा संगठन को नई जिम्मेदारी मिली है। अजीत कुमार गुप्ता उर्फ बिछा को जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। अजीत कुमार गुप्ता के मनोनयन के बाद विधायक प्रमोद कुमार सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा एवं पूर्व मुखिया विजय विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों ने फूलों की माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने अजीत कुमार गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने तथा पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने का काम किया जाएगा। नई जिम्मेदारी मिलने पर अजीत कुमार गुप्ता ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। युवाओं को पार्टी से जोड़ना और संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी। मनोनयन के बाद समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

### शराब बरामद, 9 हजार लीटर जावा महुआ किया नष्ट

**हसपुरा / औरंगाबाद/नबिटा सं।** हसपुरा थाना क्षेत्र के कोईलवा गांव स्थित रघुनाथ बिगहा टोला में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करीब 50 लीटर निर्मित देसी महुआ शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को जब्त करते हुए करीब 9 हजार लीटर जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रघुनाथ बिगहा टोला में अवैध रूप से देसी महुआ शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस टीम ने गांव में वीरेंद्र चौधरी के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान घर से करीब 50 लीटर निर्मित देसी महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब बनाने में इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों को जब्त कर लिया। साथ ही मौके पर मिले करीब 9 हजार लीटर जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एससी-एसटी एक्ट व जानलेवा हमले के मामलों में दो नामजद गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)/नबिटा सं।** कुटुंबा थाना पुलिस ने एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम समेत गंभीर धाराओं में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में वांछित दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अनकुपा गांव निवासी अंकित कुमार पिता-भूषण सिंह तथा मटपा गांव निवासी हिमांशु कुमार पिता-अजय सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि अनकुपा निवासी अंकित कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, विष्णु पासवान व उसके साथी आकाश को रास्ते से ले जाकर सुनसान स्थान पर एक आम के पेड़ से बांध दिया गया था। आरोप है कि उनके साथ मारपीट करते हुए लोहे के पाइप, रॉड व लाठी-डंडे से हमला किया गया। मामले में जातिसूचक टिप्पणी, मोबाइल छीनने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं। वहीं, मटपा निवासी हिमांशु कुमार के विरुद्ध बीएनएस एवं एससी-एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज थी। पुलिस दोनों मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में पेशी के बाद अदालत के आदेश पर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले में फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी कर रही है।

### 10 सितंबर को नगर भवन में सजेगा शिक्षक सम्मान समारोह का मंच

**अंबा (औरंगाबाद) /नबिटा सं।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फेयर एसोसिएशन की जिला इकाई ने शुरू की तैयारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद होंगे मुख्य अतिथि औरंगाबादः प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फेयर एसोसिएशन की जिला इकाई की ओर से 10 सितंबर को स्थानीय नगर भवन में 'शिक्षक सम्मान समारोह-2026' का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय इस समारोह में जिले के सभी प्रखंडों से करीब 1200 से 1500 निजी शिक्षकों को उनके समर्पण, ईमानदारी और शिक्षा के क्षेत्र में दी जा रही सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजन की तैयारी को लेकर राय विष्णु एकेडमी में एसोसिएशन की बैठक हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरेश प्रसाद सिन्हा ने की, जबकि संचालन महासचिव सत्येंद्र नारायण सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि समारोह में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने शामिल होने की स्वीकृति दी है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ राजनेताओं के भी शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों के शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके योगदान को सम्मानित करने से शिक्षकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। समारोह को सफल बनाने के लिए जिला समिति ने सभी प्रखंड इकाइयों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पिछले वर्ष 6 सितंबर को कुटुंबा में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह की सफलता को देखते हुए इस बार कार्यक्रम को और व्यापक एवं भव्य बनाने की तैयारी है। बैठक में जिला सचिव बीरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष देव कुमार, वेद प्रकाश तिवारी, अशोक कुमार, बृज मोहन कुमार, नौसाबा वारसी, लौकेश कुमार दुबे, कृष्णा कुमार, मो. रूस्तम, धर्मेंद्र कुमार, राजीव नंदन सहित विभिन्न निजी विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्य मौजूद रहे।

# गोड्डा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की 63 सीटों पर होंगे एडमिशन, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ने दी मंजूरी





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** होम्योपैथिक चिकित्सक बनने की उम्मीद लगाए झारखंड के मेधावी बच्चों के लिए राहत की खबर है। राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राज्य के एकमात्र आयुष मेडिकल कॉलेज गोड्डा स्थित राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्नातक (यूजी) यानी बीएचएमएस पाठ्यक्रम की 63 सीटों पर नामांकन की अनुमति प्रदान कर दी है।

पूर्व में आयोग ने कॉलेज में कई कमियां बताते हुए इस वर्ष नामांकन पर रोक लगा दी थी। इसकी जानकारी देते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि यह राज्य के छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में उनके द्वारा किए गए प्रयासों का यह नतीजा है।

राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग द्वारा 28 अगस्त 2026 को जारी आदेश में कॉलेज के बीएचएमएस पाठ्यक्रम के 63 सीटों वाले इनटेक का उल्लेख किया गया है। आयोग के मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड द्वारा कॉलेज में उपलब्ध शिक्षण स्टाफ, आधारभूत संरचना एवं अन्य निर्धारित मानकों का परीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को दूर करने के लिए राज्य सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई।

गोड्डा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो और उनका भविष्य सुरक्षित रहे, इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने कई बार दिल्ली जाकर राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की और कॉलेज से संबंधित मामले को मजबूती के साथ उठाया।

# 'डायन' कहकर महिला पर उड़ेला खौलता पानी, महिला तरह झुलसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के गढ़वा जिले के नगर उंटारी थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव में मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना घटी। यहां एक महिला के साथ कथित डायन-बिसाही के नाम पर बर्बरता हुई। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने उसे डायन बताकर मारपीट की और उसके शरीर पर खौलता हुआ गर्म पानी उड़ेल दिया। घटना के बाद पीड़िता दर्द से तड़पती हुई किसी तरह सड़क तक पहुंच पाई। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता ने बताया कि गांव के ही कुछ संबंधी ने उसे लंबे समय से डायन कहकर प्रताड़ित करते आ रहे थे। 22 अगस्त की शाम विवाद बढ़ने पर उसके साथ कथित रूप से मारपीट की गई और गर्म पानी डालकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर उंटारी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता के फर्द बयान के आधार पर नगर उंटारी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला-पुरुष समेत छह नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में पर्मिला देवी (52), दया उरांव (68), गया उरांव (70), सोनू उरांव (24), बिकेश उरांव उर्फ बिकाश उरांव (28) और श्रद्धा देवी (50) शामिल हैं। सभी भोजपुर गांव के निवासी बताए गए हैं।

# बोकारो में जयराम महतो के खिलाफ पुलिस मेंस एसोसिएशन ने खोला मोर्चा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** विधायक एवं पुलिस के बीच टकराव का मामला शांत होता नजर नहीं आ रहा है। बोकारो में डुमरी विधायक जयराम महतो के एक कथित बयान को लेकर पुलिस महकमे में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सेक्टर-4 स्थित पुलिस क्लब में झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने प्रेस वार्ता कर विधायक के बयान पर आपत्ति जताई। एसोसिएशन ने कहा कि जनप्रतिनिधि से इस तरह की भाषा की उम्मीद नहीं की जाती। संगठन ने जयराम महतो से अपने बयान को लेकर माफी मांगने की मांग की है। बोकारो के सेक्टर-4 पुलिस क्लब में झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने डुमरी विधायक जयराम महतो के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। एसोसिएशन का आरोप है कि विधायक की ओर से पुलिस पदाधिकारी के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज की भाषा का इस्तेमाल किया गया, जो उचित नहीं है।

एसोसिएशन ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को कानून-व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों के साथ मर्यादित भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए। संगठन ने जयराम महतो से अपने बयान पर खेद जताने और माफी मांगने की मांग की। पुलिस एसोसिएशन ने जयराम महतो की ओर से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता के अधिकार का हवाला दिए जाने पर भी सवाल उठाया। एसोसिएशन का कहना है कि किसी बातचीत को केवल निजी बातचीत बताकर उसमें इस्तेमाल की गई कथित आपत्तिजनक भाषा को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

# गांव से शहर तक खेलों से गुलजार रहे स्कूल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सरकारी और निजी स्कूलों में पिछले तीन दिनों से चल रहा राष्ट्रीय खेल दिवस अभियान रविवार को उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हो गया। खेलेगा भारत, जीतेगा भारत और एक घंटा खेल के मैदान में की थीम पर आयोजित इस अभियान में गांव से लेकर शहर तक के विद्यालयों में बच्चों ने विभिन्न खेल गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को खेलों से जोड़ना और उनके बीच फिटनेस को लेकर जागरुकता बढ़ाना था. राज्यभर के सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों में तीन दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल परिसरों में कहीं हॉकी, फुटबॉल और कबड्डी के मुकाबले हुए तो कहीं दौड़, साइकिलिंग और फिटनेस से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गई।

राष्ट्रीय खेल दिवस के पहले दिन महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को खेल शपथ दिलाई गई और मार्च पास्ट का आयोजन हुआ. अलग-अलग आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए उनकी क्षमता के अनुसार खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अभियान के अंतिम दिन 'संडे ऑन साइकिल' के तहत कई स्कूलों में साइकिल रैली निकाली गई. विद्यार्थियों और शिक्षकों ने साइकिल चलाकर लोगों को फिटनेस और नियमित शारीरिक गतिविधियों का संदेश दिया।

# बीआरबीसीएल में उत्साह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

## बच्चों, महिलाओं एवं कर्मचारियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बीआरबीसीएल में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों, महिलाओं एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में खेल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जहां स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला, वहीं टीम भावना और आपसी सहयोग का भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. जे. राजकुमार ने जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी से स्वास्थ्य एवं फिटनेस को प्राथमिकता देने तथा खेलों को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सहयोग और खेल भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को यादगार बना दिया।

# विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले का धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** लखन मोड़ स्थित भाकपा माले नगर कार्यालय पर जनता के ज्वलंत सवालों को लेकर रविवार को बैठक की गई। माले नगर सचिव सह निर्माण मजदूर यूनियन जिला अध्यक्ष बिरजू चौधरी ने अध्यक्षता की। बैठक में जिला सचिव मुनारिक राम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दाउदनगर अनुमण्डलीय अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों का अभाव, अस्पताल प्रबंधन में घोर लापरवाही, दाउदनगर नगर परिषद कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, रिंग रोड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित धांधली, सम्राट भवन निर्माण, कार्यालय में प्रतिनिधि मंडल पर हमला करवाने, गुलजारपुर, रामनगर पूर्वी में सड़क निर्माण, सभी वार्डों में विवाह भवन का निर्माण, दाउदनगर सिंचाई विभाग में मौसमी कर्मचारियों के कथित शोषण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि इन तमाम मुद्दों पर दिनांक 10 सितम्बर को अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पांच सितम्बर को नगर परिषद के मुख्य पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी का पुतला दहन किया जाएगा। इस बैठक में नगर सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कयूम अंसारी, सुदामा सिंह, रामचंद्र चौहान, नंदकुमार सिंह, जगदीश ठठेरा, बसंती देवी,नन्दलाल तांती, धर्मेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# देसी कट्टा और एयरगन के साथ तीन गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोली मारकर हत्या के प्रयास के मामले में बंदेया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 12 घंटे के भीतर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के जैतिया गांव निवासी मिस्टर खान, महबूब खान और कमरान खान के रूप में हुई है। इनके पास से एक देसी कट्टा और एक एयरगन बरामद की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की देर शाम दो पक्षों के बीच हुए विवाद में अभियुक्तों ने जैतिया गांव निवासी 25 वर्षीय अरशद खान को गोली मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आनन-फानन में परिजन उन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया। फिलहाल उनका चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है। घटना के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने छानबीन शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक देसी कट्टा और एक एयरगन बरामद की गई। थानाध्यक्ष सूरत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मिस्टर खान और महबूब खान दोनों सगे भाई हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अलग-अलग कार्रवाई में 53 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान 53 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 28 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है जानकारी के अनुसार, आर्म्स एक्ट के मामले में तीन, एससी-एसटी एक्ट के तहत दो, हत्या के प्रयास के मामले में पांच, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 33 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान एक देसी कट्टा और एक एयरगन भी बरामद की गई है। वाहन जांच अभियान के तहत 106 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 19,500 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूल किए गए। इसके अलावा 11 वारंट का निष्पादन किया गया है।

# सीरत-उन-नबी क्विज प्रतियोगिता में 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नूरी एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से सीरत-उन-नबी के अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं के बीच रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बंधन पैलेस में किया गया। प्रतियोगिता में 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को किताबें, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया, जबकि मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले करीब 100 छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज इक्राम साहब की तिलावत-ए-कुरआन से हुई। मुख्य अतिथि रफीगंज के पूर्व चेयरमैन सह प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद की मौजूदगी में क्षेत्र के उलमा-ए-किराम के हाथों प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। आयोजकों ने बताया कि 12 रबीउल अव्वल के मौके पर सीरत-उन-नबी के पैगाम को आम करने के उद्देश्य से 23 तारीख को मदरसों, स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं नौजवानों के लिए सीरत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी के बीच हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सीरत और उनके जीवन आदर्शों का सही ज्ञान पहुंचाना था। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों में करीब 100 छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को तर्जुमा कुरआन 'कंजुल ईमान' के साथ ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर मौलाना नौशाद निजामी ने अपने संबोधन में हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सीरत और उनके अखलाक व किरदार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में यदि हम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आदर्शों, अखलाक और किरदार को अपने जीवन में उतार लें तो समाज और देश में अमन-ओ-चैन एवं सुकून कायम हो सकता है। मंच का संचालन महफूज नूरी ने किया। कार्यक्रम में नुरूल खान, लड्डु खान, अरमान खान, डॉ. जोगेंद्र यादव, डॉ. तुलसी यादव, महफूज आलम, कैफ खान, मास्टर अख्तर वाकिफ, शादाब, गुलरेज, अब्दुर्रहमान, सुहैल, आरजू, मौलाना अफसर अली, हाफिज सकलेन, हाफिज गुलाम जर्कानी, डॉ. अशरफ नसीम, रिजवान शम्सी, मकसूद भाई, सरवर नूरी, अदनान नूरी, राजू नूरी, अमन नूरी, तबरेज नूरी, आबिद नूरी, आदिल नूरी, साजिद नूरी, महफूज नूरी,इरफान आलम एआरसीसी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पीएनसी कंपनी के हाइड्रा ने साइकिल सवार वृद्ध को रौंदा, मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा-नवीनगर मुख्य पथ पर दधपा गांव स्थित ब्रह्म स्थान के समीप रविवार दोपहर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे निर्माण में लगे हाइड्रा की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान तमसी गांव निवासी 60 वर्षीय प्रमोद मेहता के रूप में हुई है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर पहले अंबा-नवीनगर पथ और बाद में अंबा चौक पर शव रखकर एनएच-139 को जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई और घंटों आवागमन बाधित रहा। जानकारी के अनुसार, प्रमोद मेहता साइकिल से तमसी गांव से अंबा बाजार जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अनियंत्रित हाइड्रा ने उन्हें कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल प्रमोद को जीवित समझकर स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से उन्हें रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में शामिल हाइड्रा वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड का बताया गया है। मुआवजे को लेकर कंपनी की ओर से निर्णय में विलंब होने पर परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। शव को अंबा चौक पर रखकर एनएच-139 जाम किए जाने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। बाद में कंपनी अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और परिजनों के बीच लंबी वार्ता के बाद सहमति बनी। इसके बाद जाम हटाया गया और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रमोद मेहता अपने पीछे दो पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गए हैं। पुत्र का इसी वर्ष बिहार पुलिस में चयन हुआ था। घर में खुशियों के बीच हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि दुर्घटना में प्रयुक्त हाइड्रा जब्त कर लिया गया है। चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# राजकुमार शुक्ल का दृढ़ संकल्प प्रेरणादायक : डॉ. प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल किसान की पीड़ा, आम आदमी के संघर्ष और अपने अधिकार के लिए दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। वे रविवार को बिहार विधान परिषद सभागार में आयोजित पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान-2026 एवं लोक चिंतन स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राजकुमार शुक्ल का नाम स्मरण करते ही चंपारण सत्याग्रह की ऐतिहासिक स्मृति सामने आती है। चंपारण के किसानों पर नील की खेती की जबरन व्यवस्था और अंग्रेजी शासन के अत्याचारों के बीच राजकुमार शुक्ल ने महात्मा गांधी से चंपारण आने और किसानों की पीड़ा देखने का आग्रह किया। उनके दृढ़ आग्रह के बाद महात्मा गांधी चंपारण पहुंचे और स्वतंत्रता आंदोलन में नए अध्याय की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि राजकुमार शुक्ल ने साबित किया कि संकल्प मजबूत हो तो सामान्य व्यक्ति भी इतिहास की धारा बदल सकता है। लोक चिंतन की प्रासंगिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव नहीं, बल्कि जनता की आवाज सुनने, उसकी समस्याओं को समझने और जनहित में निर्णय लेने की व्यवस्था है। भारत का लोकतंत्र गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और समाज के अंतिम व्यक्ति तक जुड़ा है। उन्होंने कहा कि बिहार सदियों से लोक चिंतन, लोक संस्कृति और लोकतांत्रिक चेतना की भूमि रहा है। भगवान बुद्ध, महावीर, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण और चंपारण सत्याग्रह ने समाज को नई दिशा दी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विकास के साथ सामाजिक न्याय, सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी। लक्ष्य ऐसा बिहार बनाना है जिसमें कोई व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से बाहर न रहे। उन्होंने पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान-2026 से सम्मानित विभूतियों को बधाई देते हुए कहा कि सम्मान केवल स्मृति नहीं, बल्कि संकल्प भी है। युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह में विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोक चिंतन मजबूत होगा तो लोकतंत्र और लोकतंत्र मजबूत होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा।

# बेटियों के सपनों को आर्थिक संबल, यूपीएससी-बीपीएससी से बैंकिंग और रेलवे तक सफलता पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही बिहार की बेटियों को आर्थिक संबल देने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत संचालित सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना का दायरा अब और व्यापक करने की तैयारी की जा रही है। प्रस्तावित विस्तार के बाद यूपीएससी और बीपीएससी के साथ बैंकिंग, रेलवे, रक्षा और अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने वाली महिला अभ्यर्थियों को भी आर्थिक सहायता मिलने का रास्ता खुलेगा। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2021-22 से अब तक इस योजना के तहत 4513 महिला अभ्यर्थियों को लाभ दिया जा चुका है। इन अभ्यर्थियों के बीच कुल 23.395 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार योजना के तहत अब तक यूपीएससी की 146 और बीपीएससी की 4367 महिला अभ्यर्थियों को आर्थिक सहायता दी गई है। इस तरह कुल 4513 बेटियों को योजना का लाभ मिल चुका है। बीपीएससी परीक्षा में सफल महिला अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने से राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति युवतियों के बढ़ते रुझान का भी संकेत मिलता है। वर्तमान व्यवस्था के तहत यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली महिला अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। वहीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सफल महिला अभ्यर्थियों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस राशि से अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी, कोचिंग, अध्ययन सामग्री तथा अन्य जरूरी खर्चों में मदद मिलती है। अब तक योजना का लाभ निर्धारित श्रेणियों की महिला अभ्यर्थियों तक सीमित था। इसके कारण सामान्य वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और पिछड़ा वर्ग की कई प्रतिभाशाली अभ्यर्थियां प्रोत्साहन राशि से वंचित रह जाती थीं। प्रस्तावित विस्तार के बाद पात्रता की निर्धारित शर्तें पूरी करने वाली सभी वर्गों की महिला अभ्यर्थियों को योजना का लाभ देने का प्रावधान किया जा रहा है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाली अधिक बेटियों को आर्थिक सहयोग मिल सकेगा।

योजना के विस्तार में कई महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं को शामिल करने का प्रस्ताव है।

# 'मन की बात' देशवासियों को जोड़ने और जनभागीदारी को बढ़ाने का सशक्त माध्यम : रविशंकर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने रविवार को बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें एपिसोड को सुना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे और प्रधानमंत्री के विचारों एवं देशवासियों से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को उत्साहपूर्वक सुना। कार्यक्रम के बाद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों को एक सूत्र में जोड़ने वाला सशक्त जनआंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों की प्रेरक उपलब्धियों, जनभागीदारी और राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न प्रयासों को देश के सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें देश के सामान्य नागरिकों की असाधारण उपलब्धियों और उनके प्रयासों को स्थान मिलता है। प्रधानमंत्री समाज के अलग-अलग वर्गों, क्षेत्रों और समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों का उल्लेख कर उन्हें पूरे देश के सामने प्रेरणा का स्रोत बनाते हैं। इससे देश के नागरिकों में कुछ बेहतर करने और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाने का भाव मजबूत होता है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन, महिला सशक्तिकरण, युवा प्रतिभाओं और सामाजिक सरोकारों जैसे विषयों को निरंतर जनचर्चा का हिस्सा बनाया है।

# किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों को खेती के लिए गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं बीज समय पर एवं सुगमता से उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उर्वरक बिक्री व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा उर्वरक बिक्री व्यवस्था को सरल, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उर्वरक बिक्री व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए 'खेत बचाओ, गुणवत्तायुक्त बीज और खाद सुलभ कराओ' विषय पर 31 अगस्त, 2026 को कृषि भवन सभागार, मीठापुर, पटना में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को उर्वरक बिक्री की डिजिटल एवं फार्मर आईडी आधारित व्यवस्था, उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था तथा किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं बीज की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# ज्वेलरी महोत्सव से बिहार के औद्योगिक विकास को मिल रही गति : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय भव्य ज्वेलरी महोत्सव का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के पश्चात मुख्यमंत्री ने महोत्सव परिसर में लगे विभिन्न आकर्षक स्टॉलों का निरीक्षण किया और देश भर से आए प्रतिभागियों, ज्वेलरी डिजाइनरों व स्वर्णकार उद्यमियों से आत्मीय मुलाकात कर उनके उत्पादों और कारीगरी की सराहना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ज्वेलरी उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं और उद्योग के विकास से बिहार औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर एसएसवीएसएस के अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि इस महोत्सव में कुल 250 स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें 196 प्रतिष्ठित प्रतिभागी अपने नवीनतम, पारंपरिक एवं आधुनिक ज्वेलरी डिजाइनों का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह महोत्सव स्वर्णकार समाज के कौशल, कला और उद्यमिता को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने बताया कि ज्वेलरी महोत्सव में मेरठ, आगरा, अमृतसर दिल्ली, कानपुर राजकोट, लखनऊ, मुंबई, कोलकाता, बनारस, केरल, बेंगलुरु सहित देश के कई हिस्से से निर्माता बिहार के स्वर्ण व्यवसायियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बिहार के स्वर्णकारों को नई तकनीक, नए डिजाइन और बाजार की मांग से जोड़ना तथा युवाओं को इस व्यवसाय में नए अवसरों से अवगत कराना है। यह तीन दिवसीय महोत्सव ज्वेलरी प्रेमियों, व्यापारियों और आम जनता के लिए 1 सितंबर तक खुला रहेगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन अभिषेक, प्रेम मेहरा, अमित वर्मा सहित बड़ी संख्या में आभूषण निर्माता एवं विक्रेता मौजूद रहे।

# भोजपुरी सेंसेशन अक्षरा सिंह ने पटना में बच्चियों के साथ मनाया जन्मदिन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भोजपुरी अभिनेत्री एवं गायिका अक्षरा सिंह ने अपना जन्मदिन नारी गुंजन संस्थान की बच्चियों के बीच मनाया। मुंबई से पटना पहुंचीं अक्षरा ने संस्थान की बच्चियों से मुलाकात की, उनके साथ समय बिताया और केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। इस दौरान उन्होंने बच्चियों से उनकी पढ़ाई और रुचियों के बारे में जानकारी ली तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अक्षरा ने बच्चियों को अपने सपनों को पूरा करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अक्षरा सिंह ने कहा कि वह खुद को बेहद खुश और सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें अपना जन्मदिन इन बच्चियों के बीच मनाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से बच्चियों से मिलने का वादा किया था जिसे पूरा करने के लिए वह मुंबई से यहां पहुंचीं। अक्षरा ने कहा कि बच्चों के बीच आकर मिलने और इस जीवन को करीब से देखने का अनुभव बिल्कुल अलग है। यहां उन्हें जो प्यार, अपनापन और स्नेह मिला, वह बेशर्त है। उन्होंने कहा कि लोग जन्मदिन और खास मौकों पर पार्टी करने के लिए दुबई या अमेरिका जैसे स्थानों पर जाते हैं, लेकिन बच्चों के बीच मिलने वाला यह बेशर्त प्यार कहीं और नहीं मिल सकता।

# छठे दिन भी केवाइपी केंद्र संचालकों का धरना जारी

## मांगें पूरी नहीं हुईं तो एक सितंबर से सामूहिक भूख हड़ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** केवाईपी केंद्रों के रिन्यूवल, नामांकन एवं प्रशिक्षण तत्काल शुरू करने तथा लंबित बिलों के भुगतान की मांग को लेकर गर्दनीबाग में चल रहा केवाईपी बचाओ महाआंदोलन शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में केवाईपी केंद्र संचालक धरना स्थल पर डटे रहे। आंदोलनकारियों ने कहा कि पूर्व से संचालित केवाईपी केंद्रों का तत्काल रिन्यूवल कर सभी केंद्रों पर नामांकन एवं प्रशिक्षण शुरू किया जाए तथा लंबित बिलों का भुगतान अविलंब किया जाए। लगातार छह दिनों से धरना जारी रहने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस सकारात्मक पहल नहीं होने से केंद्र संचालकों में नाराजगी बढ़ रही है। वहीं पूर्व से संचालित केवाईपी केंद्रों को बंद कर नए टेंडर के माध्यम से नए केंद्र स्थापित करने की बात के विरोध में आंदोलनकारियों ने युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद का अर्थी जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र संचालकों ने सरकार की नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुराने केवाईपी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर रिन्यूवल देने की मांग की। केंद्र संचालकों का कहना है कि उन्होंने वर्षों से केवाईपी के संचालन के लिए लाखों रुपये का निवेश किया है। ऐसे में पुराने केंद्रों को रिन्यूवल दिए बिना नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू करना उनके साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पुराने केंद्रों पर ही आवश्यकतानुसार कोर्स अपग्रेड कर प्रशिक्षण कार्य तत्काल शुरू किया जाए। आंदोलनकारियों ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 31 अगस्त 2026 तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 1 सितंबर 2026 से सामूहिक भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। केंद्र संचालकों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर पूर्व से संचालित सभी केवाईपी केंद्रों का रिन्यूवल, नामांकन एवं प्रशिक्षण बहाल करने तथा लंबित बिलों का भुगतान करने की मांग की है।

# भूमिहीन विद्यालयों के लिए सरकार ने बढ़ाया कदम, 20 केंद्रीय विद्यालयों को मिली जमीन

## 147 विद्यालयों की जमीन अतिक्रमण की जद में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के भूमिहीन विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के 20 केंद्रीय विद्यालयों के लिए पांच-पांच एकड़ भूमि उपलब्ध करायी है। इसके साथ ही विद्यालयों और खेल मैदानों में किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। विदित हो कि पिछले माह शिक्षा विभाग ने राज्य के भूमिहीन विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने का आदेश सभी संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिया था जिसमें करीब 147 विद्यालयों की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने राजस्व विभाग से भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही विद्यालयों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया था। बताया जाता है कि राजस्व विभाग ने राज्य के 20 केंद्रीय विद्यालयों को पांच-पांच एकड़ भूमि उपलब्ध करा दिया है। इसके साथ ही भूमिहीन विद्यालयों को भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही विद्यालयों के भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई विभाग ने शुरू कर दिया है।

# मासिक सुरक्षा क्विज में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

## 2500 से अधिक शिक्षकों को मिला डिजिटल प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सुरक्षित शनिवार एवं बैगलेस-डे के अंतर्गत टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा आयोजित 'मासिक सुरक्षा क्विज' में राज्य के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालयों में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस क्विज में बाढ़ एवं जल सुरक्षा, वज्रपात से बचाव, सांप-बिच्छू एवं विषैले जीव-जंतुओं से सुरक्षा तथा नाव दुर्घटना एवं डूबने से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। क्विज में कुल 20 प्रश्न पूछे गए जिसमें शिक्षकों ने अपनी सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं जागरूकता का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 2500 से अधिक शिक्षकों को डिजिटल प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर इं. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने कहा कि सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम बच्चों एवं शिक्षकों में आपदा प्रबंधन तथा सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस तरह की गतिविधियों को और व्यापक बनाया जा रहा है। वहीं इवेंट लीडर केशव कुमार एवं क्विज क्रियटर पप्पू कुमार पंकज ने बताया कि शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से यह क्विज सफल रहा। आने वाले समय में भी सुरक्षा एवं शैक्षणिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार शिक्षकों को तकनीक से जोड़ते हुए नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। सुरक्षित शनिवार जैसी पहल विद्यालयों को सुरक्षित एवं जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने सभी शिक्षक साथियों से अपील की कि वे सुरक्षित शनिवार की गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें और बच्चों को सुरक्षित व्यवहार के लिए प्रेरित करें।

# जहरीले सांप के डसने से युवती की मौत, बहन की हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर के करनामेपुर थाना क्षेत्र के रमदतही गांव में रक्षाबंधन के दिन दर्दनाक हादसे में जहरीले सांप के डसने से एक युवती की मौत हो गई जबकि उसकी सगी बहन की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार स्वर्गीय शंभू ठाकुर की पुत्रियां खुशबू कुमारी (20) और कांति देवी (26) रात करीब एक बजे घर के अंदर सो रही थीं। इसी दौरान जहरीले सांप ने दोनों बहनों को डस लिया। दोनों की तबीयत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उन्हें प्रतापसागर स्थित अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान खुशबू कुमारी की मौत हो गई। कांति देवी का इलाज जारी है और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया गया कि कांति देवी विवाहित थीं और रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिए हाल ही में अपने मायके रमदतही आई थीं। त्योहार के मौके पर घर में जहां भाई-बहन के मिलन और खुशियों का माहौल था, वहीं कुछ ही देर बाद चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने पर करनामेपुर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर, घटना के बाद वन विभाग की बचाव टीम भी गांव पहुंची और घर के आसपास सांप की तलाश शुरू की। टीम ग्रामीणों को संभावित खतरे से बचाने के लिए सतर्कता बरत रही है।

# फर्टिलिटी में विश्वास का दूसरा नाम इंदिरा आइवीएफ : तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** इंदिरा आईवीएफ पटना ने अपने 11वें स्थापना दिवस एवं 2 लाख सफल आईवीएफ गर्भधारण की ऐतिहासिक उपलब्धि का भव्य उत्सव मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष बिहार तेजस्वी यादव, विशिष्ट अतिथियों के रूप में पद्मश्री एवं पद्मभूषण से सम्मानित डॉ. सी पी ठाकुर, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, राज्यसभा संसाद संजय यादव, भाजपा नेता मृत्युंजय तिवारी, इंदिरा आईवीएफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. क्षितिज मुर्डिया, भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री एवं गायिका अक्षरा सिंह, बिहार हेड एवं सेंटर हेड डॉ. दयानिधि कुमार, सेंटर क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. सुनीता कुमारी, दीपक ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पारिवारिक सदस्य अंजू जी उपस्थित रहे। बेली रोड स्थित इंदिरा आईवीएफ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सकों, समाजसेवियों, मरीज परिवारों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान इंदिरा आईवीएफ की देशभर में 2 लाख सफल आईवीएफ गर्भधारण की उपलब्धि को उन लाखों परिवारों की खुशियों और उम्मीदों से जोड़कर देखा गया, जिन्होंने निःसंतानता की चुनौती के बावजूद पैरेंटहुड का सपना पूरा किया। संस्था द्वारा अत्याधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तथा गुणवत्तापूर्ण उपचार सेवाओं के माध्यम से फर्टिलिटी के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान को भी रेखांकित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष बिहार तेजस्वी यादव ने कहा कि इंदिरा आईवीएफ ने अपने 11वें वर्ष में बिहार में निःसंतानता से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# राज्य में बदलेगी सहकारिता की तस्वीर : पूसा प्रशिक्षण केंद्र बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

## गया के डोभी में प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के लिए भूमि का आवंटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में सहकारिता व्यवस्था को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में बिहार सरकार ने कदम तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में समस्तीपुर के पूसा स्थित सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। करीब 19 करोड़ रुपये की लागत से प्रशिक्षण केंद्र का कायाकल्प किया जा रहा है। यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रशासनिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण केंद्र में पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम, कॉमन रूम, जिम, प्राचार्य कक्ष के साथ फैकल्टी सदस्यों के लिए आवास की सुविधा भी विकसित की जा रही है। इसका उद्देश्य सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। सहकारिता प्रशिक्षण के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए दक्षिण बिहार में भी प्रशिक्षण संस्थान विकसित किया जा रहा है। गया जिले के डोभी प्रखंड में सहकारिता प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के निर्माण के लिए 10.38 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन दोनों संस्थानों के विकसित होने से राज्य में सहकारिता क्षेत्र से जुड़े पदाधिकारियों, कर्मियों और पैक्स प्रतिनिधियों को आधुनिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

### पैक्स सदस्यों को मिलेगा मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण

राज्य सरकार पैक्स स्तर तक प्रशिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने पर भी जोर दे रही है। इसके तहत सभी पैक्स सदस्यों को मास्टर ट्रेनर के माध्यम से प्रशिक्षण देने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पैक्स के सदस्यों और पदाधिकारियों को सहकारिता के कामकाज, प्रबंधन तथा नई व्यवस्थाओं की जानकारी देना है, ताकि जमीनी स्तर पर सहकारी संस्थाओं की कार्यक्षमता बढ़ाई जा सके। सहकारिता विभाग के 420 सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों तथा 300 पैक्स अध्यक्षों या प्रबंधकों को राज्य के बाहर प्रतिष्ठित सहकारी संस्थानों में प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण के लिए भेजा जा रहा है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में देश के प्रमुख सहकारी संस्थानों की कार्यप्रणाली और बेहतर प्रबंधन व्यवस्था का अध्ययन कराया जाएगा। इनमें गुजरात के आनंद स्थित त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय, पुणे स्थित वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान तथा गुरुग्राम स्थित लक्ष्मणराव इनामदार राष्ट्रीय सहकारी अनुसंधान एवं विकास अकादमी प्रमुख हैं। आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था, बेहतर अवसंरचना और पैक्स स्तर तक क्षमता निर्माण से राज्य में सहकारिता आंदोलन को नई मजबूती मिलेगी।

# हापा और नाहरलगुन के मध्य स्पेशल ट्रेन, 23 सितम्बर से चलेगी नियमित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर अहमदाबाद-उज्जैन-ग्वालियर-प्रयागराज-वाराणसी-छपरा-हाजीपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते गुजरात के जामनगर और अरुणाचल प्रदेश के नाहरलगुन के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 09525/09526 हापा-नाहरलगुन-हापा स्पेशल का गाड़ी सं. 19525/19526 हापा-नाहरलगुन-हापा एक्सप्रेस के रूप में नियमित परिचालन किया जाएगा। इसका नियमित परिचालन हापा से 23 सितम्बर, 2026 से सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को तथा नाहरलगुन से 26 सितम्बर, 2026 से सप्ताह के प्रत्येक शनिवार किया जायेगा। इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. के 02, शयनयान श्रेणी के 15, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03 तथा द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच सहित कुल 21 कोच होंगे।

# जिलाधिकारी के नेतृत्व में 'जीरो लीटर बराबर' अभियान का आयोजन

## राष्ट्रीय विरासत बराबर गुफाओं को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने का दिया गया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया के नेतृत्व में 'जीरो लीटर बराबर' अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से स्वच्छ, सुंदर एवं सुरक्षित बराबर के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए आमजन को ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है–हमारी राष्ट्रीय विरासत बराबर गुफाओं को स्वच्छ रखना एवं संरक्षित करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ बराबर एवं स्वच्छ जहानाबाद की निरंतर सोच और सामूहिक संकल्प है। जिला पदाधिकारी द्वारा जिलेवासियों एवं पर्यटकों से अपील की गई कि वे बराबर की प्राकृतिक सुंदरता एवं ऐतिहासिक विरासत का आनंद लें, लेकिन परिसर में प्लास्टिक, बोतल, रैपर अथवा अन्य प्रकार का कचरा न फैलाएं। कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डालें तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता एवं विरासत संरक्षण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमें यह विरासत पूर्वजों से मिली है और इसे स्वच्छ, सुरक्षित एवं संरक्षित रूप में अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। सभी से 'ना कचरा फैलाएंगे, ना फैलाने देंगे' के संकल्प के साथ स्वच्छ बराबर एवं आदर्श जहानाबाद के निर्माण में सहभागिता की अपील की गई। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में आमजन, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, भारत स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, ग्राम रक्षा दल के जवानों, जिला प्रशासन के पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा स्वच्छता एवं जनजागरूकता का संदेश दिया।

# संपादकीय

## एसआईआर पर बड़ा सवाल, 91 फीसदी अपीलों में बहाल हुए मतदाता ?

विडंबना यह है कि एसआइआर अपने शुरुआती दौर से ही अनेक तरह के सवालों से घिरा रहा है और विपक्षी दल इसमें व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगाते रहे हैं। अपने घोषित उद्देश्य के मुताबिक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर को देश में चुनावों और मतदान की प्रक्रिया को दोषरहित बनाने की कोशिश कहा जा सकता है। मगर इसके साथ ही यह जिम्मेदारी भी अनिवार्य रूप से जुड़ी हुई है कि कोई एक भी वैध मतदाता न छूटे और उसे मतदान का उसका अधिकार हर हाल में मिले। मगर क्या देश के अलग-अलग राज्यों में अब तक हुए एसआइआर में इसके घोषित उद्देश्यों के मुताबिक ही नतीजे सामने आ सके हैं?

विडंबना यह है कि एसआइआर अपने शुरुआती दौर से ही अनेक तरह के सवालों से घिरा रहा है और विपक्षी दल इसमें व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगाते रहे हैं। खासतौर पर पश्चिम बंगाल और बिहार में एसआइआर के बाद जिस पैमाने पर लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर किए गए, उसे लेकर तमाम सवाल उठे। यह कहा गया कि बड़ी संख्या में लोगों का नाम किसी कथित चूक का हवाला देकर मतदाता सूची से हटा दिया गया और वे वोट देने से वंचित रह गए। पश्चिम बंगाल में इस क्रम में ऐसे करीब सत्ताईस लाख लोगों के नाम बाहर कर दिए गए थे। जब उस पर चौतरफा सवाल उठे, तब निर्वाचन आयोग की ओर से उन्नीस अपीलीय न्यायाधिकरणों का गठन किया गया था।अब सूचना के अधिकार कानून के तहत मिली एक जानकारी के मुताबिक, एसआइआर के बाद आई 82,782 अपीलों में से न्यायाधिकरण की ओर से इक्यानबे फीसद मतदाताओं के नाम बहाल कर दिए गए हैं। फिलहाल कुल अपीलों में से सिर्फ 2.17 फीसद मामलों पर ही फैसला हुआ है। अगर दावा सही पाए जाने का अनुपात लगभग यही बना रहता है, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने बड़े पैमाने पर वैध मतदाता अपना वोट डालने से वंचित रह गए। क्या यह उन तमाम मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन नहीं है, जिनका नाम किसी मामूली त्रुटि का हवाला देकर हटा दिया गया? मतदान के समय मतदाता सूची से नाम हटा देने और चुनाव खत्म होने के बाद वही नाम सही पाए जाने पर सूची में जोड़ देने को कैसे देखा जाएगा?इससे शायद ही किसी को आपत्ति होगी कि चुनावों में मतदान की पूरी प्रक्रिया बिल्कुल स्वच्छ और शुचितापूर्ण हो। साथ ही किसी भी स्थिति में उसमें न तो अवैध मतदान की कोई गुंजाइश हो और न ही किसी वैध मतदाता को मतदान के उसके अधिकार से वंचित किया जाए। निर्वाचन आयोग ने जब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की थी, तो इसके पीछे यही दलील दी गई थी। प्रथम दृष्टया यह प्रक्रिया अपने आप में चुनावों को ज्यादा स्वच्छ बनाने की कवायद लगती है, क्योंकि इसके तहत वैसे सभी नामों को मतदाता सूची से हटाए जाने की बात कही गई, जिनकी या तो मौत हो गई या फिर जो किसी वजह से अन्य जगह विस्थापित हो गए हों।

**मानव शरीर की हड्डियों और दिमाग की सेहत के बीच का संबंध शारीरिक सुरक्षा से कहीं ज्यादा गहरा है। इसका संकेत 1800 के दशक में तब मिला, जब फ्रांसीसी पैथोलॉजिस्ट जीन-मार्टिन चारकोट ने 'टेब्स डॉर्सैलिस' नाम की बीमारी वाले मरीजों के बारे में बताया था। इन मरीजों की हड्डियों के जोड़ कमजोर हो रहे थे, क्योंकि वहां मौजूद मुलायम ऊतक खराब हो रहे थे। चारकोट का मानना था कि इसकी वजह सामान्य हड्डियों की बीमारी नहीं, बल्कि मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को पहुंचा नुकसान था। चारकोट को मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं के तंत्र की व्याख्या करने का श्रेय भी दिया जाता है।**

# क्या कमजोर हड्डियां बढ़ा सकती हैं मनोभ्रंश का खतरा? हड्डियों और याददाश्त का संबंध क्या है

(पुष्परंजन)

आज हालत यह है कि पैसा और तकनीकी सुविधाएं बढ़ने के साथ लोगों ने खुद के कार्यों को घरेलू सहायकों के हवाले कर दिया है। तकनीक के विकास और विलासितापूर्ण जीवनशैली के साथ-साथ डिमेंशिया यानी मनोभ्रंश की बीमारी का संकट भी बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में इस बीमारी से एक करोड़ से अधिक लोग पीड़ित हैं, जबकि हल्के लक्षणों वाले लोगों की संख्या 2.4 करोड़ से ज्यादा है। मुख्य रूप से साठ वर्ष से अधिक उम्र के लोग इसकी चपेट में आते हैं।

विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2036 तक भारत में यह संख्या बढ़कर लगभग 1.69 करोड़ हो सकती है। यह समस्या पुरुषों की तुलना में महिलाओं में और शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक देखी गई है। यह बीमारी भले ही मस्तिष्क और स्मरण शक्ति से जुड़ी है, लेकिन इसका कारण हड्डियों का कमजोर होना है। आज के दौर में शारीरिक गतिविधियों पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है, जिससे हड्डियों की सेहत भी कमजोर पड़ने लगी है। इसके परिणामस्वरूप लोगों को चलने-फिरने में दिक्कत के साथ मनोभ्रंश की समस्या भी घेरने लगी है।

मानव शरीर की हड्डियों और दिमाग की सेहत के बीच का संबंध शारीरिक सुरक्षा से कहीं ज्यादा गहरा है। इसका संकेत 1800 के दशक में तब मिला, जब फ्रांसीसी पैथोलॉजिस्ट जीन-मार्टिन चारकोट ने 'टेब्स डॉर्सैलिस' नाम की बीमारी वाले मरीजों के बारे में बताया था। इन मरीजों की हड्डियों के जोड़ कमजोर हो रहे थे, क्योंकि वहां मौजूद मुलायम ऊतक खराब हो रहे थे। चारकोट का मानना था कि इसकी वजह सामान्य हड्डियों की बीमारी नहीं, बल्कि मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को पहुंचा नुकसान था। चारकोट को मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं के तंत्र की व्याख्या करने का श्रेय भी दिया जाता है।

हालांकि, बाद में न्यूयॉर्क के कोलंबिया विश्वविद्यालय में मेडिसिन एवं बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डॉ. जेरार्ड कार्सेंटी ने हड्डियों में बनने वाले हार्मोन 'ऑस्टियोकैल्सिन' और शारीरिक कार्यों में इसकी भूमिका के बारे में बेहतर समझ विकसित की थी। यह हार्मोन 'ऑस्टियोब्लास्ट' से बनता है, जो हड्डी बनाने वाली कोशिकाएं होती हैं। यह हड्डी से खून में मिल जाता है और रक्त शर्करा को व्यवस्थित करने तथा 'टेस्टोस्टेरोन' और 'स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल' को विनियमित करने में मदद करता है, जो व्यायाम के दौरान मांसपेशियों के काम करने के लिए जरूरी होता है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, 'ऑस्टियोकैल्सिन' हार्मोन चिंता एवं अवसाद को कम करता है और हमें किसी बात को याद रखने में मदद करता है। यह हार्मोन बच्चे के पैदा होने से पहले ही उसके दिमाग को विकसित करना शुरू कर देता है। यह मां के शरीर में बनता है और गर्भनाल के जरिए विकसित हो रहे भ्रूण तक पहुंचता है। प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों से पता चलता है कि बुजुर्ग इंसानों की तरह बूढ़े चूहों को भी याददाश्त की समस्या होती है। परीक्षण के दौरान अठारह माह के एक चूहे को दोबारा पानी के टैंक में छोड़ दिया गया। चूहों की उम्र के हिसाब से उसे बूढ़ा कहा जा सकता है। वह पानी के नीचे एक ढांचे को ढूंढ़ने की कोशिश करता है, जिस पर वह चढ़ सके, लेकिन उसे याद नहीं आता कि वह कहां है। इसी तरह के टैंक में डाले गए एक अन्य युवा चूहे को उस ढांचे को तलाशने में कोई दिक्कत नहीं होती, जिसका इस्तेमाल उसने एक दिन पहले किया था। वैज्ञानिक बूढ़े चूहे को 'ऑस्टियोकैल्सिन' की एक खुराक देते हैं, जिससे उसकी याददाश्त बेहतर हो जाती है और वह उस ढांचे को ढूंढ़ लेता है।



वैज्ञानिकों ने एक और बात जानी कि चूहे में लगभग नौ माह की उम्र में तथा महिलाओं में तीस साल और पुरुषों में पचास साल की उम्र से पहले 'ऑस्टियोकैल्सिन' का स्तर तेजी से कम होने लगता है। हालांकि, जब शरीर पर व्यायाम या अन्य तरह की गतिविधि से दबाव पड़ता है, तो इस हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। शारीरिक गतिविधि के बिना हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है और इस हार्मोन का बनना भी कम हो जाता है।

वैज्ञानिकों ने पाया है कि ज्यादा उम्र की महिलाओं में बारह हफ्तों तक सप्ताह में तीन बार एक घंटे का व्यायाम करने से 'ऑस्टियोकैल्सिन' के स्तर और हड्डियों के घनत्व में बढ़ोतरी होती है। उदाहरण के लिए वजन उठाने की गतिविधि, दौड़ना, नृत्य करना या तेज चलना इस हार्मोन के स्तर को बढ़ा देता है। इसके अलावा विटामिन-डी और के-2 वाला अच्छा खान-पान भी इसका एक अहम हिस्सा है।

बढ़ती उम्र के साथ सुनने की क्षमता कम हो जाना एक और गंभीर समस्या है। अमेरिका में 1,44,000 महिलाओं पर किए गए एक अध्ययन में 'ऑस्टियोपोरोसिस' (हड्डियों का घनत्व कम होना) और सुनने की क्षमता कम होने के बीच संबंध पाया गया है। कान के बीच के हिस्से में मौजूद छोटी-छोटी हड्डियां (मेलियस, इनकस और स्टेप्स) आवाज को आगे पहुंचाने में मदद करती हैं। अगर हड्डियों के कमजोर होने या टूटने से इन्हें नुकसान पहुंचता है, तो सुनने की क्षमता कम हो सकती है। मगर यह ऐसा जोखिम है, जिसे ठीक किया जा सकता है।

बहरहाल, मुख्य बात यह है कि हम अपनी हड्डियों की सेहत को उतनी गंभीरता से नहीं लेते, जितनी जरूरत होती है। जबकि हड्डियां शरीर के कई ऐसे जरूरी कार्यों को नियंत्रित करती हैं, जिनकी गति उम्र बढ़ने के साथ धीमी होने लगती हैं। इसलिए उम्र बढ़ने के साथ-साथ हड्डियों की सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

जब हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, तो हल्की चोट लगने पर भी उनके टूटने का खतरा रहता है। ऐसे में अगर सोचने-समझने एवं सुनने की क्षमता को बनाए रखना है और हड्डियों को टूटने से बचाना है, तो उनके स्वास्थ्य पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। हड्डियों और दिमाग के बीच के परस्पर संबंधों को मजबूत बनाए रखने का सबसे असरदार और आसान तरीका है, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना। आज हालत यह है कि पैसा और तकनीकी सुविधाएं बढ़ने के साथ लोगों ने खुद के कार्यों को घरेलू सहायकों के हवाले कर दिया है। यदि व्यक्ति झाड़ू-पोंछा, साफ-सफाई और भोजन बनाने जैसे घरेलू कार्यों को खुद करे, तो शरीर का अच्छा व्यायाम हो सकता है। यानी न तो जिम जाने की जरूरत पड़ेगी और न ही शारीरिक गतिविधियों के लिए पैसा खर्च करना पड़ेगा।

देश में मनोभ्रंश के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए सरकारी स्तर पर भी व्यापक प्रयास किए जाने की जरूरत है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष कार्यक्रम और अभियान शुरू करने होंगे। जिला स्तर पर 'मेमोरी क्लीनिक' खोलने होंगे और यहां पर देखभाल करने वालों को आर्थिक एवं सामाजिक सहायता देनी होगी। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हड्डी एवं मानसिक स्वास्थ्य इकाइयां स्थापित करना भी समय की जरूरत है। मनोभ्रंश को आधिकारिक तौर पर बुजुर्गों की दिव्यांगता के रूप में अधिसूचित करने की जरूरत है। देश में बढ़ती आबादी के अनुरूप प्रभावी इलाज और रोकथाम के लिए अनुसंधान केंद्र स्थापित करना भी आवश्यक है। मगर इससे पहले देश में मनोभ्रंश प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना जरूरी है।

# अंकों का गणित- एक रुपया बढ़े तो बरकत, एक अंक घटे तो बदल जाती है पूरी कहानी

( विप्रम )

कुछ संख्या बोलने में ही किसी को इतनी 'कठिन' लगती हैं कि उनकी जीभ लड़खड़ा जाए या भ्रम हो जाए। जैसे उनसठ, उनचास और उनहत्तर। अंकों का अपना अर्थ होता है। संख्या के हिसाब से इनका गणित कभी लाभदायक, तो कभी हानिकारक हो जाता है। इसी नफा या नुकसान के मद्देनजर इन्हें अजीब कहा जाता है। उदाहरण के तौर पर एक कर्मचारी की सेवानिवृत्ति उनतीस अप्रैल को हुई, हालांकि उनकी जन्म तिथि एक मई थी। सेवानिवृत्ति की आयु पूरी होने के लिहाज से देखा जाए, तो ऐसा लग रहा है कि उन्हें एक दिन पहले सेवानिवृत्त कर दिया गया। नियम यह है कि अगर उनकी जन्म-तिथि एक मई न होकर दो मई होती, तो वे इकतीस मई को सेवानिवृत्त होते। यानी उन्हें पूरे एक महीने का लाभ मिलता। एक दिन के फेर में कर्मचारी को खासा नुकसान हो गया।

अंकों के गणित की शुरुआत शून्य से नौ तक मानी जाती है। शून्य यानी जीरो का अपना अलग महत्त्व होता है। एक से आगे की संख्याओं की अपनी महिमा होती है। अपने विशेष संकेत हुआ करते हैं। शून्य वह संख्या है, जो किसी अन्य संख्या के पहले या बाद में लगा दिया जाए, तो उस संख्या का महत्त्व घट या बढ़ जाता है।

ठीक ऐसे ही एक वह संख्या है, जिसे किसी और संख्या में बढ़ा दिया जाए, तो उसकी महत्ता में और अधिक वृद्धि हो जाती है। उदाहरण के तौर पर एक सौ रुपए की इतनी अहमियत नहीं होती, जब तक कि उसमें एक रुपया बढ़ा न दिया जाए। एक सौ एक होते ही वह सौ रुपया 'श्रद्धापूर्ण' होकर बहुत भला लगने लगता है। ठीक इसी तरह पांच सौ एक और ग्यारह सौ एक रुपए। यहां बढ़ा हुआ एक रुपया बहुमूल्य ही नहीं, 'अति संस्कारी' भी हो जाता है!

एक रुपया, यानी एक की कमी कभी-कभी विस्मयकारी भी हो सकती है, जिसे सरकारी या गैरसरकारी खिड़की से कोई रेल या बस की टिकट लेते समय अमूमन देखा जा सकता है। यह एक रुपया कितना करामाती होता है, यह भीड़ में साफ दिखता है। टिकट लेने की प्रक्रिया में यह रुपया बाधक भी हो सकता है और बड़ा कीमती भी हो जाता है। यानी एक की संख्या। एक बार एक प्रधानमंत्री को सदन में यह एक की संख्या कितनी भारी पड़ी थी, सब जानते हैं। सीधे शब्दों में कहें, तो उनकी सरकार चली गई थी।

इस एक की संख्या का गणित सच में बड़ा जटिल होता है। एक नंबर से परीक्षाफल में विद्यार्थियों की अच्छी-खासी डिवीजन यानी श्रेणी तक बदल जाती है। एक मिनट लेट होने पर ट्रेन छूट जाती है, तो आजकल कभी-कभी परीक्षा-भवन में प्रवेश से रोक दिया जाता है। हर शुरुआत के लिए पहले कदम की दरकार होती है।

असल गिनती देखा जाए, तो एक से दस तक हुआ करती है। इसी को क्रम से आगे बढ़ाते रहा जाए, तो गिनती और बढ़ती रहेगी। सौ, हजार, लाख, करोड़ज। सब अंकों का खेल है। पुराने लोगों को तो हाथ की अंगुलियों की गिनती आती थी, यानी पांच तक। इसी पांच में वे अपनी जिंदगी गुजार लेते थे। पर यहां यह जरूर कह सकते हैं कि पांच से दो अंक पहले जो अंक यानी तीन आता है, वह न तो उन्हें भला लगता था, न किसी और को। यह संख्या आज के दौड़ते-भागते लोगों को भी माफिक नहीं लगती। अशुभ मानते हुए कहा भी जाता है- तीन तिगाड़ा, काम बिगाड़ा।

इस क्रम में देखा जाए तो नौ की संख्या 'अद्भुत' मानी जाती है। यह वह संख्या है, जिसे एक से दस तक गुणा करने के बाद जो फल आता है, उसका जोड़ भी नौ ही आएगा। जैसे नौ गुणा एक बराबर हुआ नौ। नौ गुणा दो बराबर अठारह। इस अठारह का जोड़ हुआ नौ। ऐसे ही नौ को तीन से गुणा करने के उपरांत योग हुआ सत्ताईस। इसका जोड़ हुआ नौ। आखिर में नौ को दस से भी गुणा करने पर जोड़ हुआ नब्बे।

इस नब्बे को जोड़ा, तो फिर नौ बने। बहरहाल, बारह की संख्या के बाद और चौदह से पहले आने वाली संख्या, यानी तेरह, कैलेंडरों या किताबों में तो अवश्य लिखी मिल जाएगी, लेकिन किसी होटल या अस्पताल में यह संख्या कई बार कहीं नहीं दिखती है। शायद बहुत पर्दे में रहती है। अंकशास्त्री भी इसके सम्मोहन में हाथ खड़े कर देते हैं। तेरह की तोड़ में जगह-जगह केवल बारह-ए लिखा मिल सकता है। सीधा-साफ तेरह नहीं लिखा जाता। इसका भाव भी टेढ़ा समझा जाता है।

बहरहाल, संख्याओं के तीन-तेरह में क्या और क्यों पड़ना! बड़े से बड़े अंकशास्त्री इससे बचा करते हैं। फिर आम लोगों की क्या ही कहें? अंकों का विश्लेषण करते हुए कुछ संख्याओं पर टिप्पणी करना यहां अति आवश्यक है। ये अगर यहां गिनाई न जाएं तो बात अधूरी रह सकती है। इन्हें संज्ञा विशेषण ही नहीं, बल्कि सर्वनाम विशेषण और क्रिया विशेषण के तौर पर भी याद किया जा सकता है।

# बारिश में क्यों डूब रहे शहर? कचरा प्रबंधन की कमजोरी से बढ़ रहा जलभराव का संकट

**हर मानसून में योजनाओं की कमियों और अधूरी तैयारियों के चलते शहरों में जलभराव, ट्रैफिक जाम और मोहल्लों में बाधित आवागमन जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। सड़कों और सर्विस लेन के किनारे डाला जाने वाला कचरा वर्षा जल निकासी के नालों में चला जाता है, जिससे उनकी जल निकासी क्षमता घटती है, बारिश के पानी का बहाव रुकता है, और अस्वास्थ्यकर स्थितियां पैदा होती हैं। मसलन, हैदराबाद में हैदराबाद डिजास्टर रिस्पॉन्स एंड असेट प्रोटेक्शन एजेंसी (हाइड्रा) ने बारिश के पानी की निकासी वाले नालों से 13 ट्रक कचरा निकाला।**

(सृष्टि मिश्रा)

बारिश की बढ़ती तीव्रता के मद्देनजर वही शहर बाढ़ से सुरक्षित रह पाएंगे, जो कचरा प्रबंधन के नियमों का सही ढंग से पालन करेंगे। मानसून ने फिर बता दिया कि भारी बारिश के सामने हमारे शहर कितने कमजोर हैं। कई शहर भारी बारिश के बाद सड़कों पर बाढ़ और जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। इस समस्या को गहराई से देखने पर इसके पीछे कचरा प्रबंधन की नाकामी साफ नजर आती है।

हर मानसून में योजनाओं की कमियों और अधूरी तैयारियों के चलते शहरों में जलभराव, ट्रैफिक जाम और मोहल्लों में बाधित आवागमन जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। सड़कों और सर्विस लेन के किनारे डाला जाने वाला कचरा वर्षा जल निकासी के नालों में चला जाता है, जिससे उनकी जल निकासी क्षमता घटती है, बारिश के पानी का बहाव रुकता है, और अस्वास्थ्यकर स्थितियां पैदा होती हैं। मसलन, हैदराबाद में हैदराबाद डिजास्टर रिस्पॉन्स एंड असेट प्रोटेक्शन एजेंसी (हाइड्रा) ने बारिश के पानी की निकासी वाले नालों से 13 ट्रक कचरा निकाला।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, भारत में रोजाना 1,70,900 टन शहरी ठोस कचरा निकलता है। इसमें से 61 फीसदी की प्रोसेसिंग होती है, 22 फीसदी हिस्सा लैंडफिल में जाता है, जबकि 17 प्रतिशत कचरे का लेखा-जोखा ही नहीं मिल पाता है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एन्वॉयरन्मेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के मुताबिक, जो कचरा आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पाता, उसका बड़ा हिस्सा खुले में फेंक दिया जाता है। यह कचरा धीरे-धीरे जलस्रोतों और बारिश के पानी की निकासी वाले नालों में पहुंच जाता है। मानसून से पहले इन नालों की सफाई न होने के कारण उनकी जल निकासी क्षमता कम हो जाती है और जलभराव की समस्या बढ़ जाती है। यह समस्या बुनियादी ढांचे के डिजाइन में कमी के कारण और भी बढ़ जाती है।




शहरी जल निकासी तंत्र आमतौर पर सिर्फ 12 से 20 मिमी प्रति घंटे की तीव्रता वाली बारिश को संभाल पाते हैं। लेकिन, अब शहरों में कम समय में बहुत तेज बारिश हो रही है, जो इनकी क्षमता से कहीं अधिक है। सीईईडब्ल्यू के एक शोध में सामने आया है कि द्विवर्षीय पुनरावृत्ति अवधि वाली बारिश की घटनाओं में महाराष्ट्र के ठाणे और गुजरात के नवसारी शहरों में 55 से लेकर 60 मिलीमीटर प्रति घंटे की तीव्रता की बारिश दर्ज की गई। यह चुनौती तब और गंभीर हो जाती है, जब कचरा प्रसंस्करण की व्यवस्था पर्याप्त न हो। ऐसे में कुछ कदम उठाने जरूरी हैं।

पहला, शहरी स्थानीय निकायों को जल निकासी व्यवस्था और रोजमर्रा के संचालन की योजना बनाते समय वार्ड स्तर पर बारिश और कचरे से जुड़े आंकड़ों का एकसाथ विश्लेषण करना होगा। इससे योजना निर्माण के लिए पुराने औसत आंकड़ों की तुलना में एक सशक्त आधार मिलता है। दूसरा, शहरी स्थानीय निकायों को बारिश के बदलते पैटर्न को ध्यान में रखकर नालों की सफाई के समय में बदलाव करना होगा। इसके अलावा, स्वच्छता, जल-निकासी और सीवरेज जैसे विभिन्न विभागों के बीच तालमेल को औपचारिक रूप देना चाहिए। इधर-उधर कचरा फेंकने पर सख्ती किए बगैर सिर्फ नालों की सफाई करके शहरी बाढ़ नहीं रोकी जा सकती है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में वर्षा जल निकासी के नालों में सीवेज का प्रवाह रोकने, खुले में कचरा फेंकने पर जुर्माने को सख्त बनाने और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ाने पर जोर दिया है। तीसरा, शहरों को एकीकृत जल निकासी व कचरा प्रबंधन ढांचे में निवेश करना होगा। यानी, बाढ़ के जोखिम वाले इलाकों में जीरो-वेस्ट योजनाओं के साथ वर्षा जल निकासी के ढांचे को विस्तार देना चाहिए।

अंत में, शहरों को शुरू में ही कचरे को नालों में जाने से रोकना होगा। कचरा पकड़ने वाले जाल (डेब्रिस ट्रैप्स), स्क्रीन और ट्रैश रैक जैसे कम लागत वाले उपकरण कचरे को नालों में जाने से रोक सकते हैं। केरल के अलाप्पुझा की 'कैनालपी' पहल मोहल्ला स्तर पर कचरा रोकने वाली स्क्रीन और विकेंद्रीकृत घरेलू कचरा प्रबंधन के जरिये प्लास्टिक को नहरों तक पहुंचने से रोकती है। वहीं, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर रोक से नाले जाम होने की समस्या भी घट सकती है। यानी कचरे को स्रोत और जल निकासी, दोनों स्तरों पर रोककर बाढ़ और नालों की सफाई का खर्च कम किया जा सकता है।

अगर कचरा प्रबंधन सही नहीं है, तो कोई भी शहर सिर्फ बड़े नाले बनाकर भी बाढ़ की समस्या नहीं सुलझा सकते हैं। इसलिए, जलवायु परिवर्तन के कारण जिस तरह से बारिश की तीव्रता बढ़ रही है, कचरा प्रबंधन को एक जरूरी जलवायु अनुकूलन बुनियादी ढांचा मानना चाहिए। अब बाढ़ से वही शहर सुरक्षित रह पाएंगे, जो बारिश आने से काफी पहले से अपने कचरे को नालों में जाने से रोक पाएंगे।

(लेखिका रिसर्च एनालिस्ट, सीईईडब्ल्यू )

# अनुश्रवण समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने उठाए मुद्दे

## लो वोल्टेज व टेंपो स्टैंड पर कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई अनुमंडल कार्यालय में अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए आपूर्ति व्यवस्था,राशन कार्ड, बिजली की लो वोल्टेज समस्या, संभावित बाढ़ की स्थिति तथा टेंपो स्टैंड निर्माण सहित कई मुद्दों पर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया।बैठक में एसडीओ राजू कुमार ने बताया कि आपूर्ति विभाग द्वारा नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है। बारसोई अनुमंडल क्षेत्र से राशन कार्ड के लिए लगभग 12 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनका अनुमंडल प्रशासन द्वारा ऑनलाइन आवेदन कर दिया गया है। अब राशन कार्ड



निर्गत करने से पूर्व लाभुकों का केवाईसी किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अब तक मात्र तीन से चार हजार आवेदकों का ही केवाईसी हो पाया है। जबकि लगभग आठ हजार आवेदकों का केवाईसी अभी शेष है। इसी कारण बड़ी संख्या में राशन कार्ड निर्गत होने की प्रक्रिया लंबित है।एसडीओ ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को केवाईसी कराने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आवेदक अपने नजदीकी पीडीएस डीलर के पास जाकर केवाईसी करा सकते हैं। वहीं रोजगार या मजदूरी के लिए बाहर रहने वाले लोग भी मेरा केवाईसी ऐप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन द्वारा अपना केवाईसी पूरा कर सकते हैं। इससे राशन कार्ड निर्गत करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी और पात्र लोगों को जल्द इसका लाभ मिल सकेगा। बैठक में संभावित बाढ़ की स्थिति एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। एसडीओ ने आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए हर परिस्थिति के लिए सतर्क रहने को कहा। विभागीय अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। और भविष्य में किसी प्रकार की आपदा या आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल प्रशासन एवं संबंधित लोगों को सूचना दी जाएगी। जनप्रतिनिधियों ने बारसोई जंक्शन से चमड़ा गोदाम के बीच सड़क किनारे स्थित बिजली के पोल को हटाकर साइड करने की मांग की। इस पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों से बात कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।बारसोई में लगातार बढ़ती जाम की समस्या को लेकर भी बैठक में गंभीर चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए शीघ्र टेंपो स्टैंड निर्माण की मांग की। इस पर एसडीओ राजू कुमार ने अंचल पदाधिकारी बारसोई श्याम सुन्दर साह को टेंपो स्टैंड के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि भूमि उपलब्ध होने के बाद इस दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी और अगली बैठक तक टेंपो स्टैंड की समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। बैठक में नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार,अंचल पदाधिकारी श्याम सुन्दर साह,आपूर्ति विभाग, बिजली विभाग एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोजगार मेले में 554 युवा एवं युवतियों का निजी कंपनियों में हुआ नियोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** रोजगार एवं कौशल विकास विभाग बिहार सरकार के निदेशानुसार जिला नियोजनालय के तत्वावधान में जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन -सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन संयुक्त श्रम भवन परिसर में किया गया। जिसका उद्घाटन सांसद तारिक अनवर,सदर विधायक होते है।यह वह प्लेटफॉर्म है,जहां जॉबसीकर नियोजक को समझ बुझ कर अपना बायोडाटा देकर रोजगार प्राप्त करते हैं। अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए अनेकों रोजगार उपलब्ध है। युवा अपना कौशल विकास करें तथा अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार प्राप्त करें। वहीं जॉब नहीं करने वाले को स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित किया



तारकिशोर प्रसाद, जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं महापौर श्रीमति उषा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।इस एक दिवसीय नियोजन मेला में 23 नियोजक कंपनियां शामिल होकर युवाओं एवं युवतियों को रोजगार का अवसर प्रदान किया। 23 निजी नियोजक कंपनियों द्वारा 1557 आवेदन प्राप्त कर 554 आवेदकों का अंतिम रुप से चयन किया। मेला को संबोधित करते हुए अतिथियों ने इस तरह के आयोजन को निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर बताया। वहीं कहा गया कि युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का यह बहुत अच्छी पहल है जिसमें एक हीं स्थान पर विभिन्न क्षेत्र के कई नियोजक युवाओं को रोजगार देने के लिए उनके क्षेत्र में उपस्थित गया। इस दौरान रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ी अनेकों योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मो. तौसीफ क्याम,कनीय सांख्यिकी सहायक रविन्द्र पासवान, कनीय सांख्यिकी सहायक अभिजित चन्द्र दे, कनीय सांख्यिकी सहायक मो. साकिब उबेद, प्रधान लिपिक इन्द्रदेव प्रसाद, यंग प्रोफेसनल संजीव कुमार, जिला कौशल प्रबंधक विवेक कुमार तथा सुधा रंजन सहित जिला नियोजनालय के कर्मी, कंपनियों के पदाधिकारी व कर्मी एवं रोजगार की चाह में आये युवा और उपस्थित शामिल रहे। मेला में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन भी दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत के सतत विकास के लिए पंचायत विकास दिवस आयोजित

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के भेड़मारा, मोहनपुर,चित्तौरिया ओर साहेबनगर पंचायत भवन में ग्राम पंचायत के सतत विकास हेतु पंचायत विकास दिवस आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया क्रमशः अनवर आलम, प्रियंका कुमारी, मरजीना खातून, दीप नारायण पासवान ने की । इस मौके पर ग्रामीणों ने अपने-अपने वार्ड में गली में ईट सोलिंग सड़क निर्माण, नाली निर्माण, स्वच्छ पेय जल, बिजली आदि के लिए आवेदन दिए। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मो. तज्जमुल हक,शशि कुमार मंडल, पंचायत सचिव सचिंद्र झा, प्रीतम कुमार यादव, कार्यपालक सहायक टिंकू कुमार, विष्णु कुमार झा,दीक्षा कुमारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक मो. अशरफ, चंदन कुमार रजक, सुनील कुमार शर्मा, कचहरी सचिव मो. फरीद आलम, मो. जलाल, विकास मित्र रंजीत कुमार राय, प्रमोद कुमार ऋषि, अलका ऋषि, आवास सहायक राकेश कुमार बर्नवाल, वार्ड सदस्य मो. फिरोज, मो. नसीम, सुरेश यादव, मो. इब्राहिम, लाल मोहम्मद, मो. खुशबुर, मो. शमीम अख्तर, सुशील सहनी, मो. अंसारुल हक, मो. अनीसुर रहमान आदि उपस्थित रहे।



### कटिहार कांग्रेस को 'ए' ग्रेड मिलना कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कांग्रेस के मनसाही प्रखंड अध्यक्ष कमरुल हक ने कहा विगत दिनों नई दिल्ली में एआईसीसी के संगठन महासचिव केसीवेणुगोपाल की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार उपस्थित रहे। जिसमें कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कटिहार जिले को ए ग्रेड श्रेणी प्राप्त हुआ हैं। इस सम्मान के लिए कांग्रेस के मनसाही प्रखंड अध्यक्ष कमरुल हक ने कटिहार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को बधाई दिए एवं कटिहार जिला कांग्रेस के सभी सम्मानित साथियों की सहभागिता सक्रियता एवं सामूहिक प्रयास के लिए कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कमरुल हक आप सभी साथियों का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। आगामी दिनों में भी जिला कांग्रेस कमेटी का श्रेणी इसी प्रकार बरकरार रहे।



### कटिहार रेल यात्रियों को रेलवे का बड़ा तोहफा

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार रेल मंडल से सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे ने बड़ी राहत दी है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कटिहार-मनिहारी स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने के साथ कटिहार होकर चलने वाली दो महत्वपूर्ण स्पेशल ट्रेनों को नियमित करने का निर्णय लिया है।कटिहार-मनिहारी स्पेशल 07540/07539 के पांच तथा 07542/07541 के तीन अतिरिक्त फेरे निर्धारित किए गए हैं। वहीं रानी कमलापति - अगरतला स्पेशल को 11665/11666 तथा हापा - नाहरलगुन स्पेशल को 19525/19526 नंबर से नियमित ट्रेन के रूप में चलाया जाएगा। रानी कमलापति-अगरतला ट्रेन 22 अक्टूबर से तथा हापा-नाहरलगुन ट्रेन 23 सितंबर 2026 से नए नियमित नंबर के साथ चलेगी। दोनों ट्रेनों के कटिहार में ठहराव से मध्य भारत, गुजरात और पूर्वोत्तर राज्यों के बीच रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी। रेलवे के इस फैसले से सीमांचल के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी, सुविधाजनक यात्रा और नियमित ट्रेन सेवा का लाभ मिलेगा।

# कल तक थे नशे की गिरफ्त में आज बन गए लाइफ सेवियर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कभी नशे की गिरफ्त में फंसे इन युवाओं ने अब अपनी जिंदगी की राह बदल ली है। जो युवा कल तक नशे के खिलाफ जंग हारते नजर आ रहे थे। वही आज किसी की जिंदगी बचाने के लिए अपना खून दान कर रहे हैं। यह तस्वीर कटिहार के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ० राजीव जायसवाल के जानकी ट्रॉमा सेंटर एंड हॉस्पिटल में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में देखने को मिली। जानकी ट्रॉमा सेंटर एंड हॉस्पिटल और कटिहार राइडर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रक्तदान कैंप में कुल 25 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। कैंप में युवाओं




ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और रक्तदान किया। इस कैंप की सबसे खास और प्रेरणादायक बात यह रही कि इसमें ऐसे युवा भी पहुंचे जो कभी नशे की गिरफ्त में थे। अब इन युवाओं ने नशे को पूरी तरह छोड़कर अपनी जिंदगी को नई दिशा देने का फैसला किया है। रक्तदान कर उन्होंने न सिर्फ किसी जरूरतमंद की मदद की बल्कि समाज के सामने बदलाव की एक मिसाल भी पेश की । कटिहार राइडर्स के संस्थापक अमितेश रंजन ने बताया कि कैंप का मकसद युवा पीढ़ी को नशा से दूर रहने के लिए जागरूक करना है वहीं डॉ ० राजीव जायसवाल ने कहा कि कैंप का मकसद लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए ब्लड की उपलब्धता में योगदान देना है। इस कैंप के संयोजक समाजसेवी अमित जायसवाल विक्की ने कहा जो हाथ कभी नशे में डूबे थे आज वही हाथ किसी की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान कर रहे हैं।" यही इस कैंप की सबसे बड़ी तस्वीर और सबसे बड़ा संदेश बनकर सामने आया। इस रक्तदान कैंप को सफल बनाने में राइडर्स के प्रमुख सदस्य सतीश विश्वकर्मा, नरेंद्र सोनू, राम बाबू, चंचल साह, अमित भगत और उम्मीद फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र के बीरेन्द्र कुमार आदि ने सक्रियता निभाई ।

# तेज रफ्तार कार सड़क किनारे गड्ढे में पलटी, दो सवार बाल-बाल बचे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** एनएच - 31 पर ढाबा सुतारा के समीप रविवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद दोनों कुछ देर तक कार के अंदर फंसे रहे और मदद के लिए शोर मचाते रहे। बताया जाता है कि कार सवार पंप से तेल लेने के बाद देवीपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार होने के कारण कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी और पलट गई। हादसा देख आसपास के लोग मौके



पर जुट गए। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे दोनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी।

# विकसित भारत-समृद्ध बिहार का लिया संकल्प : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार )।** पंचायत विकास दिवस के अवसर पर रविवार को हसनगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित रामपुर पंचायत के आदर्श उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हसनगंज एवं जगन्नाथपुर पंचायत भवन में ह्यविकसित भारत, समृद्ध बिहारह्ल के तहत विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। रामपुर पंचायत में ग्रामसभा की अध्यक्षता मुखिया रानी देवी ने की। वहीं जगन्नाथपुर पंचायत में आयोजित ग्रामसभा की अध्यक्षता मुखिया रीना देवी ने की। रामपुर पंचायत में आयोजित विशेष ग्रामसभा का शुभारंभ जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी,एमएलसी अशोक



कुमार अग्रवाल, मुखिया रानी देवी एवं भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार मंडल, सरपंच अनिल मंडल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान पंचायत के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम को भी सुना। एमएलसी अशोक कुमार अग्रवाल एवं मुखिया रानी देवी ने कहा कि पंचायत विकास दिवस के अवसर पर विशेष ग्रामसभा आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पंचायत में चल रहे विकास कार्यों को गति देना तथा ग्रामीणों की समस्याओं, जरूरतों और सुझावों को सामने लाना है। उन्होंने कहा कि पंचायत के समुचित विकास के लिए ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। डीएम आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि ग्रामसभा लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। पंचायत के विकास की योजनाएं ग्रामीणों की जरूरत और प्राथमिकता के आधार पर तैयार हों, इसके लिए ग्रामसभा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपनी समस्याओं और सुझावों को खुलकर रखने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही पंचायतों का समुचित एवं सतत विकास संभव है।

# दिवंगत फौजी के परिजनों से मिले सांसद तारिक अनवर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** कटिहार लोकसभा क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे के दौरान सांसद तारिक अनवर ने बारसोई क्षेत्र का सघन दौरा किया। बारसोई में क्षेत्र भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम वे बारसोई प्रखंड स्थित शिकारपुर निवासी दिवंगत फौजी के परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचे। शिकारपुर निवासी दिवंगत फौजी मोहम्मद सगीरूद्दीन के परिजनों से मिलकर उन्होंने उनके आकस्मिक निधन पर दुख जताते हुए उनकी पत्नी, बेटे और बेटियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने उनके परिवार के साथ हर सुख-दुख में खड़े रहने की बात कही। इसके बाद उन्होंने



अपने काफिले के साथ धर्मपुर पंचायत के पलासी गांव, बलरामपुर गांव नलसर पंचायत के चांदपाड़ा चापाखोर पंचायत के चापाखोर, बाजिदपुर, बेरियाल, डमडोलिया तथा हरनारोही पंचायत के चैतावली मार्केट में जनसंपर्क किया और लोगों के दुख-दर्द को सुना। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव,अवधेश मंडल, सिकंदर मंडल, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज, शहादत हुसैन, महबूब आलम, मोहम्मद सनोव्वर, मोहम्मद रहमान, जहरुल इस्लाम, मोहम्मद अनवार आदि सैकड़ो पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# गहरे पानी में डूबने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के पारदियारा ग्राम पंचायत के झब्बू टोला गांव में फैले नदी के पानी में रविवार को घर के पास बाढ़ के पानी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूबने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान झब्बू टोला वार्ड संख्या दो निवासी मनीरूल के पुत्र जीशान (5) के रूप में हुई है। गंगा नदी का पानी पार दियारा पंचायत के लगभग सभी गांवों में फैल गया है। झब्बू टोला में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। ग्रामीण नाव के सहारे आवागमन कर रहे हैं।रविवार को करीब एक बजे जीशान अपने दोस्तों के साथ घर के पास फैली नदी के



पानी में स्नान करने गया था। स्नान करने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसके साथ मौजूद दोस्तों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा काफी प्रयास के बाद बच्चे को पानी से बाहर निकाला।परिजन बच्चे को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदाबाद लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मान किरण ने बताया कि बच्चे को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था।

# बिहार स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर स्थापना की मांग को लेकर एबीवीपी ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत केबी झा महाविद्यालय परिसर में बिहार स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर स्थापित कराने को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद को एक ज्ञापन सौंपा गया।सौंपे गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि महाविद्यालय परिसर में खाली पड़ी तीन एकड़ भूमि का निरीक्षण जिला खेल पदाधिकारी द्वारा बिहार स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर को खोलने हेतु किया गया था। जिला खेल पदाधिकारी के साथ किए गए पत्राचार के संदर्भ में अवलोकन करते हुए आग्रह किया गया है कि उनके स्तर से स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर खोलने की अग्रतर कार्रवाई हेतु जिला खेल पदाधिकारी, जिलाधिकारी एवं खेल मंत्री, बिहार



सरकार से वार्ता कर उचित कार्रवाई की जाय। इससे महाविद्यालय को बिहार स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर प्राप्त हो सकेगा। जिससे हजारों छात्र-छात्राओं का मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक, सावेगिक एवं सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। अभाविप का कहना है कि महाविद्यालय के विकास में यह एक मील का पत्थर साबित होगा।इस अवसर पर प्रांत सह मंत्री विनय सिंह, विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल ठाकुर, नगर सह मंत्री रवि सिंह, विशाल सिंह और राहुल साह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेयुप कटिहार की ओर से जैन विधि से सामूहिक जन्मदिन आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री प्रशांत कुमार जी, मुनिश्री कुमुद कुमारजी के सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद कटिहार द्वारा जैन संस्कार विधि द्वारा सामूहिक जन्मदिन का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री प्रशांत कुमार जी ने कहा कि - तेरापंथ युवक परिषद ने नया उपक्रम प्रारम्भ किया जैन संस्कार विधि से सामूहिक जन्मदिन मनाने का। समूह में मनाने का एवं सबका एक साथ मनाने का अपने आप में एक सौभाग्य की बात होती है।समाज के मध्य धर्मसंघ की संस्था के द्वारा मनाया जा रहा है वह विशेष है। पारिवारिक सदस्यों एवं दोस्तों के साथ व्यक्ति स्वयं मनाता है लेकिन इसमें समाज मना रहा है। जन्मदिन



आता है तो सहज ही खुशी होती है।जैन विधि से हम कैसे मनाएं इसलिए समाज के मध्य यह कार्यक्रम किया जाता है। आगामी वर्ष को कैसे जिएं? यह एक अच्छा विचार है। जन्मदिन पर हमें विशेष संकल्प लेना चाहिए। हमें आगामी वर्ष तक अपने जीवन में परिवर्तन लाना है। अगले वर्ष तक अपने जीवन को कैसे जीना है। जीवन में विकास के लिए संकल्प लेना चाहिए।संकल्प से बहुत कुछ बदलाव लाया जा सकता है, विकास किया जा सकता। इस उपक्रम से हम अपने प्रति मंगल कामना करते हैं।यह केवल आयोजन ही नहीं अपितु स्वयं की प्रगति का हेतु है।मनीष नाहटा ने बताया कि अगस्त माह वाले ग्यारह सदस्यों का सामूहिक जन्मदिन जैन संस्कार विधि से हुआ। संस्कारक विरेंद्र संचेती ने विविध मंत्रों से विधि को पूर्ण किया। नरेन्द्र संचेती ने विचार व्यक्त किए। आभार की अभिव्यक्ति राहुल सुराणा ने दी। कार्यक्रम का संचालन तेयुप मंत्री श्रेयांस खटेड़ ने किया। कार्यक्रम को सम्पादित करने में निशांत संचेती की भूमिका रही। प्रायोजक तेजकरण संचेती, नरेंद्र कुमार संचेती परिवार ने सभी को सम्मानित किया।

**संक्षिप्त समाचार**

### शुरुआत से ही बिजनेस ने सरकार के साथ करीबी रिश्ते बनाए हैं...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चार्ल्स कोच अमेरिका के जाने-माने उद्योगपति, दानवीर और राजनीतिक



रणनीतिकार हैं। वह अमेरिका की सबसे बड़ी निजी कंपनियों में से एक कोच इंडस्ट्रीज के चेयरमैन हैं। कोच इंडस्ट्रीज पेट्रोलियम रिफाइनिंग, रसायन, उर्वरक, कागज और खनिज जैसे पारंपरिक ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्रों में विशाल वैश्विक व्यापार चलाती है। चार्ल्स कोच अपने कट्टर मुक्त बाजार और उदारवादी राजनीतिक विचारों के लिए जाने जाते हैं। वह सरकारी हस्तक्षेप, सब्सिडी और अत्यधिक नियमों के सख्त खिलाफ रहे हैं। 'शुरुआत से ही बिजनेस ने सरकार के साथ करीबी रिश्ते बनाए हैं और कॉम्पिटिशन पर रोक और सब्सिडी जैसी चीजें हासिल की हैं।' यह कोट चार्ल्स कोच के 'मुक्त बाजार' के सिद्धांतों और 'क्रॉनी कैपिटलिज्म' के विरोध को साफ उजागर करता है। कोच का मानना है कि इतिहास गवाह है कि कई बड़ी कंपनियां और व्यापारी निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा से डरते हैं। इसलिए वे अपने फायदे के लिए नेताओं और सरकार से साठगांठ करते हैं ताकि उन्हें विशेष फायदे मिल सकें। जब कोई कंपनी सरकार के करीब आती है तो वह ऐसे नियम, कानून या लाइसेंसिंग नीतियां बनवाती है जिससे नए या छोटे प्रतिस्पर्धियों के लिए बाजार में आना मुश्किल हो जाए। इससे बड़ी कंपनियों का एकाधिकार कायम रहता है। कंपनियां सरकार से करदाताओं के पैसे से दी जाने वाली सब्सिडी, बेलआउट (वित्तीय मदद) या विशेष टैक्स छूट हासिल कर लेती हैं। चार्ल्स कोच खुद एक बेहद अमीर उद्योगपति हैं।

### जीएमपी पहुंचा 372 रुपये, पहले दिन ही 2 गुना भरा आईपीओ, अभी दो दिन दांव लगाने का मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रे मार्केट में इस समय एक बेहतर स्थिति में है। आईपीओ का जीएमपी 372 रुपये के स्तर पर है। जोकि 86 प्रतिशत के लिस्टिंग का संकेत दे रहा है। इस समय आईपीओस ग्रे मार्केट में सबसे मजबूत स्थिति में है। बता दें, अगर यही जीएमपी लिस्टिंग के वक्त भी रहा तो आईपीओ एक लॉट पर 12648 रुपये का फायदा दे सकता है। ग्रे मार्केट से मिल रहे रिस्पॉन्स का ही असर है कि पहले दिन ही आईपीओ पूरी तरह से भर गया। अब तक इस आईपीओ को 2.21 गुना सब्सक्राइब किया जा चुका है। रिटेल कैटगरी में आईपीओ को अबतक 2.84 गुना, क्यूआईबी में 0.01 गुना और एनआईआई कैटगरी में 3.70 गुना सब्सक्राइब किया गया है। प्राइस बैंड का प्राइस बैंड 408 रुपये से 429 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का लॉट साइज 34 शेयरों का है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14586 रुपये का दांव लगाना होगा। बता दें, आईपीओ 28 अगस्त को खुला था। निवेशकों के पास 1 सितंबर तक दांव लगाने का मौका रहेगा। यह आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए 27 अगस्त को खुल गया था। एंकर इनवेस्टर्स से कंपनी ने 216 करोड़ रुपये जुटाए हैं। साइज 720 करोड़ रुपये का है। आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर आधारित है। आईपीओ के जरिए कंपनी 1.68 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है। वहीं, रजिस्ट्रार बनाया गया है। इस आईपीओ से जुटाए 576 करोड़ रुपये से कंपनी इक्विपमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्रयोग करेगी। बाकि पैसों का उपयोग जनरल कॉरपोरेट कार्यों के लिए होगा। इस इश्यू में मौजूदा निवेशक शेयर नहीं बेच रहे हैं। प्रमोटर और प्रमोटर ग्रुप के पास 46.06 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, पोस्ट आईपीओ के बाद 39.47 प्रतिशत हिस्सा है।

# अमेरिका-कनाडा की कारोबारी दुश्मनी भारत के लिए फायदेमंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-कनाडा के बीच आर्थिक रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। ऐसा तब हुआ है जब अमेरिका के साथ ओटावा की ट्रेड टेंशन बढ़ गई है। इस व्यापारिक तनाव से कनाडा के आयात की पिक्चर बदलने लगी है। इससे भारत को वहां अपना एक्सपोर्ट बढ़ाने के नए मौके मिल सकते हैं। रुबिक्स डेटा साइंसेज के विश्लेषण से इसका पता चलता है। भारत और कनाडा 2030 तक वस्तुओं और सेवाओं के आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाने का टारगेट लेकर चल रहे हैं। वहीं, मार्च 2026 में शुरू हुए कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट के लिए बातचीत का तीसरा दौर शुरू हो चुका है।

आपसी सहयोग के अगले चरण में एनर्जी, क्रिटिकल मिनरल्स, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और मजबूत सप्लाई चेन जैसे क्षेत्रों पर फोकस किए जाने की उम्मीद है।

कनाडा को भारत के एक्सपोर्ट बास्केट में भी धीरे-धीरे ज्यादा मूल्य वाले और मैन्युफैक्चर्ड उत्पादों की ओर बदलाव हो रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में कुल निर्यात में फार्मास्यूटिकल्स की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत रही। यह वित्त वर्ष 2021-22 में 8 प्रतिशत थी। वहीं, ऑटो कंपोनेंट्स और हीरों की हिस्सेदारी में भी बढ़ोतरी हुई। इसी अवधि में टॉप 5 एक्सपोर्ट प्रोडक्ट्स का संयुक्त योगदान 19 प्रतिशत से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया।



रिपोर्ट में भारतीय निर्यातकों के लिए एक और संभावित अवसर की ओर इशारा किया गया है। कारण है कि कनाडा कई अमेरिकी उत्पादों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कनाडा 8 सितंबर से अमेरिका के कुछ खास उत्पादों पर 15 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 50 प्रतिशत का काउंटर-टैरिफ लगाने की योजना बना रहा है। इसमें स्टील, घरेलू उपकरण, खेती के उपकरण, पल्प और पेपर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर शामिल हैं।

इन सेक्टर में भारत की पहले से ही अच्छी मौजूदगी है। वित्त वर्ष 2025-26 में इन खास सेक्टर से कनाडा को लगभग 1 अरब डॉलर के उत्पादों का निर्यात होने का अनुमान है।

#### कनाडा को बढ़ा है भारतीय एक्सपोर्ट

रुबिक्स डेटा साइंसेज के अनुसार, कनाडा को भारत का वस्तुओं का निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 में 3.8 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 4.7 अरब डॉलर हो गया। यह 6 प्रतिशत की कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट को दिखाता है। वित्त वर्ष 2025-26 में निर्यात में साल-दर-साल 10.6 प्रतिशत की ग्रोथ हुई। यह कनाडाई बाजार में नई तेजी का संकेत है। वहीं, कनाडा से भारत का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 4.6 अरब डॉलर के सबसे ऊंचे स्तर से घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में 3.3 अरब डॉलर रह गया। आयात में साल-दर-साल 26.1 प्रतिशत की गिरावट ने भारत को वित्त वर्ष 2024-25 में 0.2 अरब डॉलर के व्यापार घाटे को वित्त वर्ष 2025-26 में 1.4 अरब डॉलर के ट्रेड सरप्लस में बदलने में मदद की। यह वित्त वर्ष 2022-2026 की अवधि के दौरान दर्ज किया गया सबसे बड़ा सरप्लस था। इस निर्यात में मशीनरी और मैकेनिकल उपकरणों का हिस्सा 37.94 करोड़ डॉलर था। इसके बाद लोहे और स्टील से बनी चीजों का हिस्सा 29.25 करोड़ डॉलर और इलेक्ट्रिकल मशीनरी और उपकरणों का हिस्सा 22.60 करोड़ डॉलर था।

### 8वें वेतन आयोग में क्या बंद हो जाएगी रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन? एसी-जेसीएम ने बताया पूरा सच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 8वें वेतन आयोग के लागू होने के बाद क्या रिटायर्ड कर्मचारियों को मिलने वाली पेंशन बंद हो जाएगी क्या पेंशन संशोधन का लाभ केवल 2026 के बाद रिटायर होने वालों को मिलेगा? सोशल मीडिया पर ऐसे काफी मैसेज वायरल हो रहे हैं। अब नेशनल काउंसिल के स्टाफ साइड के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने ऐसी खबरों को पूरी तरह गलत बताया है। शिव गोपाल मिश्रा ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में कहा कि कई पेंशनर्स ने उनसे सीधे संपर्क कर वायरल संदेशों के बारे में जानकारी मांगी थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है। मिश्रा ने कहा कि उनके नाम से सोशल मीडिया पर ऐसे मैसेज प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि कुछ पेंशनर्स की पेंशन बंद हो जाएगी या केवल 2026 के बाद रिटायर होने वाले कर्मचारियों को ही पेंशन और उसमें संशोधन का लाभ मिलेगा। उन्होंने पेंशनर्स से ऐसी खबरों पर भरोसा नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि ये सभी बातें पूरी तरह निराधार हैं।



### कॉर्पोरेट जॉब छोड़ बनाया ब्रांड, अब 2 करोड़ महीने की कमाई, शेन वॉटसन और अक्षर पटेल भी पार्टनर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है आदित्य पोद्दार की। वह दिल्ली के रहने वाले हैं। कॉर्पोरेट जॉब छोड़कर उन्होंने एक सफल ब्रांड खड़ा



कर दिया है। आदित्य ने एहसास किया कि आम भारतीय रोजमर्रा के खान-पान में पर्याप्त प्रोटीन शामिल नहीं करते हैं। इसका कारण उत्पादों का महंगा या बेस्वाद होना है। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने 2022 में अपना स्टार्टअप शुरू किया। इसका नाम 'फिटफीस्ट' है। यह प्रोटीन शेक, प्रोटीन बार, प्रोटीन चिप्स जैसे प्रोडक्ट्स की पेशकश करता है। आज हर महीने यह ष्ट2ष्ट ब्रांड 2 करोड़ से अधिक का रेवेन्यू हासिल कर रहा है। आइए, यहां आदित्य पोद्दार की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। दिल्ली के रहने वाले आदित्य पोद्दार ने जेआईआईटी नोएडा से कंप्यूटर साइंस में बी.टेक किया है। दो साल तक 'एक्सा' में एनालिटिक्स रोल में काम किया। अपनी खुद की फिटनेस यात्रा के दौरान उन्हें अहसास हुआ कि बाजार में प्रोटीन के विकल्प बेहद महंगे हैं। इनका बेस्वाद होना एक और समस्या है। रिसर्च से पता चला कि चार में से तीन भारतीय प्रोटीन-डेफिशिएंट हैं। लेकिन, मौजूदा ब्रांड्स सिर्फ एक छोटे वर्ग पर ही फोकस कर रहे हैं। इस समस्या को हल करने के लिए आदित्य ने अपनी बचत और दोस्तों-परिवार के सहयोग से पैसा जुटाकर 2022 में अपने स्टार्टअप की नींव रखी।

ब्रांड शुरू करने से पहले आदित्य ने लगभग 6 से 12 महीने फूड टेक्नोलॉजिस्ट्स के साथ मिलकर रिसर्च में लगाए। उन्होंने 50 से अधिक फॉर्मूलेशन पर काम किया ताकि स्वाद और पोषण का सही संतुलन बनाया जा सके। शुरुआती दिनों में थर्ड-पार्टी मैन्युफैक्चरर्स और कुशल टीम को जोड़ना बड़ी चुनौती थी। लेकिन, धीरे-धीरे सब पटरी पर आ गया। कंपनी ने प्रोटीन शेक, प्रोटीन बार, प्रोटीन चिप्स, कुकीज और पीनट बटर जैसे फॉर्मेट पेश किए।

#### शेन वॉटसन और अक्षर पटेल भी जुड़े

स्टार्टअप ने क्रिकेट जगत के बड़े नामों जैसे शेन वॉटसन और अक्षर पटेल को ब्रांड एंबेसडर बनाया। इतना ही नहीं, उन्हें कंपनी में इक्विटी शेयरहोल्डर और को-क्रिएटर के तौर पर भी जोड़ा। शेन वॉटसन के साथ मिलकर एक खास प्रोटीन कुकी भी लॉन्च की गई। सुरक्षा और पारदर्शिता के मामले में ब्रांड अपने हर बैच का एक्रेडिटेड लैब्स में परीक्षण करवाता है। रिपोर्ट्स वेबसाइट पर सार्वजनिक करता है। एफएसएसएआई लाइसेंस, जीएमपी और एफडीए मानकों का पालन करते हुए किफायती दामों में सस्ता प्रोटीन उपलब्ध कराना ब्रांड का मुख्य उद्देश्य रहा है। शार्क टैंक इंडिया सीजन 4 में आने के बाद ब्रांड के प्रति भरोसा और तेजी से बढ़ा।

## हम चाहते हैं 1,580 सुजुकी जैसी कंपनियां', पीयूष गोयल ने पेश की भारत की दमदार छवि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जापानी कंपनियों से अपील की है। उनसे भारत में अपना इन्वेस्टमेंट बढ़ाने के साथ इंडस्ट्रियल पार्टनरशिप पर जोर देने को कहा है। पीयूष गोयल ने अपनी बात को रखते हुए सुजुकी की सफलता का उदाहरण भी दिया। ऐसा करके उन्होंने बताया कि भारत ग्लोबल कंपनियों को क्या-क्या मौके दे सकता है।

जापान यात्रा के दौरान गोयल ने कहा कि भारत में जापानी कंपनियों के लिए बड़े मौके हैं। उन्होंने और ज्यादा कंपनियों से भारत में आकर ग्लोबल स्तर पर अपने ऑपरेशंस शुरू करने को कहा।

अभी भारत में काम कर रही 1,580 जापानी कंपनियों का जिक्र करते हुए गोयल ने कहा कि देश को सुजुकी जैसी ही कई सफल कंपनियां बनाने का टारगेट रखना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री बोले, 'हम चाहते हैं कि भारत से 1,580 सुजुकी जैसी कंपनियां निकलें।' उन्होंने जापानी कंपनियों और भारतीय उद्योग के लिए मौकों के बड़े दायरे पर जोर दिया।

गोयल ने यह भी बताया कि भारत में सुजुकी का मार्केट कैपिटलाइजेशन उसकी पैरेंट कंपनी से ज्यादा है। यह भारत में उसके कामकाज की मजबूती को दिखाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कुछ सबसे बड़े और सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाले ऑपरेशंस तेजी से भारत से उभर रहे हैं। 24 से 27 अगस्त तक गोयल की जापान यात्रा के दौरान 220 से ज्यादा भारतीय उद्योग प्रतिनिधि उनके साथ हैं। यह प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के



बीच व्यापार और औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने पर फोकस कर रहा है। इस यात्रा का एक मुख्य फोकस 2011 के भारत-जापान व्यापार समझौते की समीक्षा करना और दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे को कम करने की कोशिश करना है। भारत और जापान के बीच व्यापार अभी लगभग 27.47 अरब डॉलर का है। इसमें भारत का घाटा मुख्य रूप से खास मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी उत्पादों के आयात के कारण है।

गोयल ने सुमितोमो कॉर्पोरेशन के सीईओ शिंगो उएनो से मुलाकात की और एनर्जी ट्रांजिशन, मोबिलिटी और औद्योगिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में भारत में कंपनी की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने मेइजी सेइका फार्मा के प्रेसिडेंट और रिप्रेजेंटेटिव डायरेक्टर तोशियाकी नागासातो से भी बातचीत की। उन्होंने फार्मास्यूटिकल्स, मैन्युफैक्चरिंग और रिसर्च एंड डेवलपमेंट में भारत-जापान सहयोग बढ़ाने के मौकों पर चर्चा की। मेइजी सेइका फार्मा ने संकेत दिया है कि वह जापानी इंसेफेलाइटिस वैक्सीन की सप्लाई के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी करने पर विचार कर रही है।

भारत और जापान सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचार कर रहे हैं। जापान ने अगले 10 सालों में भारत में 62 अरब डॉलर का निवेश करने का टारगेट रखा है। इसमें से लगभग 1.2 अरब डॉलर का निवेश पहले ही किया जा चुका है। गोयल ने मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन के प्रतिनिधि निदेशक जुरो बाबा से भी मुलाकात की। उनके साथ मोबिलिटी, एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर चर्चा की। इस यात्रा के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने केइदानरेन और जापान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ बातचीत की। साथ ही फिनटेक एसोसिएशन ऑफ जापान और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा की।

## एक साल बाद होने वाली है जीएसटी काउंसिल की बैठक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी काउंसिल की बैठक करीब एक साल बाद होने जा रही है। यह बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 12 सितंबर को होगी। काउंसिल सचिवालय की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक नयी दिल्ली में होनी है और इससे एक दिन पहले 11 सितंबर को अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बता दें कि जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक तीन-चार सितंबर, 2025 को हुई थी। इसमें केंद्र और राज्यों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों और टैक्स स्लैब में बड़े बदलाव का फैसला किया था।

जीएसटी काउंसिल की 57 वीं बैठक में ऐसे कारोबारियों के लिए जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया सरल करने पर चर्चा होने की संभावना है, जो हर महीने 2.5 लाख रुपये से अधिक का 'टैक्स क्रेडिट' आगे देते हैं। मिंट ने 28 अगस्त को रिपोर्ट दी थी कि जीएसटी काउंसिल की बैठक सितंबर में होने की संभावना है और इसमें मोबाइल फोन पर 18 प्रतिशत जीएसटी कम करने पर विचार किया जा सकता है, साथ ही




बैठक का एजेंडा तैयार किया जा रहा था। जीएसटी काउंसिल पिछले साल तस्ज्ञ दरों को तर्कसंगत बनाने के अमल की भी समीक्षा कर सकती है, खासकर यह देखने के लिए कि क्या कम टैक्स का फायदा ग्राहकों तक पहुंचा है या नहीं। वर्तमान में करीब 1.68 करोड़ कारोबार जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड हैं। प्रबंधन लीडर मनोज मिश्रा ने कहा कि तस्ज्ञ सुधारों का अगला चरण पॉलिसी की निश्चितता में सुधार, कानूनी विवादों को कम करने और टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन को अधिक अनुमानित बनाने पर केंद्रित हो सकता है। मिश्रा ने जिन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला, उनमें तस्ज्ञ से संबंधित कानूनी विवादों को कम करने की आवश्यकता शामिल है, विशेष रूप से व्याख्या से जुड़े मुद्दों पर। इस बीच, अगस्त के ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन का इंतजार है। ये आंकड़े 31 अगस्त या एक सितंबर को जारी होंगे। बता दें कि जुलाई में 15.4 प्रतिशत बढ़कर 2.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया। पिछले वर्ष जुलाई में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 1.83 लाख करोड़ रुपये रहा था। वहीं, जून 2026 में यह लगभग 1.95 लाख करोड़ रुपये था। सेवा कर (सीजीएसटी) से 39,835 करोड़ रुपये, राज्य माल एवं सेवा कर (एसजीएसटी) से 47,881 करोड़ रुपये और एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी) से 1.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन हुआ।

## सरसों के दाम में उछाल, सोयाबीन और बिनौला तेल में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी बाजारों में मजबूती के बीच बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन में सीमित बढ़त देखने को मिली। वहीं सोयाबीन तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। लागत से कम दाम पर बिकवाली के बीच कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा ऊंचे दाम पर कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। सोमवार को छुट्टी की वजह से मलेशिया एक्सचेंज बंद रहेगा।

बाजार सूत्रों ने कहा कि सरसों की उपलब्धता कम है जिसके कारण बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में मामूली सुधार देखने को मिला। यह भी तथ्य है कि ऊंचा दाम होने की वजह से सरसों की लिवाली कमजोर बनी हुई है। जब तिलहन के दाम ऊंचे हैं तो तेल के दाम स्वाभाविक रूप से अधिक ही होंगे। उन्होंने कहा कि सोयाबीन के बड़े संयंत्र किसानों से सस्ते में सोयाबीन की खरीद करने के मकसद से सोयाबीन का दाम घटाते-बढ़ाते रहते हैं।

बीते सप्ताह तेल संयंत्रों द्वारा दाम घटाये जाने के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में मामूली गिरावट रही। लेकिन यह भी तथ्य है कि सोयाबीन की उपलब्धता कम है और इसके तेल-रहित खल (डीओसी) की स्थानीय मांग बनी हुई है। हालांकि, इसके बावजूद आयातक लागत से नीचे दाम पर सोयाबीन एवं पाम-पामोलीन तेल बेच रहे हैं। ऐसी बिकवाली की वजह से विदेशों में मजबूती के बावजूद यहां उतना असर नहीं देखने को मिलता। सूत्रों ने कहा कि सहकारी



संस्था नाफेड के पास मूंगफली का स्टॉक है और मूंगफली की घट-बढ़ नाफेड की बिकवाली करने या नहीं करने पर निर्भर करती है। ऊंचे दाम पर लिवाली कमजोर रहने के बीच बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। आयातकों की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के बीच बीते सप्ताह पाम-पामोलीन तेल के दाम स्थिर बने रहे। आयातक बैंकों में अपना ऋण साखपत्र (एलसी) घुमाते रहने के लिए 24 घंटे बिकवाल बने रहते हैं।

सूत्रों ने कहा कि बिनौला की उपलब्धता कम है। बिनौला का रिफाइंड तेल, मूंगफली तेल से ऊंचा बैठता है। उपलब्धता कम होने के बावजूद मूंगफली तेल के दाम नहीं बढ़ने से बीते सप्ताह बिनौला तेल में गिरावट देखने को मिली। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 50 रुपये की मजबूती के साथ 8,300-8,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सरसों तेल दादरी 100 रुपये के सुधार के साथ 16,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल भी क्रमशः 15-15 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,735-2,835 रुपये और 2,735-2,885 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाना और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 100-100 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 6,675-6,725 रुपये और 6,525-6,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह, दिल्ली में सोयाबीन तेल 50 रुपये की गिरावट के साथ 15,750 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन इंदौर तेल 100 रुपये की गिरावट के साथ 15,550 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल 150 रुपये की गिरावट के साथ 12,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह मूंगफली तिलहन का दाम 7,350-7,925 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 17,000 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 2,680-2,980 रुपये प्रति टिन पर स्थिर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम भी 13,950 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली 15,850 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल 14,600 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

## कपड़ा निर्यातकों ने वाणिज्य मंत्री से सूती धागे के निर्यात को नियंत्रित करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कपड़ा निर्यातकों ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से सूती धागे की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने और उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए इसके निर्यात को नियंत्रित करने की मांग की है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन ए. शक्तिवेल ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में कहा कि कच्चे कपास और सूती धागे की कीमतें आपूर्ति संबंधी दिक्कतों के कारण लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जिनिंग मिलों के पास कपास का सीमित



भंडार और आवक में कमी के कारण कपड़ा मिलें भारतीय कपास निगम (सीसीआई) की नीलामी पर अधिक निर्भर हो रही हैं। शक्तिवेल ने कहा कि कपास की बड़ी मात्रा किसानों से व्यापारियों के पास चली गई है, जिससे बाजार में जमाखोरी और सट्टेबाजी को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा, एईपीसी ने धागे की कीमतों में तेज वृद्धि और भारत के कपड़ा निर्यात उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता पर बढ़ते दबाव को देखते हुए सूती धागे, खासकर 20 काउंट और उससे अधिक के धागे के निर्यात को नियंत्रित करने के लिए उचित उपाय करने का आग्रह किया है।

शक्तिवेल ने कहा कि 2026 की शुरुआत में करीब 250 रुपए प्रति किलोग्राम की कीमत वाला सूती धागा अब करीब 400 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है यानी इसकी कीमत में करीब 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे कपड़ा विनिर्माण की पूरी श्रृंखला पर दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य कच्चे माल और ईंधन की बढ़ती लागत ने भी स्थिति को और गंभीर बना दिया है। पत्र में बांग्लादेश और वियतनाम जैसे कपड़ा उत्पादक देशों को भारत से कपास और सूती धागे के बढ़ते निर्यात का भी उल्लेख किया गया है।



## गनमास्टर जी9 से एक्शन अवतार में लौटे इमरान

**इमरान हाशमी की अगली फिल्म 'गनमास्टर जी 9' का टीजर मेकर्स ने मंगलवार को रिलीज कर दिया। फिल्म के टीजर से इमरान ने एक बार फिर अपने फैंस को चौंकाया है। 1 मिनट 22 सेकंड के इस टीजर में एक्टर इस बार रोमांटिक और एक्शन दोनों ही अंदाज में नजर आए हैं।**

टीजर में इमरान एक बार फिर धमाकेदार एक्शन करते नजर आए हैं। फिल्म में उनके साथ पहली बार जेनेलिया देशमुख अभिनय करती दिखेंगी। इमरान एक बार अपने इश्क के लिए दुनिया से लड़ते नजर आएंगे। इमरान एक बार फिर हिमेश के म्यूजिक पर रोमांस करते दिख रहे हैं। क्या अफसाना गाना हुआ री-क्रिएट? टीजर में एक जगह हिमेश और इमरान के हिट गाने 'अफसाना बना के भूल ना जाना..' का रीक्रिएट वर्जन भी सुनाई देता है। यह गाना 2006 में रिलीज हुई इमरान की फिल्म 'दिल दिया है' का है। इस फिल्म में इमरान के साथ गीता बसरा और अश्मित पटेल नजर आए थे। इसका म्यूजिक भी हिमेश ने ही दिया था।

### फिल्म कब होगी रिलीज

फिल्म 'गनमास्टर जी 9' का निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है। वहीं फिल्म का संगीत हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। फिल्म का निर्माण दीपक मुकुट, संगीता अहीर और हुनर मुकुट ने किया है। यह 29 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### वापस लौटेगी हिमेश और इमरान की जोड़ी

साल 2000 की शुरुआत में हिमेश रेशमिया के गानों का युवाओं के बीच काफी क्रेज था। वहीं यह गाने जब इमरान हाशमी पर फिल्माए जाते तो फैंस थिरकने पर मजबूर हो जाते थे। उस दौर में दोनों की जोड़ी ने कई सुपरहिट गाने दिए। 'आशिक बनाया आपने' और 'अक्सर' समेत कई गानों ने इस जोड़ी ने हिट बना दिया। अब दोनों एक बार फिर 'गनमास्टर जी9' के साथ वापसी कर रहे हैं।



## फिल्म 'गांधारी' के किरदार के लिए मुझे शारीरिक रूप से काफी मेहनत करनी पड़ी

**तापसी पन्नू की फिल्म 'गांधारी' इन दिनों काफी चर्चा में है। फिल्म में छाया कदम भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। एक बातचीत के दौरान दोनों एक्ट्रेस ने अपने किरदार और उसकी तैयारी पर खुलकर बात की।**

### अपने किरदार के बारे में बोलीं छाया?

फिल्म 'गांधारी' में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए छाया कदम ने बताया कि उन्हें इस किरदार को आत्मसात करने के लिए कितनी कड़ी मेहनत करनी पड़ी। फिल्म 'गांधारी' में छाया ने बंगाली भाषी महिला का किरदार निभाया है। वह बोलीं, 'इस किरदार के लिए मुझे बंगाली सीखने का मौका मिला। मुझे यह अनुभव बेहद पसंद आया। 'इस भाषा के होने से किरदार में एक नया आयाम जुड़ गया। यह सफर मेरे लिए और भी यादगार बन गया।'

अभिनेत्री तापसी पन्नू ने भी फिल्म पर काफी कुछ कहा। एक्ट्रेस ने कहा, 'गांधारी फिल्म देखते समय बानी की हार न मानने की भावना मेरे मन में हमेशा बसी रही, भले ही परिस्थितियां उसके विपरीत थीं। वहीं इस भूमिका के लिए मुझे शारीरिक रूप से काफी मेहनत करनी पड़ी, लेकिन उसकी दृढ़ता, दृढ़ विश्वास और अटूट हौसला ही वह चीज थी जिसने मुझे सचमुच मंत्रमुग्ध कर दिया।'

### क्या है 'गांधारी' की कहानी?

फिल्म 'गांधारी' का निर्देशन देवाशीष मखीजा ने किया है। फिल्म में स्वास्तिका मुखर्जी भी अहम किरदार में होंगी। 'लापता लेडीज' के बाद छाया कदम को भी एक बार फिर दमदार अंदाज में देखा जा रहा है। फिल्म का विषय अलग है पर इसे महाभारत से जोड़ा गया है। कहानी एक मां की है, जो अपने बेटी को बचाने के लिए हर हद तक जाने तैयार है। फिल्म 3 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।




## 'मैक्स, मिन और मियोज्स्की' में मेरा किरदार पिछले किरदारों से काफी ग्लैमरस है

**अभिनेत्री विधात्री बंदी ने फीचर फिल्म 'मैक्स, मिन और मियोज्स्की' में कैरोल सेक्वेराका महत्वपूर्ण किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने हालिया बातचीत में बताया कि ये किरदार उन्हें किस तरह से मिला है।**

उन्होंने बताया कि असल में वे किसी और किरदार के लिए ऑडिशन देने के लिए गई थी। उसी दौरान उन्हें 'कैरोल सेक्वेराका' के किरदार के बारे में पढ़ने का मौका मिला था, जिसके उन्होंने इसे करने के लिए मैनिफेस्ट किया था। उन्होंने कहा, 'असल में, मैं 'मिन' का ऑडिशन देने के लिए गई थी, लेकिन जब मुझे फिल्म का सारांश दिया गया, तो मैंने उसमें कैरोल सेक्वेराका के बारे में पढ़ा था। उसका किरदार इस तरह से लिखा हुआ था कि उसे पढ़कर मुझे उससे तुरंत जुड़ाव महसूस हुआ, जिसके बाद मैंने सोचा कि अगर इस किरदार के लिए मुझे ऑडिशन देने का मौका मिले, तो मैं जरूर दूंगी। लेकिन मैंने ये बात बस अपने तक ही रखी और किसी को नहीं बताई थी। 2 दिन बाद कास्टिंग टीम से फोन आया कि डायरेक्टर्स चाहते हैं कि मैं 'कैरोल' के लिए ऑडिशन दूं। फिर मैंने ऑडिशन दिया और तुरंत मेरा सिलेक्शन हो गया। सेलेक्ट होने के बाद पैडी ने मुझे पूरी कहानी सुनाई। उस दिन शायद पहली बार ऐसा हुआ कि मैं अजनबियों के सामने रो पड़ी थी, क्योंकि फिल्म ने मेरे दिल को छू लिया था। उसी वक्त मुझे पक्का हो गया था कि मुझे ये फिल्म करनी ही है।' अभिनेत्री ने अपने पिछले किरदारों के लुक की तुलना इस किरदार से करते हुए कहा कि 'कैरोल सेक्वेराका' का किरदार उनके पिछले किरदारों से ज्यादा ग्लैमरस है। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'जलसा' में मैंने एक मलयाली पत्रकार का रोल किया था। उसमें मेरा लहजा बहुत भारी था, कोई मेकअप नहीं किया था और बाल भी काफी ज्यादा थे। 'द डिप्लोमैट' में मैंने एक पंजाबी एंबेसी ऑफिसर का किरदार निभाया था, जिसमें मैं फॉर्मल कपड़े पहनती थी, लेकिन इस फिल्म में मैं बिल्कुल मुंबई की लड़की जैसी लग रही हूं। मेरे घुंघराले बाल हैं और मेरा लहजा भी नॉर्मल है।' अभिनेत्री ने आगे अपनी अब तक की जर्नी के बारे में बताया कि उनके करियर की रफ्तार काफी धीमी रही है। उन्होंने कहा, 'शिद्दत में मैंने एक छोटा रोल किया था। फिर जलसा में मेरा रोल अहम था, उसके बाद द डिप्लोमैट में भी लीड रोल किया और अब इस फिल्म में मैं पूरी लीड कर रही हूं। मेरा करियर धीरे-धीरे आगे बढ़ा है, लेकिन ऐसा लगता है जैसे मैं एक सही सीढ़ी चढ़ रही हूं। धीरे-धीरे ही सही, लेकिन लगातार।'

## चुंबक से कॉमेडी में कदम रख रहीं हैं संदीपा धर




मुंबई अभिनेत्री संदीपा धर अपनी आगामी वेब सीरीज़ 'चुंबक' के साथ अभिनय का एक नया पहलू दर्शकों के सामने लाते हुए पहली बार कॉमेडी की दुनिया में कदम रख रही हैं। उनका मानना है कि इस शैली में उनकी शुरुआत बिल्कुल उसी तरह के हास्य के साथ हो रही है, जिसका वह हमेशा हिस्सा बनना चाहती थीं। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए संदीपा ने कहा, 'ये बात बिल्कुल सही है कि मैंने पहले कभी आउट एंड आउट कॉमेडी नहीं की है, खासकर इस तरह की कॉमेडी तो बिल्कुल नहीं। हालांकि मैंने हमेशा से सोचा था कि अगर मुझे कॉमेडी करनी है, तो वह आतिश और जेडी जैसी कॉमेडी हो, और मैं बहुत भाग्यशाली हूँ कि मुझे वही मिला।' गौरतलब है कि संदीपा धर के लिए 'चुंबक' सिर्फ एक नई शैली में काम करने का एक मौक़ा नहीं है, बल्कि यह कॉमेडी को एक अलग और ताज़े अंदाज़ में समझने और प्रस्तुत करने का मौका भी है। वह इस बात को लेकर बेहद खुश हैं कि उन्हें इस शो का हिस्सा बनने का अवसर मिला। इस सिलसिले में वे कहती हैं, 'मैं बहुत खुश हूँ कि उन्होंने मुझे 'चुंबक' का हिस्सा बनाया और निश्चित रूप से नेटफ्लिक्स का भी शुक्रिया, जिसने इस तरह के प्रोजेक्ट को अपना समर्थन दिया। पर्सनली मैं अगर आतिश और जेडी सर की बात करूं तो एक दर्शक के तौर पर मुझे उनके पिछले शोज़ बहुत पसंद आए हैं। स्पेशियलि, एक मिलेनियल होने के नाते मैं खुद भी अब कुछ ऐसा ही देखना चाहती थी। इसलिए मैं सच में बहुत खुश हूँ कि मुझे इसका हिस्सा बनने का मौका मिला।' वैसे ये बात उनके दर्शकों के लिए काफी दिलचस्प है कि 'चुंबक' के साथ कॉमेडी की दुनिया में अपनी नई शुरुआत कर रही संदीपा धर का ये अंदाज़ कितना लुभावना होगा।





## हिमांशी खुराना ने लगाई आसिम पर आरोपों की झड़ी, सोशल मीडिया पर किया पलटवार

हिमांशी खुराना और आसिम रियाज के बीच जुबानी जंग चल रही है। यह विवाद बीते कुछ दिनों में ही काफी बढ़ गया है। आसिम की पोस्ट के बाद अब हिमांशी ने सोशल मीडिया के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें जवाब दिया है।

### हिमांशी ने पोस्ट में क्या लिखा?

हिमांशी खुराना ने सोशल मीडिया के जरिए आसिम का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधा है। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने कभी धर्मांतरण का मुद्दा नहीं उठाया। इसके साथ ही आसिम द्वारा अपने स्वास्थ को लेकर रही की गई बातों पर भी प्रतिक्रिया दी। हिमांशी ने लिखा - मैंने किसी पर जबरन धर्मांतरण का आरोप नहीं लगाया। मैंने हमेशा सार्वजनिक रूप से अपनी निजी जीवन को साझा करते समय सम्मान और सावधानी बरती है। हर चीज चाहे वह बिग बॉस का अनुभव हो, मेरी आध्यात्मिक यात्रा हो, या मेरी सेहत से जुड़े मामले हों, मैंने सम्मान बनाए रखा। मैंने अपने जीवन के इन पहलुओं को ईमानदारी से साझा किया है। कभी भी किसी का अपमान करने के लिए उपयोग नहीं किया। मैंने अपना पक्ष हमेशा मजबूती के साथ रखा है।

### हेल्थ पर की गई टिप्पणी पर बोलीं

आसिम रियाज ने हिमांशी की हेल्थ से जुड़ी भी कई बातें कहीं थीं। इन पर हिमांशी ने कहा, 'जहां तक मेरे स्वास्थ्य का मज़ाक उड़ाया जाता है और मेरे संघर्षों पर सवाल किए जाते हैं, तो मुझे लगता है कि अब एक सीमा तय करने का समय आ गया है। मुझे भी सब कुछ बता देना चाहिए।'

### सारे सबूत मेरे पास भी हैं

आगे हिमांशी ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'अगर हम सबूतों की बात करने जा रहे हैं, तो चलिए सब पर बात करते हैं। मेरे पास मेरे साथ हुई हिंसा से संबंधित तथ्य और सबूत हैं। उम्मीद है आपको 27.11.23 की वह सुबह याद होगी, मैं उसे भी साझा करने के लिए तैयार हूं। अगर आप मेरी छवि खराब करना चाहते हैं, तो अब मैं वह व्यक्ति नहीं हूं जो आपकी तथाकथित छवि बचाने के लिए चुपचाप सब कुछ छुपाती रहूंगी, या बार-बार अपमानित और अनादर किए जाने पर भी चुप रहूंगी।'

### लोगों ने आपकी गंदगी को छुपाया

हिमांशी खुराना ने अप्रत्यक्ष रूप से आसिम रियाज पर निशाना साधा। उन्होंने आगे लिखा, 'अलग-अलग प्रोडक्शन हाउस और चैनल के लोगों ने आपकी गंदगी को छुपाया, लेकिन मैं अब उनके जैसी नहीं हूं। मैंने अपनी गरिमा बनाए रखी है और सम्मान दिखाया है, और बदले में मैं भी यही उम्मीद करती हूं। अगर उस सम्मान का प्रतिफल नहीं मिलेगा, तो मेरे पास अब चुप रहने का कोई कारण नहीं है। अगर आप 'सबूत' का खेल खेलना चाहते हैं, तो चलिए इसे ईमानदारी से खेलते हैं। तथ्यों, जवाबदेही और पूरी सच्चाई के साथ।' इससे पहले आसिम रियाज ने सोशल मीडिया पोस्ट कर हिमांशी को सभी आरोपों को खारिज किया था। उन्होंने कहा था कि उन्होंने कभी हिमांशी को धर्म बदलने के लिए मजबूर नहीं किया। इसके साथ ही उन्होंने हिमांशी की स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों की वजह भी बताई थी।



# विद्यालय प्रबंध समिति के चुनाव में विवाद

## कुल मतों से अधिक हुआ मतदान, ग्रामीणों ने किया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** सदर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रणडांगा में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन को लेकर आयोजित चुनाव प्रक्रिया विवादों में घिर गई। वोटिंग के बाद मतों की गिनती के दौरान मतपत्रों की संख्या रजिस्टर में दर्ज मतदाताओं की संख्या से अधिक पाए जाने पर उम्मीदवारों और ग्रामीणों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया।



जानकारी के अनुसार, विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के लिए वोटिंग कराई गई। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में कैलाश प्रसाद भगत मौजूद थे। मतदान समाप्त होने के बाद मतों की गिनती शुरू हुई। गिनती में कुल 337 मतपत्र प्राप्त हुए, जबकि मतदाता रजिस्टर में कुल 331 सीरियल दर्ज थे। मतों की संख्या में अंतर सामने आने के बाद उम्मीदवारों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

मतगणना के अनुसार हबीबुर शेख को 117, सफीकुल शेख को 113, अजीबुल शेख को 9 और साबरुल शेख को 98 मत मिले। इस तरह कुल मतों की संख्या 337 रही, जो रजिस्टर में दर्ज संख्या से मेल नहीं खाती है।

मामले को लेकर ग्रामीणों और अभिभावकों ने विद्यालय की चारदीवारी के बाहर विरोध जताया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को दोबारा कराने के लिए नई तिथि निर्धारित करने की मांग की। वहीं, विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने पूरे मामले की जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को लिखित आवेदन के माध्यम से दी है।

प्रधानाध्यापक ने आवेदन में मतों की संख्या और रजिस्टर में दर्ज सीरियल के बीच अंतर का उल्लेख करते हुए कहा है कि इसी कारण उम्मीदवारों के बीच विवाद उत्पन्न हुआ। उन्होंने मामले की जांच-पड़ताल के बाद उचित निर्णय लेने की बात कही है। अब ग्रामीणों और अभिभावकों की नजर शिक्षा विभाग के निर्णय पर टिकी है।

## शव बरामद, हत्या का आरोप

**बिहारशरीफ।** एकंगरसराय थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के समीप पुलिस ने संदिग्ध स्थिति में एक युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के धनगांवा गढ़पर गांव निवासी 45 वर्षीय शैलेन्द्र बिंद के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गयी। वहीं, मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।परिजनों का कहना है कि हत्या करने के बाद शव पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाने का प्रयास किया गया है। शव के शरीर पर कई जगह जले के निशान भी मिले हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अनिल कुमार पुलिस बल के साथ विशुनपुर गांव पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।बताया जाता है कि शैलेन्द्र बिंद अपनी बहन के घर विशुनपुर गांव आया था। वह एकंगरसराय में मजदूरी करता था। शनिवार की देर शाम को उसका शव गांव के समीप संदिग्ध स्थिति में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।

# आज से आठ ट्रेनें रहेंगी रद्द

## 10 का शॉर्ट टर्मिनेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने 31 अगस्त से 09 सितंबर तक आद्रा रेल मंडल में रोलिंग ब्लॉक कार्यक्रम के कारण 08 ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद करने की घोषणा कर दी है। इसके अलावे रेलवे ने 10 ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले ही शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्टओरिजिनेशन कर चलाएगी।

रेलवे के इस फैसले का असर झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के हजारों यात्रियों पर पड़ेगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों अनुरोध किया है कि अपनी यात्रा से पहले ट्रेनों की स्थिति की जानकारी वेबसाइट ऐप या 139 हेल्पलाइन से अवश्य प्राप्त कर लें। 31 अगस्त, 02 और 06 सितंबर को ट्रेन नंबर 68046/68045 आद्रा - आसनसोल-आद्रा मेमू का परिचालन रद रहेगी ।

31 अगस्त, 03, 04 और 06सितंबर को ट्रेन नंबर 63594/63593 आसनसोल - पुरूलिसा - आसनसोल मेमू को परिचालन रद रहेगी। 01, 04 और 06 सितंबर को ट्रेन नंबर 68090/68089 आद्रा - मेदिनीपुर - आद्रा मेमू का परिचालन रद रहेगी ।

06 सितंबर को ट्रेन नंबर 68077/68078 आद्रा-भागा-आद्रा मेमू का परिचालन रद रहेगी । ये ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्टओरिजिनेशन कर चलेगी

चक्रधरपुर - गोमो- चक्रधरपुर एक्सप्रेस ( 18116/18115 ) : 01, 04 और 06 सितंबर को यह ट्रेन महुदा तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में महुदा से गोमो के बीच रद रहेगी। टाटानगर-आसनसोल मेमू ( 68056 ) : 04 और 06 सितंबर को यह ट्रेन आद्रा स्टेशन तक चलेगी। इस ट्रेन का परिचालन आद्रा और आसनसोल स्टेशनों के बीच रद रहेगी।

आसनसोल-बाराभूम मेमू (68060) : 04 और 06 सितंबर को यह ट्रेन आद्रा तक चलेगी। इस ट्रेन का परिचालन आसनसोल और आद्रा स्टेशनों के बीच रद रहेगी।



आसनसोल - पुरूलिया - आसनसोल मेमू (63594/63593 ) : 01, 02 और 05 सितंबर को यह ट्रेन आद्रा तक चलेगी। इस ट्रेन का परिचालन दोनों दिशाओं में आद्रा और पुरूलिया स्टेशनों के बीच रद रहेगी।

खड़गपुर - हटिया मेमू- खड़गपुर एक्सप्रेस (18035/18036 ) : 01 , 02 और 05 सितंबर को यह ट्रेन आद्रा स्टेशन तक चलेगी । इस ट्रेन का परिचालन दोनों दिशाओं में आद्रा और हटिया स्टेशनों के बीच रद रहेगी। टाटानगर-आसनसोल - टाटानगर मेमू ( 68056 /68055 ) : 31 अगस्त, 03 और 05 सितंबर को यह ट्रेन आद्रा स्टेशन तक चलेगी। इस ट्रेन का परिचालन आद्रा और टाटानगर स्टेशनों के बीच रद रहेगी।

# मुसलमानों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले दो कांग्रेसी निलंबित

## जाम में फंसने पर दिया था बयान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी के दो सीनियर नेताओं को मुसलमानों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पार्टी से निलंबित कर दिया है। पार्टी की प्रदेश अनुशासन समिति की अनुशंसा पर दोनों को निलंबित किया गया है।

लगभग दो महीने पहले दोनों नेताओं ने ओरमांझी में सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे मुसलमानों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। प्रदर्शन के कारण सड़क जाम होने से वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

इसी क्रम में हजारीबाग जा रहे दोनों नेता जाम में फंस गए। इसी से आक्रोशित होकर दोनों नेताओं ने मुसलमानों के खिलाफ बयान देना शुरू कर दिया।

दोनों संभवतः इस बात को भूल गए थे कि फेसबुक लाइव आन है और यह बात कुछ ही देर में वायरल हो गई। इसके बाद पार्टी के कुछ नेताओं ने इनके खिलाफ शिकायत भी की जिस पर यह कार्रवाई की गई है।

इस दौरान नेताओं ने यह भी कहा था कि मुसलमान को योगी आदित्यनाथ ही टाइट करके रखते हैं। यह बयान वायरल होने के बाद दोनों नेताओं को शोकाज किया गया था।

अभिलाष साहू इसके पिछड़ा वर्ग कांग्रेस का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं जबकि अमरेंद्र प्रताप सिंह कांग्रेस के सीनियर नेता रह चुके पीएन सिंह के पुत्र हैं।

## तीन दिवसीय समारोह का राष्ट्रीय खेल दिवस समापन

# स्पेशल संडे-साइकिल एडिशन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के अवसर पर जिले में आयोजित तीन दिवसीय खेल समारोह का रविवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन फॉर स्टे एक्टिव थीम के तहत स्पेशल संडे-साइकिल एडिशन का आयोजन किया गया। डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं के अलावा जिले के विभिन्न खिलाड़ियों और युवाओं ने साइकिलिंग में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।




साइकिलिंग प्रतियोगिता के बालक अंडर-14 वर्ग में विवेक दास ने प्रथम, रौशन कुमार भगत ने द्वितीय और सुदीप दास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका अंडर-14 वर्ग में सुधा कुमारी पासवान प्रथम, रेयाक्षा प्रवीण द्वितीय और कल्याणी सरकार तृतीय रहीं।

वहीं सीनियर पुरुष वर्ग में समीर अंसारी ने प्रथम, नजमी शेख ने द्वितीय और बिकास साहा ने तृतीय स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेंदु गांगुली, जिला साइकिलिंग संघ के सचिव रणवीर सिंह, प्रशिक्षक अक्षय बाउरी और संजय भगत सहित खेलकर्मी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता और पदक तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ शरीर, सकारात्मक सोच, अनुशासन और आत्मविश्वास के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बच्चों और युवाओं से नियमित रूप से खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों से जुड़ने की अपील की।

तीन दिवसीय समारोह का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ना, फिटनेस के प्रति जागरूक करना तथा एक घंटा खेल के मैदान में के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के समापन पर खिलाड़ियों ने खेलेगा भारत, जीतेगा भारत के संकल्प के साथ स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

# ब्राउन शुगर के साथ दो धराये

## दो मोटरसाइकिलें और मोबाइल जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला थाना क्षेत्र में पुलिस ने ड्रग पैडलर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

आरोपियों के पास से 13.12 ग्राम ब्राउन शुगर, एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और दो विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ग्रामीण एसपी शुभम खंडेवाल ने रविवार को मामले की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 29 अगस्त को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मुसाबनी के दो युवक मादक पदार्थ लेकर घाटशिला थाना क्षेत्र की ओर बिक्री के उद्देश्य से आ रहे हैं।

सूचना की पुष्टि के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) घाटशिला, विकास कुमार लागुरी के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अमाईनगर पुलिया के पास नाकेबंदी कर छापेमारी की।

जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में पहुंचे दो युवकों को रोककर तलाशी ली, जिसके बाद उनके पास से 13.12 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुसाबनी निवासी जय महानंद और आकर्षित कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में घाटशिला थाना में एफआईआर दर्ज की गई है।

इस अभियान में एसडीपीओ विकास कुमार लागुरी, घाटशिला थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ के मुख्य स्रोत और इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है।

# राधा-कृष्ण के झूलनोत्सव में झूमे श्रद्धालु

## झूला प्रकृति की गतिशीलता का प्रतीक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** सावन-भादो की हरियाली और बारिश के बीच झारखंड के संताल परगना, खासकर दुमका और बासुकीनाथ में झूलनोत्सव आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस उत्सव का संबंध राधा-कृष्ण के झूला-विहार से जुड़ा है।मंदिरों और पूजा स्थलों को फूलों व रंग-बिरंगी सजावट से सजाया जाता है। भगवान की प्रतिमाओं को आकर्षक झूले पर विराजमान कर श्रद्धालु झुलाते हैं। इस दौरान भजन-कीर्तन और झूलन गीतों से माहौल भक्तिमय हो उठता है। सावन माह के शुक्ल तृतीया तिथि से लेकर पूर्णिमा तक लगातार पांच दिन झूलन उत्सव मनाने की परंपरा पौराणिक है। जानकारों के मुताबिक झूलन श्रीकृष्ण की दोल-लीला को केंद्र में रख कर मनाया जाने वाला लोकानंद का पर्व ही नहीं बल्कि वैष्णव तत्व ज्ञान और दर्शन की एक गूढ़ अभिव्यक्ति भी है।



शास्त्रीय विधान के मुताबिक झूलन श्रीकृष्ण की हिंदोला-लीला अथवा झूलन-लीला का भक्ति भावपूर्ण रूप है। शास्त्रीय अवधारणा के अनुसार श्रीकृष्ण और उनकी आह्लादिनी शक्ति श्रीराधा वर्षा ऋतु में प्रकृति के सौंदर्य के बीच भक्तों के प्रेम रूपी बंधन से बंध कर हिंदोले अर्थात झूले पर विराजमान होते हैं।

यह झूलन-लीला जीवात्मा और परमात्मा के एकाकार का प्रतीक है। वैष्णव वेदांत अथवा अचिन्त्य भेदाभेद सिद्धांत के अनुसार श्रीकृष्ण परम ब्रह्म अथवा परमात्मा हैं और राधारानी उनकी स्वरूप शक्ति की सर्वोच्च अभिव्यक्ति आह्लादिनी शक्ति हैं। प्रेम स्वरूपिणी राधिका और आनंदमय कृष्ण मूलतः अभिन्न हैं किंतु लीला-रस का आस्वादन करने के लिए इन्होंने द्विरूप धारण किया है। झूलन प्रकृति की गतिशीलता का प्रतीक है। झूले का लयात्मक आवर्तन प्रेम की तरंगों का प्रतीक माना जाता है। भक्त के हृदय की गहरी अनुरागमयी भावना रूपी प्रेम-डोर के आकर्षण से राधा-कृष्ण झूले पर विराजमान होते हैं। जब परमात्मा अपनी आह्लादिनी शक्ति के साथ एक आसन पर बैठकर हिंदोले में झूलते हैं तब सृष्टि का संपूर्ण जड़ एवं चेतन जगत उनकी कृपा से धन्य हो जाता है।

# मन की बात सुन कार्यकर्ताओं ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम मन की बात के 137वें संस्करण का रविवार को बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सुनील कुमार के बिहारशरीफ स्थित कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संदेशों पर कार्यकताओं ने चर्चा की और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।मन की बात में प्रधानमंत्री ने मुंबई के युवा इंजीनियर कृष्णा शेषाद्रि द्वारा तैयार की गई भारत राज्य वेबसाइट का उल्लेख किया। इस वेबसाइट के माध्यम से लोग अलग-अलग वर्षों का चयन कर यह जान सकते हैं कि उस समय भारत के विभिन्न हिस्सों पर किसका शासन था। इंटरैक्टिव ऐतिहासिक एटलस में 700 ईस्वी से वर्तमान समय तक के इतिहास को दशार्या गया है।प्रधानमंत्री ने नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान को गति देने की अपील करते हुए कहा कि नशे का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं और कंटेंट क्रिएटर्स से नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। मौके पर जिला मंत्री अमरेश कुमार, महेंद्र प्रसाद, शिवम राज, संदीप कुमार, मोनू कुमार, रामजतन आर्य, बिट्टू कुमार सिंह, रविरंजन पाण्डेय, सुरेंद्र कुमार शर्मा, राजदीप कुमार व शशिकांत कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फार्मर आइडी से मिलेंगे उर्वरक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** उर्वरक बिक्री व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए 'खेत बचाओ, गुणवत्तायुक्त बीज एवं खाद सुलभ कराओ' विषय पर सोमवार को कृषि भवन सभागार, पटना में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने एफएफएएस के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था विकसित की गई है।

# पासपोर्ट सेवा केंद्र और केकेएम कॉलेज में स्नातकोत्तर सुविधा की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** जिले में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने और केकेएम. कॉलेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू कराने की मांग को लेकर कांग्रेस जिला महासचिव अर्धेंदु गांगुली एवं झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर मांग पत्र रखा। नेताओं ने कहा कि दोनों मांगों के पूरा होने से जिले के युवाओं, छात्रों और आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया कि पाकुड़ जिला मुख्यालय में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोला जाए। नेताओं के अनुसार, जिले से बड़ी संख्या में युवा उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए विदेश जाते हैं। इसके अलावा हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को भी पासपोर्ट संबंधी प्रक्रियाओं के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। पाकुड़ में सेवा केंद्र खुलने से लोगों को समय और आर्थिक खर्च दोनों की बचत होगी।



वहीं, केकेएम कॉलेज में पीजी पाठ्यक्रम शुरू कराने की भी मांग की गई। नेताओं ने कहा कि कॉलेज में स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई की सुविधा नहीं होने के कारण विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दुमका या अन्य शहरों में जाना पड़ता है। इससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है।

उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग से कॉलेज में विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने, आवश्यक शिक्षकों के पद सृजित करने तथा प्रयोगशाला, पुस्तकालय समेत अन्य आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग की। नेताओं ने उम्मीद जताई कि सरकार दोनों मांगों पर सकारात्मक पहल करेगी।

# आज धनबाद पहुंचेंगे पीएमओ के सलाहकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** देश की ऊर्जा राजधानी धनबाद और वर्षों से गंभीर समस्याओं से जूझ रहे झरिया को लेकर अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) स्तर पर भी विशेष गंभीरता दिखाई दे रही है। पीएमओ के सलाहकार तरुण कपूर 31 अगस्त को धनबाद पहुंच रहे हैं। धनबाद में कदम रखने से पहले मां कल्याणेश्वरी मंदिर में माथा टेकेंगें। उनके दो दिवसीय दौरे को लेकर पूरा महकमा जुट गया है। बीसीसीएल सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल पूरी टीम के साथ उनके कार्यक्रम को लेकर तैयारी व समीक्षा करने में जुटे है। कोल इंडिया चेयरमैन बी साईराम सहित अन्य अधिकारी भी इस दौरान धनबाद में पीएम के सलाकार के दौरे के क्रम में शामिल रहेंगे।

उनके प्रस्तावित कार्यक्रम में बीसीसीएल की महत्वपूर्ण परियोजनाओं, झरिया अग्नि प्रभावित क्षेत्र, हाई रिस्क परिवारों के पुनर्वास और बेलगड़िया-कमार्टांड़ पुनर्वास स्थलों का निरीक्षण शामिल है।

पीएमओ के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि के इस दौरे को धनबाद के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासकर ऐसे समय में, जब कोयला चोरी, अवैध खनन, भूमिगत आग, जमीन धंसान और झरिया पुनर्वास जैसे मुद्दे लगातार चुनौती बने हुए हैं।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार तरुण कपूर 31 अगस्त को दोपहर धनबाद पहुंचेंगे। इसके बाद बीसीसीएल गेस्ट हाउस में बैठक और विश्राम के पश्चात वह मूनिडीह क्षेत्र में कोल बेड मीथेन परियोजना का निरीक्षण करेंगे। साथ ही बीसीसीएल की महत्वपूर्ण इकोनॉमिक लान्गवाल परियोजना की भी जानकारी लेंगे।

इसके बाद उनका दौरा कुसुंडा क्षेत्र के ए-फायर प्रोजेक्ट का होगा। यहां वे अग्नि प्रभावित और उच्च जोखिम वाले इलाकों तथा वहां रहने वाले परिवारों की स्थिति का जायजा लेंगे।

# बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की ओर से नवादा गांव में बूथवार कार्यकताओं की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। पूर्व विधायक सह संथाल परगना प्रभारी अकिल अख्तर के निर्देश और पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रफीक अहमद के नेतृत्व में हुई बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत और सक्रिय बनाने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने, घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाने और स्थानीय समस्याओं को समझने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि संगठन को केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि लगातार जनता के बीच सक्रिय रहकर मजबूत किया जाए। सदस्यता अभियान को गति देने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की रणनीति पर भी विचार किया गया।

कार्यकर्ताओं से विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क और पेयजल सहित स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता से संवाद करने की अपील की गई। साथ ही वर्तमान जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में रही कमियों को तथ्यों के आधार पर जनता के समक्ष रखने पर जोर दिया गया।

रफीक अहमद, जिला महासचिव मिथलेश कुमार ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष मोखलेसुर रहमान, अहमदुल्लाह, प्रिंस मौलवी और मो. महाफिजुर रहमान ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है। उन्होंने हर बूथ पर मजबूत और जिम्मेदार टीम तैयार करने की बात कही।

बैठक में नवादा सहित आसपास के क्षेत्रों में बूथवार बैठक, सदस्यता अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रम तेज करने का निर्णय लिया गया। मौके पर मोसाराफ हुसैन, सद्दाम हुसैन, अयातुल्ला शेख, रफीकुल शेख, शकील अहमद, कौसार शेख, ईकबाल शेख, फैसल, मोकदूर शेख सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घाटी में ट्रक और एसयूवी की ठोकर में दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा।** रांची-पटना मुख्य मार्ग स्थित कोडरमा घाटी के नौवां माइल के समीप तेज रफ्तार ट्रेलर और एसयूवी के बीच हुई टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद अनियंत्रित ट्रेलर सीधे सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा, जबकि हादसे में एसयूवी के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के मुताबिक, कोडरमा थाना क्षेत्र के जानपुर गांव से कुछ लोग एसयूवी में सवार होकर बिहार के नवादा जिला स्थित कौवाकोल एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

वाहन जैसे ही कोडरमा घाटी के नौवां माइल के पास पहुंचा, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान ट्रेलर चालक का संतुलन बिगड़ गया और उसने एसयूवी को जोरदार टक्कर मार दी।

पीछे से टक्कर लगते ही एसयूवी अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई, जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, एसयूवी को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित ट्रेलर भी सड़क किनारे खाई में पलट गया।

घटना में एसयूवी सवार मनोज साव (40) और लक्ष्मी देवी (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रेलर चालक और खलासी मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे।

घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा पुलिस की पीसीआर वैन तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों की देखरेख में दोनों का उपचार जारी है। इधर, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से घाटी से बाहर निकालने और आवागमन सुचारू कराने की कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है।

## विशेष ग्राम सभा

# सामाजिक रूप से न्यायसंगत व सुरक्षित गांव बनाने पर मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रविवार, 30 अगस्त को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों को वर्ष 2030 तक प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित ग्राम सभा की इस बार की थीम थीम-7 सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सुरक्षित गांव रही।

विशेष ग्राम सभा में पंचायतों के समग्र एवं समावेशी विकास को लेकर ग्रामीणों के साथ व्यापक चर्चा की गई। सामाजिक न्याय, सुरक्षा, समान अवसर तथा समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर आवश्यक कार्ययोजना और प्राथमिकताएं तय करने पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति, लाभुकों को मिल रहे लाभ तथा लंबित कार्यों की जानकारी ग्रामीणों के समक्ष साझा की गई।ग्राम सभा में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से जुड़े विषयों को भी प्रमुखता दी गई। स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, खुले में शौच मुक्त परिवेश बनाए रखने तथा स्वच्छता में ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। ग्रामीणों से पंचायत को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहयोग की अपील की गई।इसके अलावा ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं, जरूरतों एवं मांगों से संबंधित आवेदनों को चिन्हित कर पंचायत विकास दिवस पोर्टल पर दर्ज करने की प्रक्रिया की गई। इन समस्याओं को संबंधित विभागों को अनुभव के रूप में भेजा जाएगा, ताकि नियमानुसार कार्रवाई हो सके। ग्राम सभा का उद्देश्य ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाकर स्थानीय समस्याओं का समाधान और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, सात लाख के गहने ले उड़े

**लातेहार, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र के चंदनडीह मोहल्ले में बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब छह से सात लाख रुपये के गहनों समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। गृहस्वामी मनोज कुमार वर्मा 28 अगस्त से घर से बाहर थे। 30 अगस्त को लौटने पर चोरी की घटना का खुलासा हुआ। घर के बाहर ग्रिल का ताला लगा था, लेकिन अंदर का दरवाजा खुला मिला। अंदर जाने पर सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी टूटी हुई थी। पीड़ित के अनुसार आलमारी में रखे बक्से से करीब छह-सात लाख रुपये मूल्य के गहने गायब थे। उन्होंने सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। थाना प्रभारी अशोक कुमार पासवान ने बताया कि चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, सात लाख के गहने ले उड़े। सदर थाना क्षेत्र के चंदनडीह मोहल्ले में बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब छह से सात लाख रुपये के गहनों समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। गृहस्वामी मनोज कुमार वर्मा 28 अगस्त से घर से बाहर थे। 30 अगस्त को लौटने पर चोरी की घटना का खुलासा हुआ। घर के बाहर ग्रिल का ताला लगा था, लेकिन अंदर का दरवाजा खुला मिला। अंदर जाने पर सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी टूटी हुई थी। पीड़ित के अनुसार आलमारी में रखे बक्से से करीब छह-सात लाख रुपये मूल्य के गहने गायब थे। उन्होंने सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। थाना प्रभारी अशोक कुमार पासवान ने बताया कि चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### रांची में स्वाइन फ्लू की दस्तक, पलामू में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट–अस्पतालों में बेड रिजर्व

**मेदिनीनगर, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रांची में स्वाइन फ्लू के मरीज मिलने के बाद पलामू जिले में स्वास्थ्य विभाग ने एहतियाती कदम तेज कर दिए हैं। किसी भी संभावित संक्रमण से निपटने के लिए जिले के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। सिविल सर्जन अनिल श्रीवास्तव ने सभी अस्पतालों के अधीक्षक, उपाधीक्षक और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्वाइन फ्लू के संभावित मरीजों के इलाज के लिए अस्पतालों में आइसोलेशन बेड सुरक्षित रखने को कहा गया है। एमएमसीएच पलामू में 10 बेड, जबकि हुसैनाबाद और छतरपुर अनुमंडलीय अस्पतालों में पांच-पांच बेड आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी पांच-पांच बेड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल प्रबंधन को दवाओं, आवश्यक संसाधनों और उपचार व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा संदिग्ध मरीज मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। हालांकि पलामू में फिलहाल स्वाइन फ्लू के मामलों की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन रांची में संक्रमण सामने आने के बाद विभाग किसी भी स्थिति को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता।सिविल सर्जन ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को सतर्क रहने और संभावित मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी पूरी रखने का निर्देश दिया है।

### नो प्लास्टिक का संदेश लेकर सड़क पर उतरा इनर व्हील क्लब सनशाइन

**गिरिडीह, नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन की ओर से रविवार को बड़ा चौक, राम मंदिर और चेतन चाय दुकान के समीप स्वच्छता एवं नो प्लास्टिक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थल पर सूखे कचरे के उचित निस्तारण के लिए ढक्कनयुक्त कूड़ादान लगाया गया और लोगों के बीच 50 कपड़े के थैले वितरित किए गए। क्लब की अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला सहित सदस्यों ने दुकानदारों, चाय विक्रेताओं, फल-सब्जी विक्रेताओं और आम लोगों से प्लास्टिक थैलों का उपयोग नहीं करने की अपील की। साथ ही दुकानों पर स्वच्छता, नो प्लास्टिक और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े जागरूकता स्टिकर लगाए गए।आईआईडब्लू वाईस प्रेसिडेंट सरिता लुनानी के गिरिडीह आगमन एवं ह्रप्रेरणा ए सेमिनार ऑफ लीडरशिप ह्व के अवसर पर लगाए गए होर्डिंग के माध्यम से भी ह्वविसिबिलिटी विथ वैल्यूज ह्व के तहत स्वच्छ एवं हरित शहर का संदेश दिया गया। अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों और जन जागरूकता से प्लास्टिक का उपयोग कम कर शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाया जा सकता है। मौके पर सचिव संगीता सिन्हा, पीपी सुमन गौरी शरिया, कोषाध्यक्ष रश्मि गुप्ता, पूनम के. दिया, सुमन गुप्ता, सुनीता बरनवाल समेत क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलेगा भारत जीतेगा भारत कार्यक्रम आयोजित




**रामगढ, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत खेलेगा भारत, जीतेगा भारत थीम पर विभिन्न खेल एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत बच्चों और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर भी जागरूक किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल गतिविधियों के बाद शनिवार को एक घंटा खेल के मैदान में अभियान के तहत नींबू-चम्मच दौड़ एवं रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कॉपी, पेन एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं संडे ऑन साइकिल एवं भारत को ब्रिक्स की अध्यक्षता मिलने के उपलक्ष्य में रन एंड राइड कार्यक्रम के तहत साइकिल रेस का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को मेडल, पेन, केक एवं चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया।

इसी के साथ खेलेगा भारत, जीतेगा भारत अभियान का समापन हुआ। इसके अलावा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत राजकीय अनुग्रह नारायण सिंह प्लस टू उच्च विद्यालय, रैलीगढ़ा में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान भारतीय न्याय संहिता, यातायात नियम, बाल विवाह, दहेज प्रथा, मानव तस्करी, डायन प्रथा, मॉब लिंचिंग, मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं साइबर अपराध के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराध होने पर डायल 1930, पुलिस सहायता के लिए डायल 112 तथा मोबाइल गुम होने की स्थिति में सीईआईआर पोर्टल के उपयोग के बारे में भी लोगों को जागरूक किया।

### महिला के टूटे हाथ पर स्वास्थ्य केंद्र ने बांधा गत्ता

**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले से स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलने वाली एक शर्मनाक तस्वीर सामने आई है ' राज्य सरकार भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के बड़े-बड़े दावे करे, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। मोतिहारी के संग्रामपुर अस्पताल और सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने लापरवाही की सारी हदें पार कर दी हैं ' यहां एक पीड़ित महिला के टूटे हुए हाथ पर प्लास्टर की जगह गत्ता (कार्टन) बांधकर इलाज कर दिया गया ' यह मामला संग्रामपुर के पासवान टोला का है। बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद को लेकर रमेश पासवान और उनकी पत्नी कुंती देवी के साथ उनके पाटीदारों ने जमकर मारपीट की इस हिंसक झड़प में रमेश पासवान की मौत हो गई ' वहीं, उनकी पत्नी कुंती देवी का हाथ टूट गया और सिर में भी गंभीर चोटें आईं। वहीं मरीज की हालत बिगड़ने पर किया रेफर किया गया। घटना के बाद लहूलुहान कुंती देवी को इलाज के लिए संग्रामपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां मौजूद डॉक्टरों ने कोई बेहतर इलाज करने के बजाय महिला के टूटे हाथ पर गत्ता लगा दिया 'महिला की हालत चिंताजनक होने पर उसे तुरंत मोतिहारी सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# एमएमडीआर संशोधन विधेयक के खिलाफ झामुमो का आंदोलन तेज

**7 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय पर धरना**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** एमएमडीआर संशोधन विधेयक के खिलाफ झामुमो सदर प्रखंड पूर्वी भाग की बैठक रविवार को उत्सव उपवन में हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई।

झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य सह झारखंड युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कोलेश्वर सोरेन ने कहा कि एमएमडीआर संशोधन विधेयक से झारखंड को आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर पर लोगों को विधेयक की जानकारी देकर जागरूक करने की अपील की, ताकि 7 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को सफल बनाया जा सके। जिला सह सचिव दिलीप रजक ने हर बूथ पर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

प्रखंड अध्यक्ष प्रधान मुर्मू ने पंचायत अध्यक्षों और सचिवों को बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंकित सहाय बने मीडिया प्रभारी बैठक के दौरान अंकित कुमार सहाय को झामुमो सदर प्रखंड समिति, पूर्वी भाग का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

प्रखंड समिति की ओर से उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया। पार्टी कार्यकताओं ने पट्टा और प्रमाण पत्र देकर उनका स्वागत किया।नवनियुक्त मीडिया प्रभारी अंकित कुमार सहाय ने कहा कि वे पार्टी की ओर से मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। संगठन की गतिविधियों और पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से काम करेंगे। मौके पर कोलेश्वर सोरेन, दिलीप रजक, प्रधान मुर्मू, सरफुद्दीन अंसारी, प्रकाश यादव, गयासुद्दीन बुल्लू, आजाद आलम, विकास तिवारी, राजू तुरी, योगेंद्र सिंह, मो. वारिस, श्यामलाल टुडू, बबलू अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बंगाल से झारखंड और ओडिशा तक कृष्ण भक्ति की अलख

**नवद्वीप से शुरु हुई भक्ति की धारा, जगन्नाथ पुरी में बनी साधना की प्रमुख भूमि**

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईश्वर भक्ति और मानवीय मूल्यों पर आधारित मां काली स्वराष्ट्र रक्षा दल द्वारा भगतसिंह चौक पर आयोजित कार्यक्रम में भक्तशिरोमणि चैतन्य महाप्रभु और भगवान कृष्ण की भक्ति पर धार्मिक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित जनों ने ईश्वर की प्राप्ति भक्ति से प्राप्त करने के बारे में चैतन्य महाप्रभु को ध्यान रखते हुए अपने विचार रखे। मां काली स्वराष्ट्र रक्षा दल के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष ने अपने संबोधन में कहा कि चैतन्य महाप्रभु का जन्म 18 फरवरी 1486 को बंगाल के नवद्वीप (वर्तमान नदिया, पश्चिम बंगाल) में जगन्नाथ मिश्र और शची देवी के घर हुआ। उनका बाल नाम विश्वंभर मिश्र था और प्रेम से उन्हें ह्वनिमाईह्ण तथा ह्वगौरांगह्ण कहा गया। वे प्रारंभ में संस्कृत, व्याकरण और न्याय के प्रकांड विद्वान बने। गया की यात्रा के दौरान उनकी भेंट संत ईश्वरपुरी से हुई, जिसके बाद उनके जीवन में कृष्ण भक्ति का निर्णायक परिवर्तन आया। मुरहू के धर्मप्रेमी सत्संगी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि चैतन्य महाप्रभु का अवतरण समाज को भक्ति की नई और सरल मार्ग दिखाने हेतु हुआ। चैतन्य महाप्रभु नवद्वीप से हरिनाम संकीर्तन को भक्ति का प्रमुख माध्यम बनाया। वे स्वयं भक्तों के साथ गाते, नृत्य करते और ह्वहरे कृष्णह्ण नाम-संकीर्तन के माध्यम से जन-जन में कृष्ण प्रेम का संदेश पहुंचाते थे। उनका संदेश था कि जाति, वर्ग और सामाजिक भेद से ऊपर उठकर भगवान के नाम और प्रेम-भक्ति का आश्रय लिया जाए। अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन कुमार घोष ने कहा कि झारखंड की धरती से भी जुड़ा उनका भक्ति-प्रचार विशेष रूप से उल्लेखनीय माना जाता है। बंगाल से आगे यात्रा करते हुए उन्होंने वनांचल और विभिन्न जनसमुदायों के बीच कृष्ण नाम और भक्ति का संदेश फैलाया। चैतन्य परंपरा में झारखंड के वन क्षेत्र को उनके संकीर्तन-मार्ग से जोड़कर देखा जाता है। उनकी यात्राओं का व्यापक उद्देश्य कृष्ण-प्रेम और नाम-संकीर्तन को जनसाधारण तक पहुंचाना था। पत्रकार अनुप कुमार राय ने कहा कि चैतन्य महाप्रभु की यात्रा बंगाल, झारखंड के बाद ओडिशा पहुंची, जहां जगन्नाथ पुरी उनके जीवन और साधना की प्रमुख भूमि बनी। पुरी में उन्होंने भगवान जगन्नाथ की आराधना करते हुए कृष्ण भक्ति और संकीर्तन को व्यापक रूप दिया। ओडिशा के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी भक्ति परंपरा का प्रभाव पड़ा और आज भी पुरी चैतन्य महाप्रभु की स्मृतियों से गहराई से जुड़ा है। युवा धर्मनिष्ठ ध्रुवेन्द्र भास्कर ने संबोधन में कहा कि चैतन्य महाप्रभु ने भारत के अनेक हिस्सों की यात्राएं की और भक्ति, प्रेम, करुणा तथा हरिनाम संकीर्तन को जीवन का आधार बनाया। उनके अनुयायियों ने आगे चलकर उनके विचारों को गौड़ीय वैष्णव परंपरा के रूप में व्यापक रूप दिया। जितेन्द्र पांडे, तुलसी प्रजापति सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी कृष्ण भक्ति में चैतन्य महाप्रभु की अनूठी मिसाल दी।

# निजी कंपनी के विरोध में रैयत संघर्ष समिति की बैठक



**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डाड़ी अंचल के रबोध पंचायत अंतर्गत चिरवां गांव स्थित चिरवां विद्यालय परिसर में रैयत संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के रैयतों ने निजी कंपनी के विरोध में एकजुट होकर आंदोलन को और तेज करने का निर्णय लिया।

बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष धानेश्वर महतो ने की, जबकि संचालन उपाध्यक्ष मोहनलाल महतो ने किया। बैठक में रैयतों ने निजी कंपनी की गतिविधियों पर विरोध जताते हुए जोरदार धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन चलाने की रणनीति पर चर्चा की। समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि निजी कंपनी के विरोध में संगठित और

**● आंदोलन तेज करने का निर्णय**

मजबूती के साथ आंदोलन चलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रैयतों की एकजुटता और संघर्ष के बल पर ही कंपनी के खिलाफ प्रभावी आंदोलन किया जा सकता है। बैठक में बसंत शर्मा, कपिलदेव महतो, उदयनाथ महतो, बाबुराम मांझी, देवनारायण प्रसाद, शिदेश्वर महतो, चुरामन महतो, राजू मांझी, बलराम भुईयां, सुदर्शन महतो, सुदय कुमार महतो, मिथलेश कुमार महतो एवं शिवनाथ महतो सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर साहेब महतो, शिवकुमार बेसरा, रमेश कुमार महतो, जयलाल महतो, सुखदेव महतो, चेतलाल महतो एवं जयपाल महतो सहित सैकड़ों रैयत मौजूद थे।

## विधायक ममता देवी के निर्देश पर दुलमी की 10 पंचायतों में ब्लीचिंग पाउडर का वितरण



**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरसात के मौसम को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रामगढ़ विधायक ममता देवी के निर्देश पर कांग्रेस प्रवक्ता सुधीर मंगलेश ने दुलमी प्रखंड की 10 पंचायतों में एक-एक बोरा ब्लीचिंग पाउडर उपलब्ध कराए गए। ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग पंचायतों के कुओं में पानी की स्वच्छता बनाए रखने तथा बरसात के दौरान दूषित पानी से होने वाली जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए किया जाएगा। सुधीर मंगलेश ने कहा कि बरसात के मौसम में कुओं एवं अन्य जलस्त्रोतों की साफ-सफाई औंर स्वच्छता बेहद जरूरी है। ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधायक ममता देवी के निर्देश पर क्षेत्र की जनता की समस्याओं और स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए। लगातार जनहित के कार्य किए जा रहे। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिल सके और जलजनित बीमारियों से बचाव हो। मौक पर महेंद्र ओहदार बबलू कुमार विनोद कुमार राजशेखर कुमार प्रेम मुंडा विक्रम सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# राधा गोविन्द हॉस्पिटल में विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार आयोजित



**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के द्वारा संचालित राधा गोविन्द हॉस्पिटल एनएच-33, टायर मोड़ के निकट मुर्रामकलां में विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार परीक्षा का आयोजन राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में किया गया।

साक्षात्कार में चिकित्सा पदाधिकारी, प्रौद्योगिकी, पैथोलॉजी, प्रशासन, ब्लड बैंक, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी एवं सहायक सेवाओं से संबंधित पदों के लिए अभ्यर्थी शामिल हुए। साक्षात्कार प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के लिए कुल 9 चयन बोर्ड, पंजीयन डेस्क एवं हेल्प डेस्क का गठन किया गया।

प्रत्येक बोर्ड में संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ एवं अनुभवी सदस्यों की टीम शामिल रही। चयन बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, कार्यक्षमता एवं संबंधित क्षेत्र की जानकारी का मूल्यांकन करते हुए साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार परीक्षा की अध्यक्षता राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने की। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं योग्यता के आधार पर संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि योग्य एवं कुशल कर्मियों की नियुक्ति से राधा गोविन्द हॉस्पिटल में मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। वहीं सचिव प्रियंका कुमारी ने ने साक्षात्कार प्रक्रिया को सफल बनाने में विश्वविद्यालय प्रबंधन, चयन बोर्ड के सदस्यों एवं संबंधित पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने अपने संबोधन में कहा कि योग्य एवं समर्पित प्रतिभाओं को अवसर देना हमारी प्राथमिकता है। चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ की जा रही है। सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से साक्षात्कार में शामिल अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। पूरी चयन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

आयोजन को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, राधा गोविन्द इंटर कॉलेज प्राचार्या सोमा पाण्डेय,मीडिया प्रभारी डॉ संजय सिंह , तकनीकी सहायक डॉ अनिल कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं कर्मचारीगण की सहभागिता रही।

### करंट की चपेट में आए युवक की मौत

**मेदिनीनगर, नवबिहार टाइम्स सं.।** तरहसी के ग्राम मिसीर पतरा निवासी आशीष कुमार की रविवार को करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। घटना ने स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि तरहसी अस्पताल में समय पर पर्याप्त ऑक्सीजन और एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी।

# झामुमो ने संगठन को दी नई धार

**अंकित कुमार सहाय बने सदर प्रखंड मीडिया प्रभारी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अंकित कुमार सहाय को सदर प्रखंड समिति, पूर्वी भाग का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। इस संबंध में प्रखंड समिति की ओर से नियुक्ति पत्र जारी किया गया। नियुक्ति के बाद पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अंकित कुमार सहाय का झामुमो का पट्टा एवं प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया। इस दौरान पार्टी की नीतियों और संगठनात्मक गतिविधियों को मीडिया के माध्यम से प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। मौके पर झामुमो केंद्रीय कमिटी सदस्य कोलेश्वर सोरेन, जिला सह सचिव दिलीप रजक, प्रखंड अध्यक्ष प्रधान मुर्मू, प्रखंड सचिव सरफुद्दीन अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, गयास-ुद्दीन बुल्लू, आजाद आलम, विकास तिवारी, राजू तुरी, योगेंद्र सिंह, मो. वारिस, श्यामलाल टुडू, बबलू अंसारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवनियुक्त मीडिया प्रभारी अंकित कुमार सहाय ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा पार्टी की विचारधारा एवं गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने की बात कही।

नियुक्ति से झामुमो सदर प्रखंड में संगठनात्मक गतिविधियों और मीडिया समन्वय को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई है

# 6 सितंबर को घर-घर संपर्क महाअभियान चलाएगा हिंदू परिषद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की मासिक बैठक रविवार को झंडा मैदान के समीप स्थित विवाह भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री पंकज पांडेय ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के प्रांत महामंत्री दिलीप वैद्य एवं प्रांत मंत्री रविशंकर पांडेय उपस्थित रहे। बैठक में पिछले माह की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। प्रांत महामंत्री दिलीप वैद्य ने बताया कि देशभर में 25 लाख घर संपर्क महाअभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में 6 सितंबर को गिरिडीह में संगठन के कार्यकर्ता पूरे दिन घर घर संपर्क अभियान चलाएंगे। बैठक के दौरान इंडिया हेल्थलाइन की ओर से कार्यकताओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। संगठन की ओर से इस तरह की स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से कार्यकताओं एवं हनुमान चालीसा केंद्रों से जुड़े लोगों के लिए आयोजित की जाती है। मौके पर धनबाद विभाग अध्यक्ष रितेश पांडेय, विभाग मंत्री उदय सिंह, जिला अध्यक्ष सुजीत सिंह, जिला कार्याध्यक्ष विजयमल पांडेय, जिला मंत्री कुंदन केशरी, महिला परिषद अध्यक्ष पूनम सिन्हा, जिला महामंत्री शिवानी शर्मा सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### यूजीसी - नेट में प्रबंधन विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों की शानदार सफलता

**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स सं.।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने यूजीसी-नेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विभाग का गौरव बढ़ाया है। विभाग के सत्र 2025 - 26 से वरुण गिरि एवं मुस्कान कुमारी ने असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता वहीं अंकित मिश्रा, रोहित कुमार एवं प्रकाश श्रीवास्तव ने पीएचडी प्रवेश के लिए यूजीसी-नेट में सफलता प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त विभाग के शोधार्थी रितेश कुमार एवं उत्सव जनप्रिया ने भी असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता के लिए यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता हासिल की है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि महात्मा गांधी केंद्रीय विवि की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं गुणवत्तापूर्ण शोध की दिशा में विद्यार्थियों की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

उन्होंने सफल अभ्यर्थियों के उज्ज्वल

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश भी नहीं रोक सकी खेल का जुनून, 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' के नारों से गूंजा रामरुद्र स्कूल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के आह्वान पर राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन जिला रामरुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, बोकारो में फिटनेस और मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रविवार की छुट्टी और खराब मौसम के बावजूद बच्चों व शिक्षकों का उत्साह देखते ही बना। कार्यक्रम में ह्यखेलेगा भारत, जीतेगा भारतह्ल थीम के तहत कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर और पास द बॉल सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यालयों में सभी प्रतियोगिताएं हाउसवार कराई गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, स्वस्थ जीवनशैली और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। वहीं खेलों ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। आयोजकों का मानना है कि इस तरह की गतिविधियों से पढ़ाई और खेल के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा तथा बच्चों को खेल के माध्यम से सीखने और अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

### विजेता लड़कियों के बीच पाठ्य सामग्री एवं फुटबॉल का वितरण



**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के खैराचातर पंचायत स्थित उत्तक्रमित मध्य विद्यालय, उदयमारा में खैराचातर पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल द्वारा छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री तथा फुटबॉल का वितरण किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि लड़कियों का नेतृत्व विकास के लिए खेल काफी जरूरी है। उन्होंने बताया कि कल सहयोगिनी द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रखंड स्तरीय खेल कार्यक्रम के दौरान खैराचातर पंचायत की इन लड़किया विजेता बनकर आई है। इसके उपलक्ष्य में आज सभी छात्रों का स्वागत किया गया तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए फुटबॉल तथा पाठन सामग्री दी जा रही है । कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक संदीप कुमार राय ने कहा कि लड़कियों के समग्र विकास के लिए सरकार के द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित है । इस दौरान सहयोगिनी की एनिमेटर पुष्पा देवी तथा सामाजिक कार्यकर्ता निर्मला देवी आदि उपस्थित थी।

### तंबाकू नियंत्रण को लेकर फुसरो में छापेमारी, 12 दुकानदारों पर कार्रवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी अनुपालन को लेकर बोकारो पुलिस की ओर से फुसरो थाना क्षेत्र में छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान COTPA-2003 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान में कुल 12 चालान किए गए और 2,750 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। Enforcement Officer धर्मेंद्र सिंह सरदार ने दुकानदारों को तंबाकू एवं पान उत्पादों से संबंधित प्रचार-प्रसार वाले पोस्टर या विज्ञापन दुकानों पर नहीं लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रचार-प्रसार भी नहीं किया जाए। साथ ही बिना वैधानिक चेतावनी चित्र वाले तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं करने तथा खुली सिगरेट की बिक्री से बचने की हिदायत दी गई। अधिकारियों के अनुसार खुली सिगरेट की बिक्री COTPA की धारा 6(C) के प्रावधानों का उल्लंघन है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पवन कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों एवं तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री के खिलाफ अभियान और छापेमारी लगातार जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# बीएसएल में 'रे : एलाइन विथ वन' रणनीतिक बिजनेस वर्कशॉप का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र ने बदलते वैश्विक औद्योगिक एवं व्यावसायिक परिदृश्य के अनुरूप अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं को और सुदृढ़ करने तथा भविष्य की चुनौतियों के लिए संयंत्र को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। 'रे : एलाइन विथ वन स्ट्रेटेजिक बिजनेस वर्कशॉप फॉर फ्यूचर-रेडी पर्सपेक्टिव ऑफ बोकारो स्टील प्लांट' नामक इस विशेष कार्यशाला का आयोजन 29 अगस्त 2026 को बोकारो निवास में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वैश्विक एवं राष्ट्रीय स्तर पर इस्पात उद्योग में उभरते रुझानों एवं महत्वपूर्ण बदलावों का समग्र आकलन करना, उनके संभावित प्रभावों को समझना तथा बोकारो इस्पात संयंत्र की दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता, सतत विकास, परिचालन उत्कृष्टता एवं व्यावसायिक सफलता के लिए रणनीतिक प्राथमिकताओं की पहचान करना था। कार्यशाला में बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अधिशासी



निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला के दौरान बदलते वैश्विक एवं राष्ट्रीय बाजार परिदृश्य, तकनीकी नवाचार, बढ़ती प्रतिस्पर्धा तथा सतत विकास से जुड़ी अपेक्षाओं के परिप्रेक्ष्य में बोकारो इस्पात संयंत्र की भावी रणनीतिक दिशा पर व्यापक एवं सार्थक विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उभरती चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने, उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने तथा संयंत्र की परिचालन एवं व्यावसायिक क्षमता को और सुदृढ़ करने के उपायों पर भी गहन मंथन किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी ने एक विशेष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वैश्विक इस्पात उद्योग के वर्तमान परिदृश्य, उभरती संभावनाओं एवं चुनौतियों तथा तकनीकी एवं बाजार संबंधी बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय इस्पात उद्योग की संभावनाओं, राष्ट्रीय इस्पात नीति की प्रमुख दिशाओं एवं रणनीतिक प्राथमिकताओं तथा बदलते कारोबारी परिवेश में बोकारो इस्पात संयंत्र के लिए उपलब्ध अवसरों पर विचार साझा किए। उन्होंने बदलते औद्योगिक एवं कारोबारी परिदृश्य के अनुरूप संयंत्र की क्षमताओं को और सुदृढ़ करने, परिचालन एवं व्यावसायिक दक्षता में निरंतर सुधार लाने तथा दीर्घकालिक और सतत विकास को गति देने के लिए आवश्यक रणनीतिक पहलों पर भी अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। उन्होंने 'One BSL' की भावना को केंद्र में रखते हुए सभी स्तरों पर बेहतर समन्वय, परस्पर सहयोग और सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने तथा भविष्य की चुनौतियों को अवसरों में बदलने की दिशा में एकजुट प्रयास करने पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला के दौरान 'बिजनेस इंटरैक्शन एवं नेतृत्व संवाद' का भी आयोजन किया गया, जिसमें संयंत्र के समक्ष उभरती व्यावसायिक एवं परिचालन चुनौतियों, उत्पादकता एवं दक्षता में निरंतर सुधार, प्रतिस्पर्धात्मकता को और सुदृढ़ करने तथा विकास के नए अवसरों की पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इस संवाद के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने सामूहिक प्रयास, साझा उत्तरदायित्व, प्रभावी समन्वय एवं एकजुट नेतृत्व के माध्यम से संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा बदलती परिस्थितियों के अनुरूप त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि बदलते औद्योगिक परिदृश्य और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बोकारो इस्पात संयंत्र को और अधिक कुशल, तकनीकी रूप से सक्षम, प्रतिस्पर्धी, नवाचार-उन्मुख एवं सतत विकास के प्रति प्रतिबद्ध संगठन के रूप में सुदृढ़ किया जाए। परिचालन उत्कृष्टता, संसाधनों के अधिकतम एवं विवेकपूर्ण उपयोग, तकनीकी उन्नयन, लागत-दक्षता तथा नए व्यावसायिक अवसरों की पहचान के माध्यम से संयंत्र के प्रदर्शन एवं दीर्घकालिक विकास को और गति देने के लिए सामूहिक एवं निरंतर प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। 'रे:एलाइन विथ वन' कार्यशाला ने संगठन की सामूहिक क्षमताओं को एक साझा लक्ष्य के साथ जोड़ने और भविष्य की चुनौतियों के लिए समयबद्ध एवं प्रभावी रणनीतियाँ विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है।

## पेटरवार में एक दिवसीय वैदिक गणित कार्यशाला का सफल आयोजन

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल के पेटरवार स्थित पूज्य तपस्वी श्री जग जीवन जी महाराज ज्योति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में एक दिवसीय वैदिक गणित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुई। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशि भूषण गुरुजी, उपाध्यक्ष रविकांत सिंगला, कोषाध्यक्ष नागेश्वर कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि रथलाल महतो और प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला से पहले पेटरवार के प्रसिद्ध जादूगर जे.पी. सम्राट ने बच्चों के बीच अपनी कला का प्रदर्शन कर उनका मनोरंजन किया। इसके बाद वैदिक गणित का प्रशिक्षण शुरू हुआ। कार्यशाला का



उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारतीय गणितीय पद्धति वैदिक गणित के सरल एवं उपयोगी सूत्रों से परिचित कराना था। प्रशिक्षकों ने गुणा, भाग, वर्ग सहित विभिन्न गणितीय संक्रियाओं को कम समय में और आसान तरीके से हल करने की तकनीक बताई। विद्या विकास समिति, झारखंड प्रांत के प्रांत प्रमुख एवं सह क्षेत्रीय प्रमुख राजीव रंजन ने वेनुकूलम और निखिलम जैसे सूत्रों को सरल तरीके से समझाया। वहीं +2 उच्च विद्यालय के गणिताचार्य राजेश विश्वकर्मा ने गणित के माध्यम से अन्य विषयों को समझने के तरीकों पर प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त बीईओ कामेश्वर कुमार महतो ने भी प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने विभिन्न सूत्रों का अभ्यास कर अपनी मानसिक गणना क्षमता को विकसित करने का प्रयास किया। विद्यालय परिवार ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं बच्चों में गणित के प्रति रुचि, आत्मविश्वास और तार्किक क्षमता बढ़ाने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

## बेरोजगारी बनी देश के विकास की राह में बड़ी बाधा, सामूहिक प्रयास से ही समाधान संभव : मुमताज अंसारी

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ज्ञान विज्ञान समिति, झारखंड के तत्वावधान में रविवार को पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत सचिवालय सभागार में बेरोजगारी सर्वे के बाद तैयार समेकित प्रतिवेदन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोकारो जिला ज्ञान विज्ञान समिति के अध्यक्ष मुमताज अंसारी ने की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बेरोजगारी की गंभीर स्थिति के साथ 'भविष्य का भारत' कार्यक्रम पर भी विस्तार से चर्चा हुई। समिति के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर ने कहा कि बेरोजगारी देश की बड़ी ज्वलंत समस्या बनकर सामने आई है। बेरोजगारी सर्वे के माध्यम से इसकी गंभीरता का निष्कर्ष सामने आया है। उन्होंने बताया कि 'भविष्य का भारत' कार्यक्रम के तहत संगठन की ओर से 250 नागरिक शिक्षा केंद्रों का गठन किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र में दो स्वयंसेवकों की नियुक्ति कर संचालन किया जाएगा। इन केंद्रों के माध्यम से लोक साक्षरता के साथ लोगों को उनके अधिकार, स्वास्थ्य सुविधाओं, सरकारी विकास योजनाओं और उनसे संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला अध्यक्ष मुमताज अंसारी ने कहा कि बेरोजगारी देश के विकास में बड़ी बाधा है। जब तक बेरोजगारी की समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक देश का विकास अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ सकेगा। उन्होंने समस्या के समाधान के लिए सरकार, सामाजिक संगठनों और आम लोगों के सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। मौके पर जिला सदस्य राजेश कुमार, पार्वती देवी, रुद्रा देवी, बीना देवी एवं सुनीता देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।



## बोकारो विकारिएट फुटबाल टूर्नामेंट का समापन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संत जेवियर्स विद्यालय, बोकारो इस्पात नगर के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय बोकारो विकारिएट फुटबाल टूर्नामेंट 2026 का आज उत्साहपूर्ण और गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। जूनियर वर्ग का प्रथम सेमीफाइनल मैच में मासी मारसाल स्कूल कजरकिलो और संत जेवियर्स हिन्दी मीडियम स्कूल के बीच हुआ, जिसमें मासी मारसाल स्कूल कजरकिलो ने 3-0 से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में संत लुईस स्कूल टांड़ बालीडीह और मासी मारसाल स्कूल पतकी के बीच हुए। मैच में मासी मारसाल पतकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-0 से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। सीनियर वर्ग के पहले सेमीफाइनल मैच में मासी मारसाल स्कूल कजरकिलो और लोयोला स्कूल ललपनिया के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें मासी मारसाल स्कूल कजरकिलो के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से जीत हासिल की और फाइनल के लिए जगह सुनिश्चित की। दूसरे सेमीफाइनल में मासी मारसाल स्कूल पतकी और संत लुईस स्कूल टांड़ बालीडीह के बीच हुए मैच में मासी मारसाल स्कूल पतकी ने 3-1 से संत लुईस स्कूल को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। जूनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में मासी मारसाल स्कूल कजरकिलो के खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मासी मारसाल स्कूल पतकी को 2-0 जीत हासिल कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। सीनियर वर्ग का फाइनल मैच मासी मारसाल स्कूल कजरकिलो और मासी मारसाल स्कूल पतकी के बीच खेला गया जिससे मासी मारसाल स्कूल पतकी के खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर देते हुए मासी मारसाल स्कूल कजरकिलो को 2-1 हरा कर शानदार जीत हासिल की और विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। समारोह के मुख्य अतिथि बोकारो के जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ अतुल कुमार चौबे ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की स्थिति चाहे जैसी भी हो, उन्हें हर परिस्थिति का सामना पूरे उत्साह से करना चाहिए, मैदान में भी हरेक को समान अवसर मिलता है और हरेक को अपनी क्षमता का इस्तेमाल करते हुए हर अवसर का लाभ उठाना है। प्राचार्य महोदय फादर अरुण मिंज एस जे ने कहा कि हार जीत हर खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल को खेल भावना से खेलना सबसे बड़ी बात है। मुख्य अतिथि जी ने सभी विजेताओं एवं उप विजेताओं को ट्रॉफी, पदक, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में श्रीमति दिव्या मिंज के धन्यवाद ज्ञापन के बाद राष्ट्र गान के साथ टूनार्मेंट का औपचारिक समापन हुआ। इस मौके पर उप प्राचार्य दीपक चौधरी, देवाशीष गुप्ता, सिस्टर जेंसी , सिस्टर सुनीता, सिस्टर अनुपमा और सभी खेल प्रभारी उपस्थित रहे।




## बोकारो स्टील सिटी में बढ़ा आवारा कुत्तों का आतंक, सूर्य मंदिर के आसपास लोगों में चिंता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-4 स्थित सूर्य मंदिर और आसपास के आवासीय क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय सड़क, गली-मोहल्लों और मंदिर परिसर के आसपास कुत्तों के झुंड दिखाई दे रहे हैं। इससे राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में पहले की तुलना में आवारा कुत्तों की संख्या काफी बढ़ गई है। कई बार कुत्तों के झुंड अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिससे बाइक और स्कूटी सवारों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है। रात के समय स्थिति और चिंताजनक हो जाती है। अंधेरे में सड़क से गुजरने वाले लोगों के पीछे कुत्तों के दौड़ने की घटनाओं से लोगों में भय बना रहता है। सूर्य मंदिर के आसपास सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग पूजा-अर्चना और टहलने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में कुत्तों के झुंड की मौजूदगी से विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुले में खाद्य सामग्री और कचरा पड़े रहने से भी कुत्तों का जमावड़ा बढ़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है। लोगों ने आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण, नियमित निगरानी तथा साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन व्यवस्था बेहतर करने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र का सर्वे कर समस्या वाले स्थानों को चिन्हित करने की अपील की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते प्रभावी और मानवीय कदम उठाकर लोगों की सुरक्षा के साथ पशुओं के प्रति संवेदनशीलता भी सुनिश्चित की जा सकती है।



## हल्द्वानी में खड़गे की रैली के बाद कथित शुद्धिकरण पर भड़की युवा कांग्रेस

### 31 अगस्त को 24 जिलों में मनुस्मृति का पुतला दहन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद मंच के कथित शुद्धिकरण को लेकर अब झारखंड में भी सियासत गरमा गई है। युवा कांग्रेस ने इस मामले को दलित समाज के अपमान से जोड़ते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला है। युवा कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ सोनू ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अगर भाजपा के लोग कांग्रेस के कार्यक्रम या मंच को अपवित्र बताकर उसका शुद्धिकरण करेंगे, तो अब कांग्रेस भी भाजपा नेताओं के जाने वाले स्थानों का शुद्धिकरण करेगी। वहीं, उन्होंने आगामी आंदोलन और अपने पद को लेकर चल रही चचार्ओं पर भी स्थिति स्पष्ट की है। रविवार को धनबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान युवा कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ सोनू ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद मंच के कथित शुद्धिकरण को दलित समाज और कांग्रेस अध्यक्ष का अपमान बताया। कुमार गौरव ने कहा कि अगर भाजपा के लोग कांग्रेस के कार्यक्रम या मंच पर जाने के बाद उसे अपवित्र बताते हैं और शुद्धिकरण करते हैं, तो अब कांग्रेस भी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने साफ कहा कि भाजपा के नेता जहां-जहां जाएंगे, वहां कांग्रेस शुद्धिकरण का काम करेगी। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी आंदोलन को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 सितंबर को चंदा चोरी और एमएमडीआर मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी रांची में राजभवन का घेराव करेगी। इस आंदोलन को लेकर युवा कांग्रेस की ओर से व्यापक तैयारी की जा रही है। वहीं, राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर 31 अगस्त को झारखंड के 24 जिलों में मनुस्मृति का पुतला दहन किया जाएगा। युवा कांग्रेस ने इसे सामाजिक न्याय और संविधान के मुद्दे से जोड़ते हुए आंदोलन को व्यापक बनाने की बात कही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुमार गौरव ने अपने पद को लेकर चल रही चचार्ओं पर भी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि अब उनके पद को लेकर किसी तरह का संशय नहीं है और राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें दोबारा पार्टी के हित में काम करने का अवसर दिया है। दरअसल, इससे पहले युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कुमार गौरव को उनके पद से होल्ड पर रखा था। अब कुमार गौरव का कहना है कि पार्टी के भीतर स्थिति सामान्य है और वह प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर संगठन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ा रहे हैं।



# झरिया में भू-धसान से दहशत, घरों में आई दरारें

### घंटों बाद भी बीसीसीएल और प्रशासनिक अधिकारियों के नहीं पहुंचने से लोगों में नाराजगी

**झरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के अग्निप्रभावित इलाकों में लगातार हो रही बारिश के बीच भू-धसान की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। छाताबाद और केंदुआडीह के बाद अब झरिया में भी जमीन धंसने की घटना सामने आई है। रविवार को लिलौरी पतरा के बीच बस्ती में अचानक तेज आवाज के साथ जमीन धंस गई। देखते ही देखते जमीन में बड़ा गोफ बन गया और आसपास के कई घरों में दरारें आने की बात सामने आई है। घटना के बाद बस्ती में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने घरों से जरूरी सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने लगे। स्थानीय लोगों में लगातार बारिश के बीच और भू-धसान होने का डर बना हुआ है। तस्वीरें झरिया के लिलौरी पतरा के बीच बस्ती की हैं। जहां रविवार को अचानक जमीन धंसने से हड़कंप मच गया। तेज आवाज के बाद जब लोगों ने बाहर निकलकर देखा, तो घरों के पास जमीन में बड़ा गोफ बन चुका था। जमीन धंसने के कारण आसपास रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बस्ती में सैकड़ों परिवार रहते हैं और यहां पहले से ही जमीन धंसने का खतरा बना हुआ है। बारिश के बीच अचानक हुए भू-धसान ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। कई परिवार अपने घरों से जरूरी सामान निकालकर सुरक्षित जगह ले जाने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि घटना के कई घंटे बीत जाने के बावजूद बीसीसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से असुरक्षित इलाके में रहने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पाया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने बेलगड़िया टाउनशिप में पुनर्वास को लेकर भी कई सवाल उठाए। लोगों के अनुसार कुछ परिवारों को वहां आवास मिला है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग अब भी पुनर्वास से वंचित हैं। इसके अलावा टाउनशिप में बिजली और पानी की समस्या भी बनी हुई है। इन समस्याओं के कारण कई परिवार वहां जाने से हिचक रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन से तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कराने, लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को लेकर ठोस पहल करने की मांग की है।





## वासेपुर में दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के वासेपुर आरा मोड़ क्षेत्र में बीती रात को लगी आग से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में दुकान से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और पूरा इलाका धुएं से भर गया। घटना शनिवार देर रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच की है। वसीम फल वाले' की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। दुकान से लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम अग्निशमन वाहन के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों की तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि आग आसपास की दुकानों तक नहीं फैली। अगर दमकल को पहुंचने में थोड़ी भी देर होती तो कई दुकानें चपेट में आ सकती थीं। बताया जा रहा है कि दुकान में ड्राई फ्रूट, स्नैक्स के अलावा गेठिया-पापड़ी बनाने की सामग्री रखी हुई थी। आग की चपेट में अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। शुरूआती अनुमान के मुताबिक लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। फायर ब्रिगेड के हवलदार शशि भूषण शाहा ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ी घटना टल गई।



स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com